सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-33 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 20 जुलाई 2025
24 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हवन में हड्डी डालना बंद करे कांग्रेस

## गृह मंत्री अमित शाह ने दी नसीहत, बची खुची साख भी खत्म हो जायेगी



**रूद्रपुर।** उत्तराखंड में रुद्रपुर में निवेश उत्सव में भाग लेने आये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी पर नकारात्मक राजनीति का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रहार किया और कहा कि नकारात्मक राजनीति के चलते हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस की बची खुची साख भी खत्म हो जायेगी और कांग्रेसी दूरबीन से भी ढूंढने पर नहीं मिलेंगे।

शाह ने कहा कि प्रदेश के विकास के मौके पर वह राजनीति नहीं करना चाहते हैं, लेकिन आज कांग्रेस ने इसके लिये मजबूर किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह कांग्रेस की ओर से एक ट्वीट किया, अमित भाई उत्तराखंड को क्या मिला... अपने दौरे पर यह भी जनता को बताना। उन्होंने कांग्रेस के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक 10 साल कांग्रेस की सरकार में उत्तराखंड को 53000 करोड़ रुपये की केन्द्रीय मदद मिली जबकि मोदी जी की दस साल की सरकार में 2014 से 2024 के बीच उत्तराखंड को कांग्रेस के मुकाबले सवा चार गुना अधिक पैसा मिला।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से दस वर्षों में उत्तराखंड को 186000 करोड़ की आर्थिक मदद दी गयी। इसके अलावा 31000 करोड़ सड़कों, 41000 करोड़ रेल सेवा और 100 करोड़ एयरपोर्ट के विकास के लिये अतिरिक्त रूप से दिया गया है। जो कि कांग्रेस के मुकाबले कुल सवा चार गुना अधिक है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस को नसीहत दी कि प्रदेश के विकास में वह प्रदेश सरकार का समर्थन करे और हवन में हड्डी डालने का काम न करे। उन्होंने साफ कहा कि यही हाल रहा तो कांग्रेसी दूरबीन से भी ढूंढे नहीं मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में देहरादून में हुई इन्वेस्टर्स समिट में 356 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आये थे। धामी सरकार की ओर से एक लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतार दिया गया है। सरकार बाकी बचे 254 लाख करोड़ के प्रस्ताव को भी धरातल पर उतारने का जल्द प्रयास करेगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड आकर नई ऊर्जा लेकर जाता हूं। यहां की नदियां आधे भारत को पीने और सिंचाई का पानी देती हैं। 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से कहा था कि एमओयू लाने नहीं उसे धरातल में उतरना असल पराक्रम है। मुख्यमंत्री को धन्यवाद है कि एक लाख करोड़ के निवेश को ग्राउंडिग हो रही है। पहाड़ी राज्य में निवेश लाना पहाड़ चढ़ने जैसा कठिन है। मुख्यमंत्री ने विपरीत परिस्थितियों और कल्पनाओं के मिथक को तोड़ते हुए एक लाख हजार करोड़ का निवेश आ चुका है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले मुख्यमंत्री योगी

- प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर की बात



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य में विकास कार्यों के बारे में बात की। मुलाकात के बाद योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हृदयतल से आभार प्रधानमंत्री जी !

इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी मोदी की प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। सूत्रों के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों के बारे में बातचीत की।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई, जिससे दिल्ली और उत्तर प्रदेश दोनों में संभावित राजनीतिक बदलावों की अटकलों को बल मिला। अब, जब सीएम योगी दिल्ली में हैं, तो राजनीतिक गलियारों में राज्य भाजपा नेतृत्व में संभावित बदलावों को लेकर नए सिरे से चर्चायें हो रही हैं। सीएम योगी ने यहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है।

नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है और यह दौरा उसी निर्णय प्रक्रिया से जुड़ा हो सकता है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं का कहना है कि विचाराधीन नामों में केशव प्रसाद मौर्य, रेखा वर्मा, बीएल वर्मा, श्रीकांत शर्मा और डॉ. दिनेश शर्मा शामिल हैं। भाजपा कथित तौर पर ब्राह्मण और ओबीसी कारकों के आधार पर अपनी रणनीति का मूल्यांकन कर रही है, हालांकि किसी आश्चर्यजनक नाम की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। एक अन्य पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, चूंकि मुख्यमंत्री उच्च जाति से हैं, इसलिए संभावना है कि नया पार्टी अध्यक्ष ओबीसी पृष्ठभूमि से होगा। इस पद के लिए एक महिला नेता की नियुक्ति पर भी आंतरिक चर्चा चल रही है।भाजपा सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसे प्रदेश अध्यक्ष का चयन करना चाहता है जो आगामी चुनावों से पहले सरकार और पार्टी तंत्र, दोनों के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय स्थापित कर सके।

# सरकार देशहित से नहीं करेगी समझौता



- अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर बोले पीयूष गोयल

**मुंबई।** अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हमारी वार्ता रणनीति राष्ट्रीय हित पर आधारित है। नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी समय राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं होने देगी। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया आज भारत की ताकत को पहचान रही है, और उन्होंने आगे कहा कि दुनिया यह मान रही है कि प्रतिभा और कौशल भारत में हैं। यही हमें बातचीत में बढ़त देता है। यह कहते हुए भारत उन्नत या विकसित देशों के साथ बातचीत कर रहा है, उन्होंने कहा, हम व्यापारिक सौदे करने या केवल प्रतिस्पर्धियों के बिना व्यापारिक सौदों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। हम पूरक अर्थव्यवस्थाओं पर विचार कर रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और यूरोप के चार देशों के बीच हुआ यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (ईएफटीए) समझौता अब 1 अक्तूबर 2025 से लागू हो जाएगा। पीयूष गोयल मुंबई में विकसित भारत की ओर वैश्विक प्रभाव निर्माण विषय पर एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे पास एक खुशखबरी है, और मैं यह पहली बार इसी मंच से साझा कर रहा हूं। सभी चारों देशों ने अब इस समझौते की पुष्टि कर दी है। उन्होंने अपने दस्तावेज नॉर्वे के पास जमा कर दिए हैं, जो इस समझौते के लिए आधिकारिक संग्रहकर्ता है।

ईएफटीए यानी यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ एक व्यापार संगठन है जिसमें स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। इस संगठन का मकसद व्यापार को आसान बनाना है। भारत और ईएफटीए के बीच हुए इस मुक्त व्यापार समझौते के तहत, दोनों पक्षों के बीच सामान और सेवाओं का व्यापार आसान होगा।

### हम कई वस्तुओं को देश में बना सकते हैं

पीयूष गोयल ने कहा, जो देश अपनी सप्लाई चेन की सुरक्षा नहीं करते, उन्हें भविष्य में संकट झेलना पड़ेगा। भारत के पास बड़ी घरेलू मांग है और हम कई वस्तुओं का आयात बंद कर, उन्हें देश में बना सकते हैं। कोविड और कुछ हालिया निर्यात प्रतिबंध से यह सीख मिली है कि आत्मनिर्भरता जरूरी है।

# ईडी ने मेटा और गूगल के अधिकारियों को किया तलब

**अवैध सट्टा मामला**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जारी जांच के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा और गूगल के प्रतिनिधियों को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को 21 जुलाई को यहां एजेंसी के समक्ष पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपने बयान दर्ज कराने को कहा गया है।

दोनों कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संघीय एजेंसी अवैध सट्टेबाजी और जुए के लिंक साझा करने वाले कई प्लेटफॉर्म की जांच कर रही है, जिसमें विभिन्न इंटरनेट-आधारित सोशल मीडिया संस्थान और ऐप स्टोर्स पर उनके लिए उपलब्ध किये गए विज्ञापनों के उदाहरण शामिल हैं।

माना जा रहा है कि ईडी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की इन दिग्गज कंपनियों को यह पता लगाने के लिए बुलाया है कि ऐसे अवैध प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और संचार लिंक पर विज्ञापन कैसे दे पा रहे हैं। इन मामलों में कुछ अभिनेता, मशहूर हस्तियां और खिलाड़ी भी ईडी की जांच के दायरे में हैं और उन्हें भी जल्द ही तलब किए जाने की उम्मीद है। ईडी ने कहा है कि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म निर्दोष लोगों से उनकी मेहनत की कमाई को ठग रहे हैं और करोड़ों रुपये का धनशोधन करने के साथ कर चोरी भी कर रहे हैं।

# हिंदुओं के कारण भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित : किरेन रिजिजू



- कांग्रेस समर्थित तंत्र पर लगाया आरोप
- प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय अपनी मातृभूमि में सुरक्षित है

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि हिंदू बहुसंख्यक होने के कारण ही सभी अल्पसंख्यक इस देश में पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा का आनंद ले रहे हैं। यह देश अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित है। मुझे ऐसा एक भी मामला नहीं मिला है जहां अल्पसंख्यक समुदाय का कोई सदस्य देश में किसी भी चीज से वंचित होने के कारण भारत से बाहर जाने को तैयार हो।

उन्होंने कहा कि अगर कोई यह कह रहा है कि वह देश में असुरक्षित है तो वह एक राष्ट्र के रूप में भारत के साथ सबसे बड़ा अन्याय कर रहा है। एक साक्षात्कार में रिजिजू ने कहा, कल्पना कीजिए कि अगर मैं पाकिस्तान में होता। कल्पना कीजिए कि अगर विभाजन के दौरान हमें बांग्लादेश का हिस्सा बना दिया जाता, तो आज हम शरणार्थी होते।

आज, प्रत्येक आदिवासी समुदाय, प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय अपनी मातृभूमि में सुरक्षित है क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू समुदाय चरित्र से धर्मनिरपेक्ष और स्वभाव से सहिष्णु है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी समर्थित वामपंथी तंत्र पर लगातार यह अभियान चलाने का आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों को यातना दी जा रही है, उनकी मॉब-लिंचिंग की जा रही है और वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें देश के लिए मददगार नहीं हैं। गौरतलब है कि मुख्तार अब्बास नकवी जब अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री थे तो उन्होंने कहा था कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है। उनके इस बयान के बारे में पूछे जाने पर रिजिजू ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां लोग कानून का पालन करते हैं, हम धर्मनिरपेक्ष हैं, हमारा एक संविधान है, और इसलिए, चाहे बहुसंख्यक हों या अल्पसंख्यक, कानून के सामने सभी समान हैं।

# मेक इन इंडिया नहीं असेंबल इंडिया कहिए : राहुल गांधी

- चीन से आयात लगातार बढ़कर दोगुना हो गया



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि भारत में विनिर्माण उद्योग की जीडीपी केवल 14 फीसदी रह गई है। देश में रिकॉर्ड निचले स्तर पर विनिर्माण पहुंच गया है। इसके चलते बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। चीन से आयात भी लगातार बढ़कर दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा भारत का विनिर्माण उद्योग केवल चीन से आए कलपुर्जों को जोड़ने तक सीमित रह गया है। 80 फीसदी भारतीय टीवी चीन से आयातित सामान के साथ भारत में असेंबल होते हैं। राहुल ने ग्रेटर नोएडा में एक टीवी बनाने वाली फैक्टरी का दौरा किया, यहां हर दिन 20 हजार टीवी बनाए जाते हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा छोटे उद्यमी अगर अपने स्तर पर कुछ करना भी चाहे तो सीमित समर्थन और करों की मार उन्हें बेहाल कर देती है। राहुल गांधी ने सरकार की योजना मेक इन इंडिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि इसका नाम बदलकर असेंबल इंडिया कर देना चाहिए। क्योंकि रोजगार, मेक इन इंडिया जैसी बाते केवल भाषणों तक सीमित रह गई हैं।

# मानसून सत्र : विपक्ष की सरकार को घेरने की तैयारी

- बैठक में 24 सियासी दलों ने भाग लिया



**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले शनिवार को इंडिया ब्लॉक की एक ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि वे किन मुद्दों पर संसद में सरकार को घेरेंगे और एकजुटता का संदेश देंगे। बैठक में 24 सियासी दलों ने भाग लिया, जिनमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट), शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), माकपा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भाकपा (माले), फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल और केरल कांग्रेस शामिल हैं।

यह बैठक सोमवार को शुरू होने जा रहे मानसून सत्र से ठीक पहले हुई है। काफी लंबे अंतराल के बाद विपक्षी दलों की यह बैठक हुई, जिसमें देश की राजनीतिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया से जुड़े 24 दलों के नेताओं की ऑनलाइन बैठक अभी शुरू हुई है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शरद पवार (राकांपा-शरद पवार गुट), उद्धव ठाकरे (शिवसेना-उद्धव गुट), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), तेजस्वी यादव (राजद), राम गोपाल यादव (सपा), तिरुचि शिवा (डीएमके), माकपा के एम. ए. बेबी, भाकपा के डी. राजा और भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य समेत कई नेता मौजूद थे।

इन नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें बिहार में चुनाव आयोग की ओर से की जा रही मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा, पहलगाम हमले पर चर्चा की मांग और ऑपरेशन सिंदूर शामिल थे। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची की विशेष समीक्षा का विरोध कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इसे तुरंत रद्द किया जाए, क्योंकि वहां अगले कुछ हफ्तों में विधानसभा चुना व होने वाले हैं।

# राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर

- हिंदी बोलने वाले लोगों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। इस याचिका में भाषा विवाद को बढ़ावा देने वाले राज के भाषणों के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का महाराष्ट्र पुलिस को निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका के अनुसार, राज ने समय-समय पर हिंदी बोलने वाले लोगों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिए हैं, जिससे जन्म स्थान, निवास और भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को भड़काया जा रहा है, जो न केवल सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक है, बल्कि भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए भी खतरा है।

याचिका में कहा गया है कि केंद्र और महाराष्ट्र की सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि राज और उनके राजनीतिक संगठन द्वारा ऐसी घटनाएं न हों और इन घटनाओं से कठोरता से निपटा जाए।

**दुस्साहस** — भारत और चीन के बीच तनाव का कारण बनेगा बांध

# चीन ने किया दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू

- परियोजना का भारत और बांग्लादेश कर रहे विरोध



**बीजिंग।** भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद चीन ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि इससे हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि इस बांध से तिब्बत में बिजली की जरूरतें पूरी होंगी। परियोजना पर कुल 1.2 ट्रिलियन युआन (167 अरब डॉलर, करीब 14 लाख करोड़ रुपये) का निवेश होने की योजना है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है।

चीन की इस परियोजना का भारत और बांग्लादेश विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद चीन ने इस परियोजना को जोर-शोर से शुरू करने का फैसला किया है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की शुरुआत का एलान खुद चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया है। शनिवार को चाइना याजियांग ग्रुप नाम की एक नई कंपनी का भी आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। शिन्हुआ ने बताया कि यह कंपनी तिब्बत के दक्षिण-पूर्व में स्थित निंगची शहर में स्थित पांच जलप्रपात बांधों वाली इस जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी।

बता दें कि चीन 1.5 बिलियन डॉलर लागत जैम हाइड्रोपावर स्टेशन की शुरुआत 2015 में ही कर चुका है। यह तिब्बत की सबसे बड़ी परियोजना है। ब्रह्मपुत्र पर डैम की यह परियोजना चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना (2021-25) का हिस्सा है। 2020 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना ने जिस प्रमुख नीतिगत दस्तावेज को स्वीकृति दी थी, यह उसी का हिस्सा है। चीन इस परियोजना को देश के आर्थिक-सामाजिक विकास और 2035 तक अमल में लाए जाने वाले दीर्घकालिक उद्देश्यों का अंग बताता है।

तिब्बत में इस नदी को यारलुंग जांगबो नाम से जाना जाता है। परियोजना के लिए इसी पर बांध निर्माण शुरु हुआ है। इसे हिमालय के करीब एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। इसी स्थान से ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश की तरफ मुड़ जाती है। यह बांध चीन और भारत के बीच तनाव का कारण बन सकता है। चीन का दावा है कि निचले इलाकों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। चीन के पर्यावरणविद लंबे समय से ब्रह्मपुत्र घाटी में बांध निर्माण के अपरिवर्तनीय प्रभाव को लेकर चिंतित हैं, जहां नदी 50 किलोमीटर (31 मील) के क्षेत्र में 2,000 मीटर (6,560 फीट) की ऊंचाई तक गिरती है। यह क्षेत्र एक प्रकृति अभयारण्य और देश के प्रमुख जैव विविधता केंद्रों में से एक है।

इस परियोजना से भारत में चिंताएं पैदा हो गई हैं, क्योंकि बांध के आकार और पैमाने के कारण चीन ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित कर सकेगा। जल प्रवाह पर अधिकार मिलने पर पड़ोसी देश के साथ टकराव की स्थिति में चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ लाने के लिए भारी मात्रा में पानी छोड़ने की कुटिल चाल भी चल सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है। वह जरूरत पड़ने पर तिब्बत के बांध में जमा पानी को बिना किसी पूर्व सूचना के छोड़ सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर जारी, दुनिया की कोई ताकत हमें निर्देश नहीं दे सकती : जगदीप धनखड़

- हम शांति और अहिंसा में भरोसा रखने वाले देश हैं



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि ऑपेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवादियों को सबक सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह नहीं बता सकती कि हमें अपने मामलों को कैसे संभालना है।

धनखड़ ने उपराष्ट्रपति निवास में भारतीय रक्षा संपदा सेवा (आईडीईएस) के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हमने उनको (पाकिस्तान और आतंकवादी) सबक सिखाया और अच्छे से सिखाया। हमने बहावलपुर और मुरिदके को चुना और फिर अस्थायी समझौते पर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जारी है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा, कुछ लोग सवाल करते हैं कि इसे क्यों रोका गया? हम शांति और अहिंसा में भरोसा रखने वाला देश हैं। यह (गौतम) बुद्ध, महावीर और (महात्मा) गांधी की धरती है। हम तो जीवों को भी नहीं मारना चाहते हैं, फिर इंसानों को कैसे निशाना बना सकते हैं? हमारा मकसद लोगों में समझ और मानवता की भावना को जगाने का था। हमने कड़ा सबक दिया है। हालांकि, हमारे कुछ लोगों को इसे समझना होगा और इसकी सराहना करनी होगी।

उन्होंने कहा, बाहर की कहानियों से प्रभावित न हों। एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में इस देश में सभी फैसले इसके नेतृत्व की ओर से लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। हम एक देश हैं और अन्य देशों के साथ भी एक समुदाय की तरह रहते हैं।

# समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में जागरूकता आवश्यक है: शंकर लाल लोधी

## अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की जिला इकाई की प्रथम बैठक संपन्न






*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** 19 जुलाई 2025 को जिला पंचायत लखीमपुर में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की जिला इकाई की प्रथम बैठक का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिराम लोधी ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद लोधी ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान मुख्य अतिथि शंकर लाल लोधी ने समाज की एकजुटता, युवाओं की भागीदारी और संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया बैठक में प्रमुख रूप विनोद लोधी, योगेंद्र लोधी, बृजेश लोधी, बुद्धाराम राजपूत,कामता लोधी ,राजू लोधी ,राधेश्याम लोधीबागीश प्रसाद, केदार प्रसाद, इसके अलावा लोधी समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं युवा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया बैठक में वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, युवाओं की भागीदारी और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने की आवश्यकता जताई। सभी ने यह प्रस्ताव रखा कि ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराया जाए ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके यह बैठक लोधी समाज की सामूहिक चेतना और सक्रियता का परिचायक बनी, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता दिखाई दी।

## भारत फर्टिलाइजर्स जांच में स्टॉक कम, दुकान बंद, गोदाम में यूरिया छिपाया मिला

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा पलिया में संचालित भारत फर्टिलाइजर्स पर उर्वरक की रात्रिकालीन अवैध बिक्री की शिकायत सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार रात प्राप्त सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार पलिया और सहायक विकास अधिकारी (कृषि) ने मौके पर पहुंचकर दुकान की जांच की सूचना के अनुसार, विक्रेता द्वारा रात्रि में यूरिया की बिक्री की जा रही थी। जांच के दौरान दुकान बंद पाई गई। जब दुकान खुलवाई गई तो वहां मात्र 04 बोरी यूरिया और गोदाम में 35 बोरी यूरिया मिला जबकि सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के रिकॉर्ड के अनुसार, 18 जुलाई को भारत फर्टिलाइजर्स के पास 113 बोरी यूरिया स्टॉक में थी इस आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि बीती रात भारी मात्रा में अनियमित तरीके से उर्वरक का विक्रय किया गया पाई गई अनियमितता को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने नियमानुसार सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# डीएम ने मितौली क्षेत्र के दो प्रमुख उर्वरक वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** खरीफ सीजन में किसानों को समय पर व पारदर्शी ढंग से उर्वरक उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को तहसील मितौली क्षेत्र के दो प्रमुख उर्वरक वितरण केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी, वहीं वितरण से संबंधित दस्तावेज़, टोकन प्रणाली और अभिलेखों की गहन जांच की। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, एआर कॉपरेटिव रजनीश प्रताप सिंह मौजूद रहे डीएम सबसे पहले बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स), कस्ता पहुंचीं। यहां खाद लेने पहुंचे किसानों से उन्होंने संवाद किया और टोकन वितरण प्रणाली की पड़ताल की। उन्होंने वितरण काउंटर पर मैन्युअल और डिजिटल एंट्री को देखा और कृषकों द्वारा प्रस्तुत किए गए खसरा, खतौनी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। समिति के कार्य से किसान संतुष्ट नजर आए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर किसान को उसकी भूमि के अनुसार ही उर्वरक मिले, और वितरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और दस्तावेजों पर आधारित हो इसके बाद डीएम गिरी फर्टिलाइज़र विक्रय केंद्र, बेहजम पहुंचीं। यहां भी उन्होंने उर्वरक प्राप्त कर रहे किसानों से बातचीत की और विक्रेता द्वारा संधारित स्टॉक रजिस्टर, वितरण रसीद और खरीदारों की प्रविष्टियों का मिलान किया। डीएम ने किसानों से संतुलित मात्रा में ही उर्वरक खरीदने और फसल की ज़रूरत के अनुसार उपयोग करने की सलाह दी, जिससे उत्पादकता बढ़े और मृदा की उर्वरता बनी रहे।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है कि किसान को समय पर, सही मात्रा में और उचित मूल्य पर खाद मिले। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति में निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जा रहे हैं, जहां वितरण से पूर्व गाटा संख्या व रजिस्टर प्रविष्टि का मिलान अनिवार्य होगा।

## शिविर में की न्यायिक अधिकारियों के नेत्रों की जांच



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित निशुःल्क नेत्र जांच शिविर में न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के नेत्रों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सैनी व सिविल बार एसोसिएशन के महासचिव अजय कौशिक ने फीता काटकर किया। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में टाईटन आई प्लस के ऑप्टोमेट्रिस्ट शिव कुमार, शिव सिंह एवं सुश्री मुक्ता सिंह ने शिविर में आये अपर जिला जज अभय कृष्ण, मौहम्मद अहमद खान, विकास गुप्ता, प्रकाश तिवारी, प्रबोध कुमार वर्मा सहित काफी संख्या में न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के नेत्रों की जांच कर उचित परामर्श दिया।

## एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने 144 रनों से जीता मैच

**सहारनपुर।(अवधनामा संवाददाता)** अंडर-14 कच्छल स्पोर्ट्स ट्रॉफी में आज का उद्घाटन मैच एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी व इस्लामियां एल्विन के बीच खेला गया। जिसमें एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने अपने शानदार प्रदर्शन से 144 रनों से मैच जीत लिया।

भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव लतीफुर्रहमान एवं एकेडमी के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस्लामिया एल्विन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 190 रन बनाए। बल्लेबाजी में साहस ने 48, अर्णव धीमान और हरीश ने 37-37 रनों का योगदान दिया। वही गेंदबाजी में इस्लामियां की ओर से अबुजर ने सर्वाधिक 2 विकेट लिये।

## महापौर व नगरायुक्त ने की हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** नगर निगम की ओर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज दोपहर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर कांवड़ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। बाद में पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व ज्योति अग्रवाल ने भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर पार्षद मयंक गर्ग, नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व पार्षद ज्योति अग्रवाल के साथ देहरादून रोड स्थित राकेश केमिकल के निकट एक निजी हेलीपैड पहुंचे। क्षेत्रीय लोगों व अनेक शिविर संचालकों ने महापौर व पार्षदों तथा नगरायुक्त शिपू गिरि का बुके भेंट कर स्वागत किया। उक्त हेलीपैड से एक निजी हेलीकॉप्टर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने उड़ान भर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को जा रहे कांवड़ श्रद्धालुओं पर देहरादून रोड से अम्बाला रोड तक पूरे कांवड़ मार्ग पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान यूएसए के एक वरिष्ठ पत्रकार अक्षित भी उनके साथ रहे।

बाद में पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व ज्योति अग्रवाल ने भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांवड यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्व है। पूरे प्रदेश में वर्ष 2017 से जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सुशासन आया है उनके नेतृत्व में इस महापर्व को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। हम प्रदेश में संस्कृति और राष्ट्रवाद को स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नगर निगम कांवड़ियों की सेवा के लिए रात दिन जुटा है। निगम सीमा क्षेत्र में लगाये गए कांवड़ शिविरों और श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध जलापूर्ति, साफ-सफाई व शौचालयों की व्यवस्था के साथ ही पथ प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए निगम की टीमें अहर्निश कार्य कर रही हैं। कहीं जलभराव न हो इसके लिए निगम की क्यूआरटी टीमें लगातार सक्रिय है।

## 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 348/2025 धारा 74/352/351(2) ब्नह्स व 3(1)(द), 3(1)(ध) व 3(2)(1ड्ड) स्ष्ट/स्ञ्ज ्रष्ट्ज व 7/8 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त कैलाश गोड़िया पुत्र चन्द्रभाल निवासी ग्राम तेतारपुर पश्चिचम थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## पिता पुत्र पर बाघ ने किया हमला दोनों लोग घायल

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले के मोहम्मदी वन रेंज की आंवला बीट क्षेत्र के गांव परसेहरा निवासी 55 वर्षीय राम शंकर व उनके 23 वर्षीय पुत्र पवन कुमार पर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, बाघ के हमले से इलाके में दहशत का माहौल है, जानकारी के मुताबिक राम शंकर अपने पुत्र रोहित, पंकज और पवन और भाई के साथ शनिवार सुबह अपने गांव से चार किलोमीटर दूर कठिना नदी के किनारे मिर्जापुर ग्रंट ग्राम पंचायत के नासिरपुर गांव स्थित अपने खेत पर चारा काटने गए थे। वह लोग चारा काट रहे थे, तभी खेत से निकले बाघ ने पहले पवन पर हमला किया। यह देखकर राम शंकर बेटे को बचाने के लिए दौड़े तो बाघ ने उन पर झपट्टा मार दिया दोनों के चीखने पर आसपास काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए दौड़े। इस पर बाघ उन्हें छोड़कर भाग गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीण की भीड़ जुट गई। घायलों को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। बाघ के हमले से पिता-पुत्र को गंभीर घाव हुए हैं।

## चोरी की घटनाओं का खुलासा, आरोपी माल समेत गिरफ्तार



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी का पंखा, मोटर के पार्टस, व 810 रूपये की नगदी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना गागलहेड़ी प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गत् दिवस वादी राजपाल सिंह पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम गागलहेड़ी थाना गागलहेड़ी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ उसकी दुकान से नोटो की माला चोरी करने और वादी वकील पुत्र जमील निवासी ग्राम पठेड़ थाना गागलहेड़ी की तहरीर पर रात्रि मे वादी की दुकान से अज्ञात चोर द्वारा बिजली की मोटर व वैल्डिंग की मशीन लीड व गैस होल्डर चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राजीव कुमार गौर, रविकांत गिरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान मुकदमों में चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक वांछित चोर रहमान पुत्र वहीद निवासी ग्राम पाली थाना गागलहेड़ी को हिंडन नदी के पुराने पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से एक पंखा, मोटर के पार्टस, 810 रूपये की नगदी बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## मान स्तंभ दिवस पर संविधान की दी जायेगी जानकारी: अब्दुल

### कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे सहारनपुर प्रभारी व विधायक कमाल अख्तर

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आगामी 26 जुलाई को आरक्षण दिवस को संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें सभी लोगों को संविधान के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहारनपुर प्रभारी विधायक कमाल अख्तर होंगे। आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आरक्षण दिवस को मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ता को संविधान के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ता से कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए सभी अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता हम सब दायित्व है, ताकि आयोजन सार्थक हो सकें। सपा प्रदेश सचिव मजिहर राणा, सपा प्रदेश मांगेराम कश्यप ने कहा कि आगामी 26 जुलाई को पूर्व मंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर संविधान मानव स्तंभ दिवस के मुख्य अतिथि होंगे। बैठक को पूर्व मंत्री लियाकत अली, शमा परवीन, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी सलीम अख्तर, जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी, जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद जब्बार, जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, सपा वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर, मोहसिन मलिक, सुदेश गुर्जर, शैलेश प्रधान, महजबी खान, अच्छन यादव, मास्टर राजवीर यादव, गुलजार सलमानी, रामआशीष यादव, हसीन कुरैशी, काशिफ अल्वी, उसमान गाड़ा, महेंद्र पाल, राकेश, सतीश कुमार ने भी संबोधित किया। बैठक में सतीश कुमार, डॉ.नरेश कश्यप, जमाल साबरी, राव वजाहद, मौहम्मद आफताब, विशाल यादव, वीरेंद्र यादव, मांगेराम, सबरीन, रवि काम्बोज, अयाज उस्मानी, वसीम उस्मानी, जावेद राणा, मौहम्मद अनवर, फरमान, अब्दुल रज्जाक, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अब्दुल वाहिद ने संचालन सुदेश गुर्जर ने किया।

## समाधान दिवस में 62 शिकायती प्रार्थना पत्र आये मात्र 07 का मौके पर निस्तारण हुआ



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील मितौली के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और किट सौंपे इस समाधान दिवस में कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से सात का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 30, विकास विभाग की 11, आपूर्ति विभाग की 08, पुलिस विभाग की 05, विद्युत विभाग की 06, चकबंदी की 02 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रेणु मिश्रा, सीओ, तहसीलदार, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवभक्तों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को विभाग प्रतिबद्ध

### कांवड यात्रा मार्ग पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की 08 टीमें कर रही कार्य



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की 08 टीमों ने कांवड यात्रा मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न कांवड शिविरो, ढाबों, रेस्टोरेन्ट तथा छोटे दुकानदारों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया। विभागीय टीम ने कांवड मार्गों पर फूड सेफ्टी ऑनविल मोबाईल वैन द्वारा श्रद्धालुओं, शिविर संचालकों एवं समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया। जनपद के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्ग के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य पंजीकरण, अनुज्ञप्ति प्रतिष्ठान के मुख्य स्थान पर प्रदर्शित कराया। कांवड यात्रा में विभाग द्वारा ऑनलाईन फीडबैक एवं शिकायत के लिए फूड सेफ्टी कनेक्ट एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनपद के समस्त कांवड मार्ग में पड़ने वाले प्रतिष्ठानों पर चस्पा किया। इस एप के माध्यम से कोई भी श्रद्धालु एवं व्यक्ति अपने फीडबैक एवं अन्य खाद्य पदार्थो से सम्बन्धी समस्याओं से अवगत करा सकता है, तथा उस पर विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराया जा सकता है।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में कांवड मार्ग पर पड़ने वाले सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट चस्पा करायी गयी है। जनपद के सभी कांवड मार्गों तथा उसके आस-पास माँस, मछली, अण्डे पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किये गये है तथा जनपद में संचालित नॉनवेज के सभी ढाबों, रेस्टोरेन्ट, प्रतिष्ठानों को बन्द करा दिया गया है।

# खाली प्लॉट में रखे टेंट के सामान में लगी आग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मण्डी क्षेत्रान्तर्गत रानी बाजार स्थित खाली प्लाट में रखे टेंट के सामान में अचानक आग लग गयी। आग का धुंआ जब क्षेत्रवासियों के घर में घुसा, तो अफरा-तफरी का माहौल मच गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन दल के कर्मियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक टेंट का काफी सामान जलकर राख हो गया था। जानकारी के अनुसार रानी बाजार हरनाथपुरा चौक स्थित एक खाली प्लॉट में रखे टेंट के समान में आग लग गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मी पहुंचे, जहां उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि प्लॉट में एक कमरे में टेंट का सामान, कपड़े और बांस-बल्लियाँ रखी हुई थीं, जिनमें अचानक आग लग गई।

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने किया निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)**पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका विद्यालय, रामपुर मनिहारान के निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण किया और दृष्टिबाधित बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निर्देशित किया।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने निर्माणाधीन छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्रावास निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की तथा उनको आगामी दौरे में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया। छात्रावास के निर्माण में शेष कार्य को ससमय गुणवत्तापरक रूप से पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। इसके उपरान्त मंत्री ने निर्माणाधीन छात्रावास में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया।

साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं कक्षाओं की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी, शौचालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा दृष्टिबाधित बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा से जोडने एवं छात्राओं की संख्या बढ़ाने हेतु पम्पलेट व होर्डिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपनिदेशक राजकुमार सिंह, उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान डा.अर्पूया, अजय कुमार, आनन्द सैनी, प्रधानाचार्या श्रीमती स्वाति जायसवाल समेत खण्ड शिक्षा अधिकारी, रामपुर मनिहारान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याए

## आयीं 28 शिकायतें, 08 का हुआ मौके पर निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से सम्पूर्ण समाधान दिवस मंडी में स्थित तहसील उरई के सभागार में जनसामान्य की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करना है। कुल प्राप्त 28 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष के लिए अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता दीपक ने जिला विद्यालय निरीक्षक पर राजकीय इंटर कॉलेज, उरई के मैदान का शासनादेश के विपरीत व्यावसायिक उपयोग करवाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को जांच अधिकारी नामित किया।



मुहल्ला वासी वार्ड 13 के नागरिकों ने जलभराव से हो रही परेशानी का उल्लेख करते हुए पुलिया निर्माण की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी डकोर को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जाए।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मखदूम अशरफ के उर्स के दौरान सुरक्षा के रहेंगे बेहतर इनतेजाम

**किछौछा (अंबेडकरनगर)।** विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह पर आयोजित होने वाले 639वें सालाना उर्स मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद कर दिया गया है। सात दिवसीय इस ऐतिहासिक मेले में देशभर से लाखों की संख्या में जायरीन पहुंचते हैं, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडिशनल एसपी पश्चिमी हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीओ सिटी नितीश कुमार तिवारी, सीओ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्र तथा सीएफओ सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी और अयोध्या जोन से कुल 200 पुलिसकर्मी एवं 100 महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं, दो यूनिट फायर ब्रिगेड के साथ रॉ एवं अन्य खुफिया एजेंसियों को भी आराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सक्रिय किया गया है।

# 32 गांव उरई विकास प्राधिकरण में शामिल होंगे

**अवधनामा संवाददाता**

**विस्तार की जानकारी देते हुए नगर पालिका जालौन से सुझाव मांगा गया**

**उरई (जालौन)।** उरई विकास प्राधिकरण क्षेत्र द्वारा विकास क्षेत्र की सीमा विस्तार किया जाना है। योजना को लेकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद जालौन को एक पत्र भेजकर इस प्रस्ताव पर सुझाव मांगे गए हैं। जिसमें जालौन नगर पालिका क्षेत्र समेत जालौन तहसील क्षेत्र के 32 राजस्व गांवों को भी उरई विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में शामिल किया जाना है।

नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने बताया कि उरई विकास प्राधिकरण की ओर से प्राप्त पत्र में प्रस्तावित क्षेत्र विस्तार की जानकारी देते हुए नगर पालिका जालौन से इस पर सुझाव मांगा गया है। बताया कि वर्तमान में उरई विकास प्राधिकरण के अधीन उरई नगर क्षेत्र के अतिरिक्त 34 राजस्व ग्राम शामिल हैं। लेकिन जनसंख्या वृद्धि और शहरीकरण की गति को देखते हुए अब उरई विकास प्राधिकरण क्षेत्र को और अधिक विस्तृत किए जाने की योजना है। उरई विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित विस्तार क्षेत्र में तहसील उरई के 39 राजस्व ग्राम, तहसील जालौन के 32 राजस्व ग्राम व नगर पालिका परिषद जालौन का पूरा क्षेत्र सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। उरई विकास प्राधिकरण कार्यालय से भेजे गए पत्र के माध्यम से प्रस्तावित सीमा विस्तार पर सुझाव मांगा गया है। सुझाव भेजे जाने के बाद इसे औपचारिक रूप बोर्ड बैठक में अनुमोदित कराया जाएगा और आगे की कार्यवाही की जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका इस प्रस्ताव का गहनता से अध्ययन कर रही है, ताकि जनहित, विकास की संभावनाओं और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए उचित सुझाव दिए जा सकें। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना यदि जनहित में उपयुक्त पाई जाती है, तो इससे आने वाले वर्षों में शहरी बुनियादी ढांचे, सड़क, जल निकासी, भवन निर्माण, पर्यावरण एवं आवास योजनाओं के क्षेत्र में सुव्यवस्थित विकास की राह खुलेगी।

**प्रस्ताव में शामिल नगर पालिका जालौन क्षेत्र-**

नगर पालिका परिषद क्षेत्र, मौजा धौरा खेड़ा अंदर हद, मौजा धौरा खेड़ा बाहर हद, मौजा मनकापुर बाहर हद, भिटारा बाहर हद, लौना, बिरिया बुजुर्ग

**प्रस्ताव में शामिल जालौन तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव-**

रूरा मल्लू, खजुरी, गूढ़ा न्यामतपुर, सारंगपुर, हरक्का, मांडरी, गायर, हरकौती, शहजादपुरा, कुंवरपुरा, छानी खास, अकोढ़ी दुबे, पहाड़पुरा, कुठौंदा खुर्द, भिटारा, छौलापुर, उदोतपुरा, तांबा, धौरा खेड़ा, सालाबाद, सुढ़ार, लहरउआ, लहर जालौन, छिरिया सलेमपुर, गुलाबपुरा, मनकापुर (मलकपुरा), सोनई परवई, शेरपुरा, औरेखी, सोनरा, गनूपुरा, खर्रा।

**प्रतापुरा को भी शामिल किए जाने की मांग**

उरई विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विकास क्षेत्र के प्रस्तावित विस्तार में जालौन तहसील के 32 राजस्व गांवों और नगर पालिका परिषद जालौन को सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। लेकिन इस सूची में जालौन से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम प्रतापपुरा को शामिल न किए जाने से ग्रामीणों में भारी निराशा और असंतोष व्याप्त है।

प्रतापपुरा गांव, जो भौगोलिक दृष्टि से नगर सीमा से सटा हुआ है, तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा है। वहीं ग्रामीण रोजाना रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा आदि के लिए जालौन नगर पर निर्भर हैं। बावजूद इसके इस गांव को प्रस्तावित विकास क्षेत्र से बाहर रखना ग्रामीणों की समझ से परे है। ग्रामीण देवेंद्र सिंह, विशभर दयाल, रामेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुमित नारायण पाठक, विश्वनाथ विश्वकर्मा, अमर सिंह, कामता प्रसाद, सूरज प्रसाद पूर्व प्रधान आदि ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रतापपुरा गांव की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या वृद्धि और भविष्य के विकास की संभावनाओं को देखते हुए यह क्षेत्र उरई विकास प्राधिकरण की सीमा में आना चाहिए। यदि इसे शामिल नहीं किया गया तो गांव के विकास की संभावनाएं बाधित होंगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रतापपुरा को विकास प्राधिकरण के अधीन लाया जाता है, तो यहां सुव्यवस्थित तरीके से सड़क, नाली, जल आपूर्ति, पार्क, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं उरई विकास प्राधिकरण सचिव से मांग की है कि प्रस्तावित सीमा विस्तार में प्रतापपुरा गांव को शामिल किया जाए।

## पंचायत सहायकों ने की ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में शनिवार को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर को विकास खण्ड बांसी के पंचायत सहायकों ने ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग किया है।

ज्ञापन में लिखा गया है कि उनको समय से मानदेय नहीं दिया जा रहा है, ग्राम पंचायत का पेमेंट अन्य लोगों से कराया जा रहा है, पंचायत भवन अपूर्ण है और क्रियाशील नहीं है, पंचायत सहायकों के जाब चार्ट के अनुसार कार्य व दायित्वों का निर्वहन नहीं कराया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में बेबी चौरसिया, राजन, नीलेश, सुभाष, अजय यादव, प्रियंका, मुकेश कुमार, संजय कुमार, श्वेता, दीपक कुमार ममता निषाद, चंदन वरुण, संजय साहनी आदि शामिल थे।

# सपा को याद आए पुराने फाइटर मुख्तयार अहमद टेनी

**जया उल्लाह खान संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी इन दिनों पूरी तैयारी के साथ 2027 का तानाबान बुन रही है, पार्टी प्रमुख श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा नेता गाँव-गाँव गली-गली घूमकर पार्टी की नीतियों एंव विचारधारा का बखान कर रहे हैं, नई हवा है नई सपा है के नारे को बुलंद करते हुए सपा नेताओं का ये भी मानना है कि युवाओं के सिर पे बुजुर्गों का हाथ है इसी क्रम में समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के जिला सचिव एंव स.मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार जनपद के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने एक अच्छी पहल की शुरुआत की है।



लम्बे समय से कई बार के अनुभवी जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने एक अभियान के तहत निर्देश दिए हैं कि समाजवादी पार्टी जिला संगठन के पदाधिकारी पूरे जनपद के पुराने समय से समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोग जो बढ़ती उम्र/स्वास्थ अथवा अन्य किसी बजह से सक्रिय भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं उनको उनके घर पर जाकर सम्मानित करेंगे, उनका आशीर्वाद और दिशा-निर्देश लेंगे। और उनसे निवेदन करेंगे कि समय-समय पर वह पार्टी कार्यालय आकर अथवा फोन द्वारा अपने अमूल्य सुझावों से अवगत कराते रहें।

इसी क्रम में आज जिला महासचिव इलियास मंसूरी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, पुराने और जुझारू नेता, संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे, नेताजी के अतिप्रिय मुख्तार अहमद ÷टेनी÷ के घर पहुँचे उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया उनसे पारिवारिक और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में विजय पाने का मूलमंत्र जानने की अभिलाषा व्यक्त की।

टेनी ने भी उनसे अपने अनुभव साझा किए और बातचीत का सिलसिला पुराने अनुभवों से शुरू होकर वर्तमान स्थितियों से होते हुए भविष्य के चुनाव तक पहुँचा।

मुख्तार अहमद टेनी जिला संगठन की इस पहल से भावुक हो गए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के युवाओं के यही संस्कार हैं, यही समाजवादी विचारधारा है जो अपने बुजुर्गों का सम्मान करती है और उनके दिशा-निर्देशन में जुल्म और अन्याय के खिलाफ इंकलाब पैदा करती है।

जिला महासचिव ने बताया कि सभी पुराने साथियों को सूचीबद्ध तरीके से सम्मानित किया जाएगा और सभी को मार्गदर्शक मण्डल में समायोजित कर सबके बहुमूल्य विचारों से जिला संगठन आगे की यात्रा तय करेगा।

# धोखाधड़ी से जमीन की खरीद फरोख्त कर ठगी करने वाले भूमाफियाओं के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** शातिर अपराधी एवं भू-माफियाओं के विरुद्ध अलीगढ़ की थाना टप्पल पुलिस ने सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त 1.अजीत कुमार, 2.श्रवण कुमार, 3.प्रवीन कुमार पटेल द्वारा धोखाधड़ी व छलकपट से फर्जी जमीन दिखाकर अर्जित की गई अचल सम्पत्ति गांव गोरौला स्थित 40,596.613 वर्गमीटर भूमि कीमत 60,89,49,195/- ( साठ करोड नवासी लाख उन्नचास हजार एक सौ पिच्चानवे रुपये) को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अधीन किया गया कुर्क ।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा शातिर एवं अभ्यस्त भू- माफिया अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध पंजीकृत अभियोगों में जब्तीकरण की कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खैर वरुण सिंह के पर्यवेक्षण में थाना टप्पल पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 292/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तों की सम्पत्ति कुर्क हेतु रिपोर्ट माननीय न्यायालय प्रेषित की गई थी। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में थाना टप्पल पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा अभियुक्तों की अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया है ।

जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन द्वारा गठित टीमों को शीर्ष नेतृत्व प्रदान करते हुए कड़ी सुरागरसी-पतारसी एवं कई दिनों की अथक मेहनत आदि के आधार पर भूमाफिया अभियुक्तों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर पंजीकरण की कार्यवाही कराते हेतु अवैध रूप से अर्जित अचल सम्पत्ति कीमत करीब साठ करोड़ नवासी लाख उन्नचास हजार एक सौ पिच्चानवे रुपये को कुर्क किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना टप्पल पुलिस को किये गये सराहनीय कार्य हेतु 25000/ रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## तहसील कायमगंज में संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनी गई



**अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता**

**राजस्व की 32, पुलिस की 35 शिकायतें आईं**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 32,पुलिस की 35, विकास विभाग की 17,विद्युत विभाग की 08, पूर्ती विभाग 05,चिकित्सा विभाग 04 व अन्य विभागों की 16 शिकायते कुल 117 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी,उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 65 शिकायतें प्राप्त, 8 का निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जनसमस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्राथमिकता के साथ शनिवार को तहसील इगलास में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 जनशिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 23 शिकायतें राजस्व विभाग, 9 विकास विभाग, 6 विद्युत विभाग एवं 16 अन्य विभागों से संबंधित थीं। इनमें से 8 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 4 मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।

डीएम संजीव रंजन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व निष्पक्ष रूप से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और गरीब, वंचित एवं पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर न्याय सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस में विधायक राजकुमार सहयोगी भी उपस्थित रहे। उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सरकार जनसुनवाई एवं समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, अतः अधिकारी पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन न केवल जनसुनवाई का माध्यम है, बल्कि शासन की जवाबदेही और संवेदनशीलता का प्रतीक भी है।

## गोशाईगंज की नवीन उपसब्जी मंडी में चांद बाबू राईन ने किया पौधारोपण

**पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं**

**अवधनामा संवाददाता**

**गोशाईगंज।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए समाजसेवी चांद बाबू राईन ने शनिवार को गोशाईगंज स्थित नवीन उपसब्जी मंडी परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों, मंडी समिति के सदस्यों और आम लोगों से अधिकाधिक पेड़ लगाने की अपील की।



चांद बाबू राईन ने पौधारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि एक पेड़ न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है, बल्कि धरती को हरा-भरा और संतुलित भी रखता है।

इस मौके पर स्थानीय लोगों और युवाओं ने भी भाग लिया और आसपास की सफाई कर पौधे लगाए। चांद बाबू राईन के इस प्रयास की सभी ने सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया कि वे समाज और प्रकृति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## बेटी की हत्या का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**उरई (जालौन)।** दहेज की मांग को लेकर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिला हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र के ग्राम हरौलीपुर निवासी सुशील शुक्ला ने पुलिस को बताया कि बीती 13 जनवरी 2025 को उनकी 23 वर्षीय बेटी छाया को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी सुंदरम बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। जिसकी रिपोर्ट उन्होंने कुरारा थाने में दर्ज कराई थी। पुंलिस ने जब दोनों को बरामद कर कोर्ट में पेश किया तो बेटी ने युवक के पक्ष में बयान दिए और उसके साथ जाने की सहमति व्यक्त की। जिसके बाद से दोनों साथ में रह रहे थे। इसी दौरान सुंदरम और उसके परिवार के लोगों ने बेटी पर अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाया। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने गुरूवार को बेटी की हत्या कर दी। उन्हें फोन पर जानकारी दी कि छाया की तबियत खराब थी और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बेटी का कहां इलाज कराया इसकी कोई जानकारी नहीं दी। पिता ने पति संदरम, उसके भाई सत्यम व शिवम एवं बहन तनु पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता से बात करने पर उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी गर्भवती थी। इस बाबत सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## 41 बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**अम्बेडकरनगर।** बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय अम्बेडकरनगर ने स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय अम्बेडकर नगर में कराया गया, बीसीटीवी मंडल अयोध्या और रक्तकेंद्र राजकीय मेडिकल कॉलेज के सहयोग से 51 बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया जिसमे से स्वस्थ्य पाए गए 41 बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने रक्तदान किया, रक्तदान शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रमुख महेंद्र कुमार वर्मा तथा उप क्षेत्रीय प्रमुख सुरेश कुमार एवं रक्त केन्द्र प्रभारी डॉक्टर मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया,क्षेत्रीय प्रमुख श्री महेंद्र कुमार वर्मा ने स्वयं रक्तदान किया तथा बताया कि असहाय लोगों की जिंदगी बचाने के लिय हम लोगों को आगे आना चाहिए,क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुरेश कुमार ने स्वयं रक्तदान के बाद बताया कि हमारा एक वर्ष में यह तीसरी बार रक्तदान है।

**रक्तवीरों का नाम :** महेंद्र कुमार वर्मा,सुरेश कुमार,दीपेंद्र कुमार बलासिया,नीतीश कुमार,सौरभ सिंह,हेमंत साहू,सत्यवीर सिंह,सौरभ पांडेय,आशीष चौधरी,आशीष सिंह,निखिल,रमित वर्मा,अरुण द्विवेदी,अभिषेक सिंह,अंकित जिंदल, राजमन, रहमान,सोनू,नवीन कुमार,अभिषेक पाठक, रनविनय कुमार, प्रदीप सिंह,जूही सिंह,दीपक गुप्ता,सोमगीता रंगलानी, हरिकेश सिंह, आदित्य सिंह।

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में संग्रहित निर्वाचन उपकरणों के रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि मशीनों का रखरखाव निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्रों और सुरक्षा प्रबंधों की भी जांच की गई।निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सी.पी. स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का भव्य आयोजन

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रुखाबाद।** सी.पी. इंटरनेशनल स्कूल, फर्रुखाबाद में आज इन्वेस्टीचर सेरेमनी (पदभार ग्रहण समारोह) का आयोजन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। यह समारोह विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फतेहगढ़ छावनी के कर्नल अमनदीप सिंह रहे। स्काउट एवं गाइड के छात्रों ने मुख्य अतिथि को सलामी देकर एवं हाथ मिलाकर स्वागत किया। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशिका श्रीमती अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय बिष्ट तथा प्राइमरी विंग की प्रमुख शिवानी दीक्षित ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र परिषद को बैज प्रदान कर उनके पद का औपचारिक कार्यभार सौंपा गया।

इस अवसर पर सीनियर विंग हेड बॉय रामांश मेहरोत्रा तथा हेड गर्ल नीलाक्षी, जूनियर विंग हेड बॉय अभिमन्यु एवं हेड गर्ल अनन्या मिश्रा ने मंच से अपने विचार प्रस्तुत किए और सभी छात्रों को नेतृत्व, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस वर्ष छात्र परिषद में निम्नलिखित छात्र-छात्राएँ पदभार ग्रहण कर चुके हैं।

डिसिप्लिन सेक्रेटरी : कुनाल गुप्ता, आलमीन

आर्ट क्लब सेक्रेटरी : मारिया नूर, अदिति सिंह

स्पोर्ट्स कैप्टन :अथर्व, अपूर्व

ईको क्लब सेक्रेटरी : अभिनेन्द्र सिंह, श्रेया अवस्थी

विज्ञान क्लब सेक्रेटरी : वासिल ए. सिद्दीकी, शैली मिश्रा

आईटी क्लब सेक्रेटरी : चिराग मिश्रा, समृद्धि मिश्रा

कल्चरल क्लब सेक्रेटरी : झलक वर्मा, आदर्श

लिटरेरी क्लब सेक्रेटरी : अनुष्का सैनी, आर्यन

हाउस कैप्टन एवं प्रीफेक्ट के रूप में चयनित छात्र हैं।

चैरिटी हाउस : प्रज्ञा शाक्य (कैप्टन), देव यादव (प्रीफेक्ट)

जॉय हाउस : चिराग (कैप्टन), नरजिस ज़हरा (प्रीफेक्ट)

पीस हाउस : ओम यादव (कैप्टन), श्रेयसी (प्रीफेक्ट)

होप हाउस : माधव यादव (कैप्टन), गौरी यादव (प्रीफेक्ट)

इसके अतिरिक्त 27 विद्यार्थियों को स्कूल प्रीफेक्ट और 58 विद्यार्थियों को क्लास मॉनिटर के रूप में मनोनीत किया गया। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने नवचयनित छात्र नेताओं को बधाई दी और कहा कि यह अनुभव छात्रों के आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व की भावना को और सशक्त करेगा। उपनिदेशिका अंजू राजे ने छात्र परिषद की प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन शिवा सिंह ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया।

## किसानों ने मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी कायमगंज को ज्ञापन सौंपा

**एम ए इदरीसी संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को दिया। भारतीय किसान यूनियन स्वराज का ज्ञापन निम्न प्रकार है।

गांव गिलोंदा कुरार,गनेशपुर पिपराभोज,मगारनगला, महमूदपुर आदि गांवों में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। किसानों की फसलें सूख रही हैं। यदि किसानों की फसलें सूख गयी तो उसके बच्चे यहां तहसील पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगा। उपरोक्त गांवों की बिजली साहबगंज फीडर से मिलती है। बिजलीघर कर्मचारी फीडर चलाने वाले को एक बोतल शराब दें दे तो तुरंत लाईट लगा दी जाती है। लाइन जोड़ने वाला कर्मचारी शराबी है। एसडीओ नवाबगंज धर्मेंद्र सिंह को कई बार समस्या समाधान के लिए कहा गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।




कस्बा कायमगंज में जेई जावेद व लाइनमैन नावेद अपनी मनमर्जी से कस्बा कायमगंज की विद्युत देते हैं।हर दस मिनट पर बिजली आती जाती है। दोनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर इन्हें हटाया जावेद। जिससे विद्युत रोस्टर के अनुसार कायमगंज को मिल सके।समस्या समाधान न होने की स्थिति में तहसील कायमगंज पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश सचिव, मंजेश यादव जिला महामंत्री, विनीत कुमार सक्सेना जिला मीडिया प्रभारी,अजीत सिंह ब्लाक अध्यक्ष,संजू ब्लाक महामंत्री,अनुज सक्सेना मीडिया प्रभारी,विकास, विकास,विमल,संजीव, रामनरेश आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल की बेटियों के लिए नही जागता सीएम ममता बनर्जी का ममत्वः गीता शाक्य

## महिलाओं ने घर परिवार के साथ निभाई सामाजिक जिम्मेदारीःडा ममता पाण्डेय

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बंगाल में हो रहे महिला अपराधों पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि बेटियों के लिए सीएम ममता बनर्जी का ममत्व नही जागता है। वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए राजनीति करती हैं। शनिवार को अयोध्या हाइवे के एक होटल में आयोजित वन करोड़ सेल्फी विथ लाभार्थी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान समारोह में शिरकत करने अयोध्या पहुंची थी।उन्होंने कहा कि बंगाल में विरोधी को टारगेट करके प्रताड़ित किया जा रहा है। परिजनों को बांध कर बेटियों का उत्पीड़न किया गया जा रहा है। बलरामपुर में धर्मान्तरण के प्रकरण में कहा कि लड़कों के हिन्दु



नाम रख सुनियोजित तरीके से हिन्दु महिलाओं को टारगेट किया गया है। सरकार मामले में पूरी तरह से सजग है। व कठोर कार्रवाही की जा रही है। अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद स्थापित करने के लिए चलाए गए अभियान के तहत महिलाओं ने गांव-गांव सम्पर्क किया। लाभार्थियों के साथ सेल्फी ली तथा उनके अनुभव सुने। अभियान के दौरान अन्य योजनाओं की जानकारी के बारे में लोगों से जानकारियां साझा की गई है। प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल ने कहा कि अभियान ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर आमजन से जोड़ने का अवसर दिया है। महिलाओं ने जिस समर्पण और ऊर्जा के साथ इस अभियान में सहभागिता किया, वह सराहनीय है। अभियान की संयोजक व प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा डा. ममता पाण्डेय ने बताया कि संवाद व सम्पर्क के इस अभियान में उत्तर प्रदेश देश मे प्रथम रहा। 5 हजार से अधिक परिवारों से सम्पर्क कर सेल्फी लेने वाली प्रदेश की 18 महिलाओं को सम्मानित किया गया है। घर की जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए महिलाओं ने अभियान के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य महामंत्री रश्मि रावल का स्वागत किया गया है। कार्यक्रम के उपरान्त सभी महिलाओं ने अयोध्या पहुंच कर प्रभु राम का आशीर्वाद लिया। मौके पर महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, प्रतिमा शुक्ला सहित महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## समाधान दिवस में मानक विहीन नाला निर्माण की शिकायत

**अयोध्या।** नगर पंचायत सुचितागंज खिरौनी में पंचायत समिति द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर मानक उल्लंघन का आरोप सामने आया है। वार्ड सभासद फरीद अहमद ने समाधान दिवस के दौरान इस निर्माण कार्य की शिकायत करते हुए जांच कराकर निर्माण को तकनीकी मानकों के अनुसार कराने की मांग की है।सभासद ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 3 में निमैचा मोड़ से तहसील होते हुए रेलवे क्रॉसिंग तक नाला निर्माण कराया जा रहा है, जो पूरी तरह से मानकों के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि निर्माण में पी सी का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे नाले की मजबूती और स्थायित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।फरीद अहमद ने यह भी आरोप लगाया कि इसी ठेकेदार द्वारा पूर्व में वार्ड नंबर 8 में आईसीसी सड़क का भी मानकविहीन कार्य कराया गया था। और वार्ड नंबर 5 होल पुरवा में नाला निर्माण कराया गया था जो एक हफ्ते में धोस्त हो गया था।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजनअधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, एसएसपी डा0 गौरव ग्रोवर के साथ तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता गंगौली पूरे पंचम ने अतिक्रमण हटाए जाने की शिकायत में जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच कर रिपोर्ट लगाने की निर्देश दिये। इसी ग्राम पंचायत के एक अन्य शिकायतकर्ता ने पैमाईस कराये जाने की शिकायत की थी जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को टीम गठित कर पैमाइश कराने के निर्देश। इसी क्रम में शिकायतकर्ता तेलियागढ़ गोसाईगंज ने भूमि पर अवैध कब्जा मुक्त करवाने व शिकायतकर्ता चाचिकपुर कुम्हिया ने परती भूमि पर अवैध कब्जा हेतु




शिकायत की है जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों प्रकरणों में तहसीलदार को जांचकर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता रामनगर मिश्रौली गोसाईगंज ने दीवाल बनवाने के संबंध में शिकायत की गई है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार व एसएचओ महाराजगंज को मामले को सुलझाने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता मड़ना उपरहार ने पैमाइस कराने, शिकायकर्ता हरिनरायनपुर अंजना ने नहर के पटरी की पटाई व साफ सफाई, शिकायतकर्ता ऐमीआलापुर ने पुरानी दीवार की मरम्मत कराये जाने की शिकायत की गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस के दौरान ग्राम भदौली बुजुर्ग ऐमी आलापुर में ग्रामीणों के निकलने के लिए रास्ता बंद था, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी पूराबाजार को तत्काल मिट्टी डालकर रास्ते को बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों व कर्मचारियों को तहसील दिवस व आईजीआरएस के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने व जो भी प्रकरण आये उसको गम्भीरता के साथ निस्तारण करें।

# राष्ट्र के नाम जन-जागरण अभियान का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पहले देश, फिर समाज, परिवार और फिर अपनी बारी,इसी मूल मंत्र के साथ राष्ट्र जागरूकता को समर्पित एक विशेष अभियान राष्ट्र के नाम की औपचारिक घोषणा प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की गई। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनके कर्तव्यों की ओर जागरूक करते हुए देश के सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को संरक्षित करना है।संयोजक सौमित्र मिश्रा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जब हम राष्ट्र को प्राथमिकता देंगे, तभी समाज और परिवार भी सशक्त बनेंगे,उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल विचार नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसके अंतर्गत समाज के हर वर्ग को जोड़कर देश के पुनर्निर्माण में सहभागी बनाने का लक्ष्य रखा गया है,नागरिकों को उनके राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, सांस्कृतिक, नैतिक और




सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना,देश को समरस, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना। प्रत्येक वर्ग की विशिष्ट भूमिका तय,युवाओं को जिम्मेदार और नैतिक नागरिक बनाना,महिलाओं को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना।वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और मार्गदर्शन से समाज में मूल्यों की पुनर्स्थापना करना।बालकों को संस्कार, संस्कृति और चरित्र निर्माण से जोड़ना,शिक्षक राष्ट्रभक्ति व चरित्र निर्माण में योगदान दें।चिकित्सक सेवा भावना व नैतिक चिकित्सा से समाज का स्वास्थ्य सुधारें,अधिवक्ता जनहित में न्याय की पैरवी करें,व्यवसायी ईमानदारी और समाजोन्मुख उद्यमिता को बढ़ावा दें,पत्रकार, साहित्यकार, कलाकार सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करें,धर्मगुरु सद्भाव और सहिष्णुता का संदेश दें,सरकारी/गैरसरकारी अधिकारी ईमानदारी से जनसेवा करें।कार्यक्रम के अध्यक्ष नीरज कनौजिया ने कहा,समाज जिन चुनौतियों से जूझ रहा है- जैसे बिखरते परिवार ,उद्देश्यहीन युवा, दांपत्य जीवन की अशांति, सोशल मीडिया का दुरुपयोग उनसे निपटना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। व्यवस्थापक ज्ञान सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं और जीवन मूल्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं।

# क्षतिग्रस्त पुलिया का होगा निर्माण, ऊबड़-खाबड़ गली होगी ठीकः गिरीशपति त्रिपाठी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सुबह के 7:00 बजे थे। नियावां चौराहे पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दल अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ के नेतृत्व में मौजूद था। इसी बीच महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार पहुंचे। यहां महापौर का पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता बुद्धिपाल प्रजापति ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। पार्षद अर्जुन यादव उर्फ सोमू भी मौजूद थे। इसके बाद शुरू हुआ निरीक्षण का सिलसिला।

%नगर की सरकार आपके द्वार% मुहिम के तहत निरीक्षण की शुरुआत कैंट रोड पर चल रहे नाला सफाई कार्य से हुई। नाला सफाई के लिए जेसीबी के साथ ही नाला गैंग भी तत्पर दिख रहा था। यहां थोड़ी देर रुक कर बातचीत करने के बाद महापौर पाटेश्वरी बिहार की ओर बढ़े। कॉलोनी



में खड़ंजा ऊबड़-खाबड़ दिखा। यहां लोगों ने नाली मुख्य नाले से कनेक्ट न होने की शिकायत की। महापौर ने सफाई निरीक्षक कमल कुमार को बुलाकर समस्या का हल करने का निर्देश दिया।स्थानीय निवासी नवीन कुमार ने सड़क को सही कराने की जगह आरसीसी बनाने का आग्रह किया। नगर आयुक्त ने आरसीसी सड़क बनाने के पहले सीवर का काम पूरा कराने का निर्देश दिया। तब तक खड़ंजा को मजदूरी के आधार पर सही करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश निर्माण विभाग के अभियंताओं को दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर आशीष कौर ने महापौर से तिलौजी की गली में कूड़ा डालने की शिकायत दर्ज कराई और चलकर देखने का आग्रह किया। काफिला आगे बढ़ा तो आर्य कन्या गली में इंडिया मार्का-टू हैंडपंप चला कर जांच की। नल सही पाया गया। यही घरों में सप्लाई हो रहे पानी की जांच राम का घर से जुड़ी टीम ने की। टीडीएस 390 पाया गया। इससे अच्छी गुणवत्ता के पानी की सप्लाई की पुष्टि हुई।

# विधायक ने किया सदर तहसील परिसर का निरीक्षण



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने जनशिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस शुरू होने से पहले विधायक ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों संग विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने समाधान दिवस के लिए बनाए गए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचकर शिकायत पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी ली और वहां उपस्थित कर्मियों से आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता और लोगों की सुविधा को लेकर सवाल किए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने तहसील भवन की स्थिति पर असंतोष जताया और एसडीएम सदर को भवन की मरम्मत, रंग-रोगन तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा, सरकार का उद्देश्य है कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। जनता सुविधाओं के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयासरत है। समाधान दिवस शासन की जनकल्याणकारी सोच का प्रमाण है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। एक ही स्थान पर समस्या का समाधान हो, यही इसका उद्देश्य है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार व तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध बैरियर लगाकर स्टेट हाईवे बंद करने की फिराक में टोल कर्मी

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या। इनायत** नगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार स्थित शाहगंज मोड़ पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से मीठे गांव टोल कर्मियों द्वारा अवैध बैरियर लगाकर स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने का मामला पूरी तरीके से गरमा गया है क्षेत्रवासी व्यापारियों एवं किसानों मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर से की है हालांकि एसडीएम ने भी उनकी नहीं सुनी और कहा कि जब गन्ने का सीजन आएगा तब बैरियर खुलवा दिया जाएगा जिसको लेकर अब स्थानीय प्रशासन सहित टोल कर्मियों के खिलाफ क्षेत्रवासी ग्रामीणों में एवं आसपास स्थित बाजार के व्यापारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। बताते चलें कि विगत एक वर्ष पूर्व अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मीठे गांव रसूलपुर टोल प्लाजा से लगभग 3 किलोमीटर पहले कुचेरा शाहगंज मोड पर इनायत नगर पुलिस अवैध बैरियर लगा दिया गया था। यही नहीं उक्त बैरियर पर तीन पुलिस कर्मियों की 8-8 घंटे की शिफ्ट बनाकर तैनाती भी कर दी गई थी। जहां तैनात होमगार्ड द्वारा वाहनों का फोटो बनाया जा रहा था और रसूलपुर टोल प्लाजा के प्रबंधक के पास गाड़ी नंबर स्कैन कर टोल शुल्क काटे जाने हेतु प्रेषित कर रहे थे जिसके चलते चार पहिया वाहन चालक से लेकर भारी वाहन स्वामी प्रतिदिन अवैध वसूली के शिकार हो रहे थे। मामला मीडिया के संज्ञान में आने के बाद अवेद वसूली में संलिप्त पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी नींद से जागे थे और अवैध बैरियर हटाया जा सका था। कुचेरा से पिपरी जलालपुर होते हुए अंबेडकर नगर को जाने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई लगभग 100 किलोमीटर के आसपास है जिससे होकर वाहनों को अंबेडकर नगर पहुंचने में कई किलोमीटर के कम रास्ते का सफर करना पड़ता है। अब मीठे गांव टोल कर्मियों को फिर अवैध वसूली की युक्ति सूची और उन्होंने कुचेरा बाजार स्थित शाहगंज मोड पर स्टेट हाईवे को बंद किए जाने की नीयत से बड़े-बड़े पिलर दोनों साइड में गाड़ दिए और उस पर बैरियर लगाकर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से रोके जाने की व्यवस्था बना ली गई है। टोल कर्मियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन रोक जाने की जानकारी के बाद कई ग्राम प्रधान और बाजार के व्यापारी मौके पर पहुंचे लेकिन टोल प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने उनकी एक भी नहीं सुनी और आमदार फौजदारी हो गए । टोल कर्मियों के इरादे देख दर्जनों की संख्या में व्यापारी एवं ग्राम प्रधान एसडीएम मिल्कीपुर के पास पहुंचे और आप बीती बताई। जहां एसडीएम सुधीर कुमार ने भी टोल कर्मियों की कार्यवाही को सही ठहराते हुए कहा कि जब किसानों के गन्ने की फसल कटाई ढुलाई का सीजन आएगा तो उनके ट्रैक्टर ट्राली पास किए जाने हेतु बैरियर खुलवा दिया जाएगा। बताते चलें कि अभी चंद दिन पूर्व कुचेरा शाहगंज पिपरी जलालपुर अंबेडकर नगर मार्ग का करोड़ों रुपए की लागत से चौड़ीकरण एवं ऊंची कारण लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया जा चुका है। कुचेरा बाजार के व्यापारियों का कहना है कि हम लोगों के बड़े-बड़े प्रतिष्ठान इसी रोड के किनारे स्थित है। जिन पर मोरंग, गिट्टी सहित अन्य सामान ट्रैकों से लाए जाते हैं यदि वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया तब हम व्यापारियों के सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। व्यापारियों एवं क्षेत्रवासी ने समस्या से मिल्कीपुर भाजपा विधायक को अवगत भी कराया मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान ने बताया कि मेरी वार्ता हो चुकी है। स्टेट हाईवे पर बैरियर नहीं लगने दिया जाएगा। बैरियर लगाए जाने की नीयत से गाड़े गए पिलर के संबंध में उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है टोल कर्मियों को भी रोक दिया गया है। इस प्रकार से मीठे गांव टोल वसूली में लगी कंपनी के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी एवं उनके गुर्गों की करतूतों को लेकर कुचेरा बाजार के व्यापारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। यदि इलाकाई पुलिस प्रशासन ने मामले में हस्तक्षेप न किया तो कभी भी बड़ी वारदात के घट जाने के प्रबल आसार है।

## सपा महानगर कमेटी ने पीडीए महासम्मेलन की तैयारी को लेकर की बैठक

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने आगामी 26 जुलाई को संविधान-मान स्तंभ दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय फॉरएवर लॉन में आयोजित होने वाले पीडीए महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। यह बैठक महानगर कार्यालय लोहिया भवन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया। बैठक में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में तथा पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे %पवन% विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि 26 जुलाई को होने वाला महासम्मेलन भारतीय जनता पार्टी और सरकार के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि भ्रष्टाचार, महंगाई और कमीशनखोरी चरम पर है, जिससे समाज का हर वर्ग–किसान, नौजवान, व्यापारी परेशान है।

## कनक भवन से श्रीरामजन्मभूमि त्रिदण्डिदेव भवन तक चौड़ीकरण प्रस्तावित

**अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कनक भवन से श्रीरामजन्मभूमि त्रिदण्डिदेव भवन तक सड़क चौड़ीकरण की योजना प्रस्तावित की गई है। फिलहाल यह मार्ग केवल 3.50 मीटर चौड़ा है, जिसे बढ़ाकर 10 मीटर करने का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को भेजा गया है।परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 1646.00 लाख रुपये है और यह कुल 1.21 किलोमीटर लंबाई की होगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जिससे वर्तमान चौड़ाई अपर्याप्त सिद्ध हो रही है।लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने जानकारी दी कि यह परियोजना श्रीरामजन्मभूमि कॉरिडोर के तहत अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रूदौली बार एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न अजीमुद्दीन अध्यक्ष, अमर सिंह यादव बने महामंत्री



**रूदौली-अयोध्या।** शनिवार को सम्पन्न हुए रूदौली बार एसोसिएशन के चुनाव में चुनाव की गणना के बाद अध्यक्ष पर अजीमुद्दीन तो वहीं महामंत्री के पद पर अमर सिंह यादव विजयी घोषित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राम मनोरथ वर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर बालेन्द्र सिंह व संयुक्त मंत्री प्रकाशन के पद पर इंद्र बहादुर सिंह के सर पर जीत का शेहरा बंधा। रूदौली तहसील के अधिवक्ताओं ने विजयी हुए सभी प्रत्याशियों को फूल माला पहनाकर व मुह मीठा करवाकर जीत की बधाई दी है।

## हज़रत मोहम्मद इलाही शहीद बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 101 वाँ सालाना उर्स हुआ सम्पन्न

**अयोध्या।** गोशाईगंज नगर के उत्तरी छोर पर रेलवे लाइन के किनारे शहीदवारी मोहल्ले में स्थित हज़रत मोहम्मद इलाही शहीद बाबा रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने पर शुक्रवार को सालाना उर्स जश्न के माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह कुरानख्वानी, गुस्ल, सन्दल व, चादरपोशी, गागर शरीफ, नजरों- नियाज़ वा लंगरे - आम देर रात तक चलता रहा। तथा कव्वाल रिज़वान चिश्ती अयोध्या (फैजाबाद) और कव्वाला शीबा परवीन कानपुर के बीच पूरी रातभर जवाबी कव्वाली का शानदार मुकाबला चलता रहा।और अन्त में सुबह 4 बजकर 13 मिनट पर कुलशरीफ का प्रोग्राम सम्पन्न हुआ।

## 1857 के महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय जी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में 1857 की क्रांति के अग्रदूत, महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित मंगल पांडे जी की जयंती महानगर कांग्रेस कमेटी अयोध्या द्वारा सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने तथा संचालन महानगर महासचिव जिओ हैदर ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने मंगल पांडे जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शौर्य, बलिदान और देशभक्ति को नमन किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा पंडित मंगल पांडेय न सिर्फ 1857 की क्रांति के अग्रदूत थे, बल्कि उन्होंने भारत की आज़ादी की लड़ाई को एक निर्णायक दिशा दी। उनका बलिदान आज भी हर देशभक्त को प्रेरित करता है। कांग्रेस पार्टी सदैव ऐसे रणबांकुरों के प्रति कृतज्ञ है। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा मंगल पांडेय जी की जयंती सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का दिन है।

देश की आज़ादी के लिए पहला स्वर बुलंद करने वाले इस सपूत को श्रद्धांजलि देना हर भारतीय का कर्तव्य है।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा हम आज भी उसी सोच के खिलाफ लड़ रहे हैं, जो आज़ादी की भावना को दबाना चाहती है। मंगल पांडे जी का बलिदान हमें अन्याय, शोषण और तानाशाही के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है।

कांग्रेस पार्टी ऐसे सेनानियों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।जिला प्रवक्ता शीतला पाठक के अनुसार कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष हरजीत सिंह सलूजा, अशोक कनौजिया, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा, जिओ हैदर, एनएसयूआई अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता, रामकरण कोरी ,विजय श्रीवास्तव, धीरेंद्र प्रताप सिंह बबलू, वीरेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

# निचलौल तहसील में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्या, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने का दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा तहसील निचलौल में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनशिकायतों की सुनवाई की गयी। जिसमें कुल 145 मामले आये, जिनमें उनके द्वारा मौके पर ही 20 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। अवशेष जनशिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए समयांतर्गत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने 05 प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि भूमि विवाद के प्रकरणों को हल्के में न लें और उचित व पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का भरोसा मजबूत हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत निस्तारण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाएं। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस को केवल शिकायतों के निस्तारण का मंच न मानकर जरूरतमंदों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने विभागों को अपने कर्मियों को लगाकर लाभार्थियों को चिन्हित करने और उनका आवेदन करवाने का निर्देश दिया। कहा कि संबंधित तहसील दिवस पर अगले समाधान दिवस में विभागों की प्रगति को देखा जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, उपजिलाधिकारी निचलौल नंद प्रकाश मौर्य, सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ बीएन कन्नौजिया, तहसीलदार अमित सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेगा विद्युत कैंप का हुआ आयोजन

**बीकापुर -अयोध्या।** विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर बीकापुर मे शनिवार को मेगा विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। मेगा विद्युत कैंप में उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान विद्युत बिल समाधान, गलत बिल की त्रुटि सशोधन, खराब मीटर बदलने का कार्य, भार वृद्धि , विद्युत परिवर्तन, नए संयोजन निर्गत करने के साथ साथ बकाया विद्युत बिल जमा कराया गया। विद्युत मेगा कैंप मे विद्युत सबंधित समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं की लाइन लगी रही। एसडीओ संदीप यादव ने बताया कि तहसील स्तरीय मेगा विद्युत कैंप का आयोजन हुआ था। मेगा विद्युत कैंप में 202 भोक्ताओं के गलत विद्युत बिल में सुधार किया गया। खराबी के चलते 30 उपभोक्ताओं का विद्युत मीटर बदल गया। 10 विद्युत उपभोक्ताओं के लोड में बढ़ोतरी की गई। 12 विद्युत उपभोक्ताओं में नाम पता में संशोधन किया गया। इस दौरान 2,25000 की बकाया विद्युत बिल

## पूर्व सीएम कल्याण सिंह की पुण्यतिथि 21 अगस्त को अयोध्या में, आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राम मंदिर आंदोलन के नायक स्व. कल्याण सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि 21 अगस्त को अयोध्या में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र और पूर्व सांसद राजवीर सिंह शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं से मुलाकात की और विभिन्न संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तथा हनुमान गढी में दर्शन पूजन किया।

पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने बताया कि, पुण्यतिथि कार्यक्रम के आयोजन के लिए अयोध्या के कई स्थलों का निरीक्षण किया गया है। बहुत जल्द आयोजन स्थल को अंतिम रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और गरिमामय बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कार्यक्रम में संत समाज, प्रबुद्ध जनों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, कल्याण सिंह जी का अयोध्या और राम मंदिर आंदोलन में जो योगदान रहा है, उसे कोई नहीं भुला सकता। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बाबू जी के सम्मान में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम श्रद्धांजलि के साथ-साथ युवाओं को उनके विचारों से जोड़ने का माध्यम भी होगा।

मौके पर पूर्व सांसद हमीरपुर गंगाचरण राजपूत, अमापुर विधायक हरिओम वर्मा, कासगंज विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, कलियान सिंह, दुष्यंत कुमार राजपूत, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, परमानन्द मिश्र, शैलेन्द्र कोरी , कार्यालय प्रभारी बबलू मिश्र सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजन

**आए 34 मामलों में 3 का हुआ निस्तारण, शेष फरियादी लौटे निराश**



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ बलराम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सीडीओ बलराम सिंह ने गंभीरता से सभी शिकायतों को सुना और संबंधित को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल पेश 34 मामलों में से मौके पर महज 3 मामलों का निस्तारण किया गया। बाकी फरियादियों को निराश होकर खाली हाथ जाना पड़ा।

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस को संबोधित करते हुए सीडीओ बलराम सिंह ने कहा कि यह आयोजन शासन की मंशानुसार किया जा रहा है। इसको लेकर सभी विभागों के जिम्मेदार गंभीरता बरतें। जो भी शिकायतें यहां पर अग्रसारित की जाती है उसका निस्तारण करने में पूरी दिलचस्पी दिखाएं, शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्देशित करते हुए कहा कि तय समय सीमा में सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निपटारा किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि शिकायतों का निपटारा मौके पर जाकर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता तहसील व अन्य सरकारी कार्यालयों में चक्कर न लगाए। समाधान दिवस में कुल पेश 34 मामलों में राजस्व विभाग के 20, पुलिस विभाग के 10, विकास विभाग के 01 तथा अन्य विभाग के 3 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें राजस्व विभाग से महज तीन मामले को मौका पर निस्तारित किया गया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह, बीडीओ डुमरियागंज कार्तिकेय मिश्रा, भनवापुर डा.विनोद मणि त्रिपाठी, एबीएसए अशोक कुमार सिंह, ईओ सचिन कुमार पटेल, लालक्रष्ण श्रीवास्तव, अजय पाठक, शिवसागर अग्रहरि, मुकेश श्रीवास्तव, आबिद रिज़वी, विवेक विश्वकर्मा, अनिल पासवान, पुजारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ज़िला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिये मरीज़ बेहाल, दस दिन की वेटिंग

**अंबेडकरनगर।** जिला अस्पताल मरीजों की परेशानी का दूसरा नाम बन गया है। हालत यह है कि यहां अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीजों को 8-10 दिन बाद की तारीख दी जा रही है। छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को भी वक्त पर जांच नहीं मिल पा रही। इसके चलते मरीज प्राइवेट सेंटरों पर महंगे दाम चुकाकर लुटने को मजबूर हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन मौजूद है, तकनीकी स्टाफ भी है, फिर भी जांच के लिए 10 दिन का इंतजार करना पड़ रहा हैं। प्रभारी सीएमएस पूरे मामले से बेफिक्र हैं, मरीजों की लाइनें बढ़ रही हैं, पर किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।आखिर कौन है इस लापरवाही का जिम्मेदार? क्या स्वास्थ्य महकमे के आला अफसरों की आंखें बंद हैं? क्या गरीब जनता का इलाज अब भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है? सवाल यह भी है कि जब सरकारी अस्पताल में सुविधाएं नहीं मिलेंगी तो लोग आखिर जाएंगे कहां?

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** साहब मेरे छोटे बेटे ने मेरा खेत बिना मेरी जानकारी के रेहन रख दिया है। मैं बीमार हूं और चलने फिरने में असमर्थ हूं। यही खेत मेरे जीवकोपार्जन का सहारा था। यह फरियाद संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर के सामने पेश किया बांसी कोतवाली क्षेत्र के पिपरा फरदंग गांव निवासी चूल्हई पुत्र बितानू ने।

उन्होंने कहा कि इसके पहले भी उन्होंने शिकायत किया था परंतु जांच अधिकारी ने उनके बिना जानकारी के छोटे बेटे से मिलकर रिपोर्ट लगा दिया है। चूल्हई ने न्याय करने और खेत मुक्त कराने की मांग किया है। कस्बे के इंद्रानगर वार्ड निवासी अमरुद्दीन खान पुत्र किताबुल्लाह ने कहा कि उसके घर को जोड़ने वाली सड़क को कुछ दूर बनाकर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे सड़क में जलभराव हो गया है और आवागमन में दिक्कत हो रही है। उन्होंने सड़क का निर्माण पूरा कराने की मांग किया। इसके बाद संपूर्ण समाधान दिवस में 79 लोगों ने जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर से फरियाद किया जिसमें 13 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाए। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर एस डी एम शशांक शेखर राय, सी एम ओ डा रजत कुमार चौरसिया, पी डी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, बी एस शैलेष कुमार, जिला के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहन और बाइक की टक्कर में ससुर-बहू घायल

**बांसी सिद्धार्थनगर।** इटवा रोड पर सहजी बेलबनवा के पास शनिवार को दोपहर में मोटरसाइकिल और एक मालवाहक वाहन से टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार ससुर बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से पचास शैय्या के संयुक्त चिकित्सालय बांसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया गया।

इटवा थाना क्षेत्र के सेहरी सिंघवा निवासी दयाराम विश्वकर्मा 50 पुत्र झिनकू अपनी बहू कलावती पत्नी राजाराम को मोटरसाइकिल से इलाज के लिए नौगढ़ ले गए थे। साथ में बेटी सुधा विश्वकर्मा पुत्री दयाराम विश्वकर्मा भी थी। लौटते समय सहजी बेलबनवा के पास एक मालवाहक वाहन से टक्कर हो गई जिससे दयाराम विश्वकर्मा और कलावती घायल हो गए और बेटी सुधा सुरक्षित बच गई। घटना के बाद लोगो ने एंबुलेंस बुलवाया जिससे घायलों को उच्चीकृत संयुक्त अस्पताल बांसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-224/2025, धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्तों- 01. पंकज सिंह पुत्र मेजर सिंह, 02. सुरेश सिंह पुत्र कप्तान सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया तथा घटना में संलिप्त 01 बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

वादी वंश बहादुर चौहान पुत्र राम धीरज चौहान, निवासी ग्राम उदयपुर ग्रन्ट, थाना वजीरगंज, जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 18.07.2025 की रात्रि लगभग 8 बजे वह अपनी विद्युत मोटर खेत में चला कर घर चला गया था। रात्रि लगभग 2 बजे जब वह खेत पहुँचा तो मोटर चोरी हो चुकी थी। अज्ञात चोर द्वारा विद्युत मोटर चोरी कर ली गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 19.07.2025 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 वांछित अभियुक्तों- 01. पंकज सिंह पुत्र मेजर सिंह, 02. सुरेश सिंह पुत्र कप्तान सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया तथा घटना में संलिप्त 01 बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

## बिजली समस्या को लेकर लोगों मे आक्रोश

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के बिजली समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने शनिवार को बैठक किया। लोगों ने कहा कि इस समय एक माह से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली आने का समय निश्चित नहीं रहता है विजली आ भी जाती है तो कितनी बार कटेगी वह भी निश्चित नही है ।

दिन मे कटौती होती ही है लेकिन रात मे बिजली रहने का कोई भरोसा नहीं रहता है हल्की सी वरसात होने पर लाई नही रहती है बिजली मिल भी जाती है तो पंखा भी नहीं चलता है जिससे दिन की चैन व रात की नींद लोगों की हराम हो गई है। छेरियाकाक्षा पावर हाउस पर मनमानी ढंग से विद्युत आपूर्ति की जाती है। फ्यूज फाल्ट व कटौती को लेकर ग्रामीण काफी परेशान रहते है लोगो मे आक्रोश दिखाई दे रहा है। अधिकारी से बात करने पर आश्वासन ही मिलता है काम नही होता है। अगर आपूर्ति मे जल्द सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र वासियों के साथ मिलकर उपभोक्ता प्रदर्शन करेंगे।

# डायट बांसी में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी में एफएलएन पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान एवं एनसीईआरटी संरेखित कक्षा तीन की नई पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के एआरपी तथा नवाचारी शिक्षकों ने भाग लिया। ये सभी विकास खंड स्तर पर प्राथमिक कक्षाओं के समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

प्रशिक्षण नोडल श्रवण कुमार व सतीश कुमार धवन ने ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को बुनियादी साक्षरता, गणनात्मक दक्षता, अंग्रेजी भाषा का बुनियादी ज्ञान एवं एनसीईआरटी की नवीन पाठ्य पुस्तकों जोकि एससीईआरटी द्वारा संशोधन के साथ परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक और शैक्षिक संदर्शिकाओं पर आधारित शैक्षिक रणनीतियों से अवगत कराया।

बीएसए शैलेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान भाषा, गणित के कौशल विकास, गतिविधि-आधारित शिक्षण, मूल्यांकन तकनीक एवं बाल केंद्रित शिक्षा पद्धति पर विशेषज्ञों द्वारा बताई गई विधियों को स्कूलों में अपनाने पर जोर दिया। उप प्राचार्य लालजी कुमार पांडेय ने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई शिक्षण विधाओं को बच्चों तक पहुंचाने को कहा। एसआरजी अंशुमान सिंह, अपूर्व श्रीवास्तव व ट्रेनर कल्पना ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण का सफलता पूर्वक संचालन किया। इस दौरान मंजुला यादव, अनुराग श्रीवास्तव, प्रतिभा, महेंद्र यादव, बद्रीनाथ त्रिपाठी, अनिल बिंद, सत्येंद्र सिंह, संतोष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, कृष्णकिशोर त्रिपाठी, शिवम पाठक, रितेश बहादुर सिंह, मारुति नन्दन, आशीष त्रिपाठी, सौरभ पांडेय आदि मौजूद रहे।

## खेल महोत्सव का समापन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 12 से 18 जुलाई तक चले जिलास्तरीय खेल महोत्सव का समापन शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस सात दिवसीय आयोजन में तैराकी, भारोत्तोलन, हैंडबॉल, कुश्ती, जूडो, हॉकी और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दमखम दिखाया।अंतिम दिन बैडमिंटन सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडे ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना जैसे गुणों को मजबूत करते हैं।जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे।

खेल महोत्सव के अंतिम दिन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एकलव्य स्टेडियम और गिर्फिन पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें एकलव्य स्टेडियम ने 2-0 से जीत दर्ज की। समारोह में ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आशाराम वर्मा, राम प्रकाश त्रिपाठी, भरत शुक्ला, मो. महमूद आलम, राम केवल समेत कई कोच और प्रशिक्षक मौजूद रहे। विजेता खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया गया।

## विश्व हिंदू महासंघ के जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** विश्व हिंदू महासंघ के जिला कार्यकारिणी की एक बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष कृपा शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता व महामंत्री अरविंद शुक्ला के संचालन में आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष अधिवक्ता अनिल विश्वकर्मा, महामंत्री अमित कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जैनेंद्र मिश्रा, बलकेश यादव अवध, राम साहनी, भूप नारायण सिंह उर्फ राजन सिंह, सुधाकर चौबे, विशाल चतुर्वेदी, सूरज राय, संतोष मिश्रा, पशुपति दुबे आदि पदाधिकारी की उपस्थिति में पशुपति दुबे व विकास शुक्ला ने प्रस्ताव रखा कि सुधीर पांडे उर्फ फरसा बाबा संरक्षक विश्व हिंदू महासंघ बनकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं जिनके द्वारा कभी भी विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं को संरक्षण नहीं दिया जाता है, बल्कि आपातकाल में अपने फोन को स्विच ऑफ कर लिया जाता है ऐसे व्यक्ति को संरक्षक के दायित्व से निष्कासित कर देना चाहिए। कार्यकारिणी ने सर्वसम्मत से सुधीर पांडे को विश्व हिंदू महासंघ से निष्कासित किया और भविष्य में संरक्षकविश्व हिंदू महासंघ लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने या अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत होने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जाएगा।

## 24 वर्षीय युवक ने घर के अंदर बंद कमरे में लगा ली फांसी

**जलालपुर अंबेडकर नगर।** 24 वर्षीय युवक ने घर के अंदर बंद कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट का है जहां शनिवार दोपहर करीब 3ः00 बजे नीरज पांडे पुत्र शिव मंगल पांडे 24 वर्ष ने घर के अंदर शटर बंद कर पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया और मौत हो गई परिजनों द्वारा घटना की सूचना जलालपुर पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया जानकारी के अनुसार मृतक नशे का आदी था यह तीन भाई और चार बहन थी मृतक भाइयों में दूसरे नंबर का था इसके दो बहन की शादी हो चुकी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# घायलावस्था में मिले युवक की मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान हुई मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के खुनौरा बाबा (कुनौना) गांव के पास शुक्रवार की रात नौ बजे घायलावस्था में मिले युवक की मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस मामले में परिजनों ने हत्या की नीयत से मारने की आशंका व्यक्त किया हैं। वही कुछ लोग इसे वाहन दुर्घटना मान रहे हैं।

शुक्रवार की रात नौ बजे खूनौरा बाबा गांव के उत्तर सड़क किनारे खेत में कोतवाली क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी 35 वर्षीय युवक दिलीप गुप्ता पुत्र गौरीशंकर खून से लथपत पड़ा था उसके सिर पर गहरे घाव के निशान और जबड़े पर भी गंभीर चोट लगी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के सहयोग से घायल को सी एच सी तिलौली पहुंचाया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिलीप गुप्ता तिलौली के एक किराना व्यवसाई के पिकअप का ड्राइवर था। वह शुक्रवार की रात अपनी ड्यूटी पूरी कर बाईक से रोज की भांति तिलौली से घर के लिए निकला था और गांव से लगभग एक किलोमीटर पहले तिलौली- बनकेगांव मार्ग से कुर्थिया मोड पर खुनौरा गांव के पास सडक किनारे खून से लथपत घायलावस्था में मिला था । कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक भी पड़ी थी। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दिया। मृतक दिलीप गुप्ता के पत्नी रुक्मणि और ग्यारह वर्ष का बेटा सत्यम है।

मृतक दिलीप की पत्नी रुक्मणि का कहना है कि घटना के समय वह मायके में थी सूचना मिलने पर मेडिकल कालेज पहुंची है। उसने कहा कि उसके पति का एक्सीडेंट नहीं हुआ है उसे हत्या करने की नीयत से मारा गया है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम हो जाने के बाद वह इस आशय की तहरीर बांसी कोतवाली पुलिस को देगी। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि जांच किया जा रहा है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तशनागान ए फुरात का मातम का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के फरीदपुर स्थित मोहम्मद हसन जौनपुरी के आवास पर विगत वर्षो की भांति तश्नगान-ए-फुरात का मातम का आयोजन किया गया। मौलाना असगर मशहदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि कर्बला की दास्तान हमें सत्य के मार्ग पर चलने को प्रेरित कर रही है।

अंजुमन अजादार-ए-हुसैनी जाफराबाद की नौहाख्वानी के बीच अलम ,जुलजनाह दुलदुल की जियारत कराई गई।अंजुमन काजिमया जाफराबार, अंजुमन जाफरिया छोटा इमामबाड़ा,अंजुमन रौनक ए अजा, अंजुमन अब्बासिया,अंजुमन जुलफिकारिया रजिस्टर,अंजुमन जाफरिया नेशनल,अंजुमन अजा-ए-हुसैन, अंजुमन जुलफिकारिया पूरब तरफ ने देर रात तक नौहा मातम कर कर्बला के 72 शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में इब्ने अली जाफरी, मास्टर अलमदार हुसैन,अजादार हुसैन खुद्दार, इमरान अब्बास, सैफ़ अब्बास राजू, गुलाम अब्बास,फैजी, मास्टर अमीर हैदर

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी से आरोपी को हुई सजा

**गोण्डा।** थाना मोतीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फरेंदा मौजा सोहांस में दो पक्षों के मध्य दिवाल बनाने के नाम को लेकर विवाद हुआ था। वादी संतोश कुमार सिंह की तहरीर पर थाना मोतीगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसमें थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

पुलिस महानिदेशक के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, लोक अभियोजक, कोर्ट मोहर्रिर मु0अ0 नीरा व थाना मोतीगंज के पैरोकार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय/पीठासीन अधिकारी द्वारा अभियुक्तों को 03 वर्ष का कारावास व प्रत्येक को रू0 6,500-6,500 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# ककरहवा में बनेगा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट एक ही जगह होगी सारी सुविधाएं : सांसद

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** अब भारत-नेपाल के ककरहवा सीमा पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का जल्द ही निर्माण होगा, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा, व्यापार तथा लोगों की आवाजाही के साथ-साथ अनेक देशों से आने वाले बुद्धिस्ट पर्यटको को भी इससे बेहतर सुविधा मिलेगी।

उक्त बाते सांसद जगदंबिका पाल ने शनिवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बतायीं। उन्होंने कहा मेरे निरंतर गृह मंत्री अमित शाह तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से प्रयास करने पर यह सुविधा हमारे जिले में मिली है।

इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के हो जाने से एक ही स्थान पर कई सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के कारण, यात्रियों और सामानों की जांच में लगने वाला समय कम हो जाएगा तथा व्यापार में बढ़ावा मिलेगा जिससे दोनों देशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा व्यापार में मजबूती मिलेगी इतना ही नहीं एकीकृत चेक पोस्ट से सीमा सुरक्षा भी मजबूत होगी क्योंकि यहां सभी सुरक्षा एजेंसियां एक साथ काम करेंगी एकीकृत चेक पोस्ट से जहां सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलेगा वहीं व्यापारियों को इससे सीधा लाभ होगा आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी रोजगार को बढ़ावा मिलेगा

एकीकृत चेक पोस्ट के निर्माण और संचालन से सीमावर्ती क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि नेपाल सीमा पर हमारा जिला होने के कारण हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों का भी विकास होगा युक्त अवसर पर नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह, राजेंद्र पांडे, मनोज मौर्या, चिनकू यादव, रमेश मणि त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष चिल्हिया विजय पांडे आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर श्यामू प्रसाद पुत्र बहादुर मौर्या नि0 खम्हरिया खपड़हवा थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा को मोकलपुर गांव नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

आज दिनांक 19.07.2025 को थाना खोड़ारे के उ0नि0 अजय कुमार निषाद राउत मय हमराह के साथ शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मोकलपुर गांव नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति के संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर चेक किया गया तो उसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त श्यामू प्रसाद के विरूद्ध थाना खोड़ारे में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## टांडा पालिका प्रशासन में स्थायी रूप से ईओ के न होने से कार्य प्रभावित

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर ।** जनपद की ए श्रेणी की सुप्रसिद्ध नगर पालिका परिषद टाण्डा को बीते कोरोना कॉल से मानो नज़र लग गई हो जहां कुछ कारणों को लेकर सभासदों में विरोधाभास तो चल ही रहा वही लगातार नगर पालिका परिषद टाण्डा प्रशासक द्वारा संचालित हो रही है।

उपजिलाधिकारी टाण्डा को नगर पालिका परिषद टाण्डा का प्रभारी/अधिशाषी अधिकारी भी बनाया गया है जहां उनके ऊपर पहले से ही काफी लोड है दूसरे नगर पालिका परिषद टाण्डा का भी लोड है इसलिए बहुत सारे जनसमस्या के आवश्यक कार्य में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही है एक तरफ नगर पालिका ईओ डॉक्टर आशीष कुमार सिंह छुट्टी पर चले गए और दूसरी तरफ नगर पालिका के तेज़-तर्रार राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव के स्थानांतरण के बाद नगर पालिका टांडा का रूतबा भी खत्म होता नज़र आ रहा जहां गैर जिम्मेदार अपने आपको अधिकारी से भी ऊपर समझ बैठे है जहां नगर पालिका परिषद टाण्डा में मानो सन्नाटा सा पसर गया हो जहां लोकल के रहने वाले कर्मचारी अपना रूतबा और भौकाल मेंटेन करते दिखाई पड़ रहे है।

जहां नगर पालिका परिषद टाण्डा में जब तक ईओ डॉक्टर आशीष कुमार सिंह, और राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव की तैनाती थी उस समय नगर पालिका के सभी कर्मचारी और सफाई कर्मी के साथ नगरक्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में डर सा बना हुआ था लेकिन अब सब कुछ खत्म होता दिखाई दे रहा जहां तैनात कुछ फोर्थ क्लास के कर्मचारी राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार गौरव की जगह लेने की ख्वाहिश रखते है साथ ही उनकी यह भी मंशा है कि नगर पालिका परिषद टाण्डा में तैनात कुछ और आरआई है जो अपनी जगह कड़ाक है और कड़ाई से कार्य करवा रहे है।

## चुनौतियां


विदेशमंत्री जयशंकर और चीन के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के लिये वार्ता से पता चलते है इसमें चुनौतियां काफी है। एलएएसी लाईन आफ कन्ट्रोल को लेकर विदेश मंत्री की चीनी प्रेसिडेन्ड शी जिनपिंग और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के हेड वांगयी जो चीनी विदेश मंत्री भी है उनसे भारत के विदेश मन्त्री की मुलाकात इशारा करती है भीतरी सम्बन्ध सुधारने की 2020 की सैनिक झडप के बीच दोनो देशो के बीच सम्बन्ध सुधारने की ओर इशारा करते है। एससीओ कोन्सिल आफ फारेन मन्त्रियों की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शी ब्रिक्स बैठ के दौरान मिले थे। पेट्रोलिंग पर समझ बनी थी फिर शिघ्र ही पुराने रव पर आ गई। पर इस स्थिति पर आने के पहले एनएसए अजित डोवल, विदेश मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री चीन गये थे। दूसरे इशारे चीन भारत सम्बन्ध सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ते दिखे। एक समझौता भी हुआ। सीधी उड़ानो पर सहमति बनी। विसएस्ट्रीक्शन में भी ढील दी गयी। कैलाश मानसरेवर यात्रा फिर शुरू हुई। विदेश मंत्री ने कहा अभी बहुत कुछ सुधारने की जरूरत है। कुछ प्रमुख मुद्दे अनसुलझे रह गये।

पहले की असम्बद्धता सैनिकों को पहले से बाद आये सीमा से पीछे हटना शुरू नहीं हो सका। चीन का व्यापार प्रौक्टिसेज पर बन्धन बना रहा। चीन से निर्यात अयात तनावपूर्ण बना रहा। एससीओ बैठक में जयशंकर ने चीनी प्रतिनिधि को इससे अवगत कराया। आपरेशन सिन्दूर को लेकर चीन पाक और करीब आये। भारत का ट्रेड डेपसिट चीन के साथ चल ही रहा है। चीन भारत के साथ सहभागिता सहयोग नहीं चाहता है वह भारत से स्पर्धा करता रहता है भारत के ऊपर बना रहना चाहता है। स्वस्थ परिस्पर्धा कुशलता बढ़ाती पर इसके विपरीत की स्पर्धा कुन्ठा बढ़ाती है पीछे ढकेलती है। एसपीओ तीन बातो को लेकर बना था। आतंकवादिता, अलभाववाय और असम्बद्धता। वैश्विक उठा पटक के बीच अमेरिका चीन नजदीक आ रहे है। व्यापार में चीन से भारत काफी पीछे है। भारत का व्यापार घाटा चीन के साथ 100 बिलियन डालर से ज्यादा है। चीन एआई टेकनालजी में भी आगे है। साउथ एशिया में चीन अपनी पैठ बना रहा है। अभी बांगलादेश के करीब मदद के बहाने से आया है। भारत को अपना घर ठीक रखना चाहिए अन्दर कलह और बाहर के झमड़ो के प्रति जागरूक रहकर अपने हित के कदम उठाकर प्रभाव बढ़ाये। बाहर के देशे से भी अच्छा सम्बन्ध बनाये गये। चीन पर विशेष शेष ध्यान बनाये रहे और कुन्ठा राहित अपने हिसाब से कदम उठाते रहना चाहिये। अपनी बढ़त बढाते चले।

## लखनऊ के साहित्यिक परिदृश्य पर उपन्यास आत्माओं का सराब

सुहैल काकोरवी

शायद ही कोई इंसान हो जो जीवन में संघर्ष से मुक्त हो। आम इंसान अपनी इस स्थिति को व्यक्त करने के लिए किसी हमदम या हमनवा की तलाश करता है, ताकि कुछ कहकर अपने दिल का बोझ हल्का कर ले और फिर जीवन अपने ढर्रे पर चलने लगे। लेकिन एक कवि, एक साहित्यकार, एक कहानीकार, परिस्थितियों से उत्पन्न जीवन की जटिलताओं पर विचार करता है और कलम उठाकर कागज से संपर्क स्थापित करता है। आसपास में घटित होने वाली घटनाओं से निर्मित प्रभाव व्यक्तिगत होकर सार्वभौमिक हो जाता है और यदि उसकी रचना विश्लेषण की सभा में जाती है, तो विवेचना के द्वार खुलते हैं।



उपन्यास बस्तियों के इर्द-गिर्द घूमने के बजाय जंगल के माहौल से भी सरोकार रखता है। उन्होंने शहर में रहने वालों को जंगल की जिंदगी के करीब लाने की कोशिश की है और अपरिचित को परिचित करने में वे सफल नजर आते हैं। जंगल के फूलों को शहरों के सजे? चमनो में स्थापित किया है। एक हाथी का बेकाबू हो जाना और नकवी साहब अपने निजी पारिवारिक मामलों को प्राथमिकता देने के बजाय हाथी को काबू करने को तरजीह देते हैं।

यह प्रस्तावना राजीव प्रकाश साहिर के बारे में है। हम मृगतृष्णा को पा नहीं सकते, लेकिन दृष्टि से उत्पन्न होने वाली खुशी या दुख आत्मा ही उपलब्ध कराती है। गोमती की दृष्टि आत्माओं के मृगतृष्णा से निकला पहला अहसास है, जो उपन्यासकार के लिए बेचैनी का कारण बनता है। नकवी साहब इस सराब से प्राप्त उम्मीद हैं, जिनका कार्यक्षेत्र जंगल है। उनके माध्यम से उपन्यासकार यह बता रहा है कि मानवता के जज्बों से सराबोर व्यक्ति जब प्रकृति के नियम को मानव अपने हाथ में लेकर अत्याचारी बनता है, तो उसके अत्याचार की तलवार को तोड़ने के लिए लौह पुरुष बनना पड़ता है।

नकवी साहब न केवल जंगल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, बल्कि उनका दिल बेजुबान जानवरों के लिए भी धड़कता है। वे एक हाथी को अत्याचार की कैद से मुक्त करने के लिए तैयार हो जाते हैं, और उनका इस उद्देश्य में सफल होना राजीव के कथानक का एक सार्थक और प्रभावशाली पहलू है। वे इस रास्ते में नकवी साहब के सामने आने वाली भारी बाधाओं का जिक्र इस तरह करते हैं कि पाठक इसमें शामिल होकर उपन्यासकार की सोच की प्रशंसा का अध्याय खोलता है। इसमें एक तांत्रिक से भी मुलाकात होती है, और इस वर्णन के संदर्भ में शोषण को निशाना बनाया गया है।पात्रों का निर्माण इस तरह किया गया है कि जिसे प्रस्तुत किया गया है, उसकी स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाती है।

यह अवलोकन की शक्ति का कमाल है और कथानक पर पूर्ण नियंत्रण का प्रतीक है। सफेदाबाद की डेरा तवायफों का, अभय जोशी का किरदार–यह सब कुछ उपन्यास पढ़ने वाले को एक अलग अंदाज में परिचित कराने का उनका हुनर है। एक किरदार चंदन है और एक स्त्री किरदार रफत, जिनके बीच की प्रेम की व्याख्या में न जाकर उन्होंने एक कसक छोड़ी है, जो बहुत महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि यह तय है कि इस उपन्यास का रोमांस या परंपरागत प्रेम से कोई सीधा संबंध नहीं है, और न होना चाहिए था। यह एक आध्यात्मिक संकेत है और बस। उपन्यास बस्तियों के इर्द-गिर्द घूमने के बजाय जंगल के माहौल से भी सरोकार रखता है। उन्होंने शहर में रहने वालों को जंगल की जिंदगी के करीब लाने की कोशिश की है और अपरिचित को परिचित करने में वे सफल नजर आते हैं।

जंगल के फूलों को शहरों के सजे? चमनो में स्थापित किया है। एक हाथी का बेकाबू हो जाना और नकवी साहब अपने निजी पारिवारिक मामलों को प्राथमिकता देने के बजाय हाथी को काबू करने को तरजीह देते हैं।आत्माओं का सराब राजीव प्रकाश साहिर की उपन्यास की राह में पहली कोशिश है, और यह पहला नक्श अपना अलग आकर्षण रखता है। मेरा मानना है कि दृश्य कहीं मनमोहक हैं, कहीं दिल तोड़ने वाले, और यही मिश्रण ही जीवन का नाम है। पिछले कवर पर प्रख्यात उपन्यासकार प्रोफेसर खालिद जावेद की राय भी दर्ज है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**चुनावी सभाओं में वादा किया था कि वह इस रिपोर्ट को सार्वजनिक कर देंगे, परंतु अभी एफबीआई व डीओज़े ने मामले को बंद करने की घोषणा करने पर बखेड़ा खड़ा हुआ है, मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके राजनीतिक विरोधी इस मुद्दे का इस्तेमाल उन पर हमला करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि डेमोक्रेटिक पार्टी का नया घोटाला वही है, जिसे हम हमेशा जेफ्री एपस्टीन होक्स कहेंगे और मेरे पुराने समर्थक भी इस बकवास में पूरी तरह से फंस गए हैं।**

# ट्रंप एपस्टीन मामले पर अपने ही समर्थकों से घिरे

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सभी लोकतांत्रिक देशों में जनता अपनी व राष्ट्र की उन्नति विकास सुव्यवस्था कानून व्यवस्था व पारदर्शिता से काम करने व चुनाव में किए गए वादों को निभानेकी उम्मीद कर काबिल प्रत्याशी को वोट देकर कॉरपोरेटर से पीएम तक की कुर्सी पर पहुंचाती है, तो फिर उसचुने हुए व्यक्तित्व का कर्तव्य फ़र्ज़ बन जाता है,कि उन उम्मीदों वादों को पूरी जवाबदारी के साथ पूर्ण कर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे,परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत सहित विश्व में कम ही ऐसे नेता हैं जो पूरी तरह जनता की उम्मीदों पर खरे उतरते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पिछले दो दिनों से अमेरिकाके राष्ट्रपति ट्रंप पर एपस्टीन मामले में पूरी रिपोर्ट व कागजात सार्वजनिक करने के चुनाव में किए गए वादे पर खरा नहीं उतरते व डिपार्मेंट आफ जस्टिस व एफबीआई द्वारा संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि यह केस औपचारिक रूप से बंद करने की घोषणा की जाती है, तो ट्रंप के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन सहित उनके अनेक समर्थक नाराज हो गए, व आंदोलन शुरू है। एक ओर रूस और यूक्रेन को तुरंत रोकने का वादा अभी पूरा नहीं हुआ हो रहाहै,तो दूसरी ओर एपस्टीन मामले की रिपोर्ट जारी नहीं कर उन्हें बंद करने का फरमान सुना दिया गया है, ट्रंप इन दोनों मामलों में फेल होते नजर आ रहे हैं।चूँकि एलन मस्क ने आरोप लगाया है कि एपस्टीन की क्लाइंट लिस्ट में ट्रंप भी शामिल है इसलिए मामला बंद करवाया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एपस्टीन मामले पर अपने ही समर्थकों से घिरे-क्लाइंट लिस्ट में नाम शामिल होने का संदेह-चुनावी वादा पूरा नहीं करने पर समर्थक भड़के।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम एपस्टीन मामले को समझने की करें तो, गौरतलब है कि जेफ्री एपस्टीन अमेरिका का एक कुख्यात यौन तस्कर और अरबपति फाइनेंसर था, जिस पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप लगे। एपस्टीन ने साल 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी। हालांकि उसकी मौत के बाद भी उससे जुड़ी कईकहानियां अभी चलती रहती हैं। हाल ही में ट्रंप प्रशासन ने न्याय विभाग और एफबीआई को एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने से रोक दिया है। इसके बाद हंगामा शुरू हुआ है। दरअसल कई लोगों के आरोप है कि एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में राष्ट्रपति ट्रंप का भी नाम है। कभी ट्रंप के समर्थक रहे और अब आलोचक एलन मस्क ने भी ऐसे ही आरोप लगाए हैं। कई रिपब्लिकन सांसद भी न्याय विभाग पर दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का दबाव बना रहे हैं। यही वजह है कि एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग हो रही है।एप्स्टीन केस- नाबालिग लड़कियों के शोषण का आरोप (1) जेफ्री एप्स्टीन को पहली बार 2006 में फ्लोरिडा के पाम बीच से गिरफ्तार किया गया। एप्स्टीन को वेश्यावृत्ति और नाबालिगों को लालच देने के लिए दोषी ठहराया गया। (2) हालांकि,कुछ सौदेबाजी के बाद उसे सिर्फ 13 महीने की हिरासत मिली, जिसमें वर्क रिलीज की इजाजत थी (3) वर्जीनिया गिफ्रे नाम की महिला ने 2009 में आरोप लगाया कि एप्स्टीन ने उन्हें नाबालिग रहते यौन तस्करी के लिए मजबूर किया। 2011 में गिफ्रे ने इस मामले में ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू का भी नाम लिया (4) 2015 में ग्रिफ्रे ने एप्स्टीन के खिलाफ मुकदमा दायर किया। इसमें एप्स्टीन के प्रिंस एंड्रयू और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ रिश्तों का जिक्र था। (5) एप्स्टीन को 2019 में फिर से नाबालिगों की यौन तस्करी के मामले में गिरफ्तारकिया गया। गिफ्रे ने ही एप्स्टीन के खिलाफ अदालत में गवाही दी। (6) एप्स्टीन को वेश्यावृत्ति का नेटवर्क चलाने और बड़ी संख्या में महिलाओं के यौन शोषण और मानव तस्करी का दोषी ठहराया गया। एप्स्टीन की लिस्ट में बिल क्लिंटन, माइकल जैक्सन का नाम? (1) जनवरी 2024 में एक अमेरिकी कोर्ट ने जेफ्री एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक किए थे। इसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, माइकल जैक्सन और ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू जैसे हाई-प्रोफाइल लोगों के नाम थे। (2) इसमें बिल क्लिंटन और प्रिंस एंड्रयू के साथ एप्स्टीन की पुरानी दोस्ती का भी जिक्र किया गया था। एप्स्टीन के मुताबिक क्लिंटन को कम उम्र की लड़कियां पसंद थीं। हालांकि, क्लिंटन के खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं हो पाया।



साथियों बात अगर हम ट्रंप पर एपस्टीन मामले पर बढ़ते दबाव की करें तो, उन्होंने चुनावी सभाओं में वादा किया था कि वह इस रिपोर्ट को सार्वजनिक कर देंगे, परंतु अभी एफबीआई व डीओज़े ने मामले को बंद करने की घोषणा करने पर बखेड़ा खड़ा हुआ है, मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके राजनीतिक विरोधी इस मुद्दे का इस्तेमाल उन पर हमला करने के लिए कर रहे हैं। इसके बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि डेमोक्रेटिक पार्टी का नया घोटाला वही है, जिसे हम हमेशा जेफ्री एपस्टीन होक्स कहेंगे और मेरे पुराने समर्थक भी इस बकवास में पूरी तरह से फंस गए हैं। उन्होंने अपना सबक नहीं सीखा है और शायद कभी सीखेंगे भी नहीं। जेफ्री एपस्टीन मामले की फाइलों के खुलासे का दबाव ट्रंप प्रशासन पर बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि ट्रंप इसे लेकर नाराज हो गए हैं और इस बार उन्होंने अपने समर्थकों को ही लताड़ लगा दी है। ट्रंप ने कहा कि उनके जो पूर्व समर्थक डेमोक्रेटिक पार्टी की बकवास में फंसकर एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग कर रहे हैं, वे कमजोर हैं और अब उन्हें अपने इन कमजोर समर्थकों का साथ नहीं चाहिए। एपस्टीन मामले पर ट्रंप के इस बयान से साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी में दरारें उभर रही हैं। कई लोगों के आरोप है कि एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में राष्ट्रपति ट्रंप का भी नाम है। कई रिपब्लिकन सांसद भी न्याय विभाग पर दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का दबाव बना रहे हैं। ट्रंप ने शनिवार (12 जुलाई, 2025) को दावा किया कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जो बाइडेन और हिलेरी क्लिंटन ने मिलकर एपस्टीन फाइल्स तैयार की हैं? ताकि 2026 के मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान पहुंचाया जा सके दरअसल अमेरिका में चर्चित जेफ्री एपस्टीन मामले को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है, डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओज़े) और एफबीआई ने हाल ही में एक संयुक्त मेमो जारी कर इस केस की जांच को औपचारिक रूप से बंद करने की घोषणा की है, इस फैसले ने ना सिर्फ राजनीतिक बहस को जन्म दिया है, बल्कि ट्रंप को भी हमलावर बना दिया है।

# आपदा प्रबंधन तंत्र को और मजबूत करना होगा

**असम दूसरा सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, जहां छह बाढ़ की घटनाओं में 42,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इसी तरह त्रिपुरा में भी हालत गंभीर रहे, जहां 10 बाढ़ की घटनाओं में 21,000 से ज्यादा लोगों बेघर हो गए। भारत अपनी विशिष्ट भू-जलवायु परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति पारंपरिक रूप से संवेदनशील रहा है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन यहाँ बार-बार होने वाली घटनाएँ रही हैं।**

इस सदी के पहले दो दशकों के दौरान तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया भर में बाढ़, तूफान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल असर से आज भारत के साथ-साथ समूचा विश्व ही दो-चार हो रहा है। इसकी वजह से उपजी आपदाओं के कारण न सिर्फ जान-माल की व्यापक क्षति हो रही है, अपितु बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापित होने के लिए भी विवश होना पड़ रहा है।



रोहित माहेश्वरी

भारत में भी प्राकृतिक आपदाओं का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। साल 2024 में भारत में 400 से ज्यादा प्राकृतिक आपदाएं आई जो पिछले दो दशकों में सबसे अधिक हैं और इस आपदाओं का सबसे बड़ा नुकसान लोगों के घरों को हुआ है। साथ ही ये आपदाएं लोगों को अस्थायी और स्थायी रूप से विस्थापित कर रही है। जेनेवा स्थित इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर यानी आईडीएमसी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारत में 1.18 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। ये आंकड़ा पिछले सालों की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। साल 2022 में लगभग 32,000 और 2021 में 22,000 लोग बेघर हुए थे।

प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती संख्या भी चिंताजनक है। साल 2019 से 2023 के बीच भारत में कुल 281 प्राकृतिक आपदाएं दर्ज की गई थी, लेकिन केवल 2024 में ही 400 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, पिछले छह सालों में बाढ़ के कारण 55 फीसदी लोग आंतरिक रूप विस्थापन हुए, जबकि आंधी-तूफान के कारण 44 फीसदी लोग विस्थापित हुए। इसके अलावा भूस्खलन, भूकंप और सूखे जैसी अन्य जलवायु-संबंधी आपदाओं ने भी हजारों लोगों को बेघर कर दिया। इसके इतर साल 2024 चिंताजनक था तो साल 2025 में हालात और भी बदतर हैं। इंटरनल डिस्प्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर के अनुसार, 2025 के छह महीनों में ही पूरे भारत में 1.6 लाख से ज्यादा लोग प्राकृतिक आपदाओं के कारण बेघर हुए हैं।



ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां 20 मई को मालदा के मथनाशिपुर में में मिट्टी के कटाव के कारण लगभग 80,000 लोग विस्थापित हुए। जबकि राज्य में सिर्फ एक बड़ी बाढ़ की घटना दर्ज की गई थी। वहीं, असम दूसरा सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, जहां छह बाढ़ की घटनाओं में 42,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इसी तरह त्रिपुरा में भी हालत गंभीर रहे, जहां 10 बाढ़ की घटनाओं में 21,000 से ज्यादा लोगों बेघर हो गए। भारत अपनी विशिष्ट भू-जलवायु परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति पारंपरिक रूप से संवेदनशील रहा है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन यहाँ बार-बार होने वाली घटनाएँ रही हैं। लगभग 60 फीसदी भूभाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों से ग्रस्त है; 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ से ग्रस्त है; कुल क्षेत्रफल का लगभग 8 फीसदी चक्रवातों से ग्रस्त है और 68 फीसदी क्षेत्र सूखे की चपेट में है। 1990-2000 के दशक में, हर साल औसतन लगभग 4344 लोगों ने अपनी जान गंवाई और लगभग 30 मिलियन लोग आपदाओं से प्रभावित हुए। निजी, सामुदायिक और सार्वजनिक संपत्तियों का नुकसान बहुत बड़ा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव लाया है। नया दृष्टिकोण इस विश्वास पर आधारित है कि विकास तब तक टिकाऊ नहीं हो सकता जब तक कि विकास प्रक्रिया में आपदा न्यूनीकरण को शामिल नहीं किया जाता। दृष्टिकोण का एक अन्य आधार यह है कि न्यूनीकरण को विकास के सभी क्षेत्रों में बहु-विषयक होना चाहिए। नई नीति इस विश्वास से भी उत्पन्न होती है कि राहत और पुनर्वास पर व्यय की तुलना में न्यूनीकरण में निवेश अधिक लागत प्रभावी है। सरकार ने राष्ट्रीय आपदा ढांचे को एक रोडमैप में तब्दील किया है, जिसमें केंद्र सरकार ने सम्पूर्ण आपदा प्रबंधन चक्र में तैयारी, प्रतिक्रिया, क्षमता निर्माण, पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण तथा नवीन पद्धतियों, प्रौद्योगिकी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रयोग द्वारा न्यूनीकरण जैसे सभी मुद्दों के समाधान के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। पिछले दशक के दौरान, भारत ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

वर्ष 2004 में हिंद महासागर में आई विनाशकारी सुनामी के लगभग 2 दशक बाद, जिसमें 230,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी, भारत ने अपने आपदा प्रबंधन दृष्टिकोण को बदल दिया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम- 2005 के माध्यम से, इसने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की स्थापना की। 2004 की सुनामी के कहर से बुरी तरह प्रभावित भारत ने वैज्ञानिक प्रगति, पूर्व चेतावनी प्रणाली और समुदाय-नेतृत्व वाले कार्यक्रमों और योजनाओं के ज़रिए, अपनी आपदा तैयारियों को काफी मजबूत किया है। यूएनडीआरआर द्वारा भारत को विश्व के उन पांच देशों में से एक माना गया है जो तटीय क्षेत्रों के लिए खतरे, वहां आने वाली लहरों की ऊंचाई का पूर्वानुमान लगा सकता है तथा भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र (आईटीईडब्ल्यूसी) के माध्यम से वास्तविक समय में संवेदनशील इमारतों की पहचान कर सकता है, ताकि सम्पूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र को पूर्व चेतावनी दी जा सके। इस समय भारत की पूर्व चेतावनी प्रणाली दुनिया की सर्वाधिक विश्वसनीय प्रणालियों में से एक है, जो न केवल देश के भीतर, बल्कि श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार और थाईलैंड समेत, एशिया-प्रशान्त क्षेत्र के कई देशों को सहायता प्रदान करती है।

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 16 बटालियनें और 28 क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केन्द्र विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए अच्छी तरह सुसज्जित और प्रशिक्षित हैं। लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एनडीएमए और एनडीआरएफ द्वारा नियमित रूप से मॉक अभ्यास और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वैश्विक स्तर पर, भारत आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए पहचान (रिकग्निशन) और सुधार (रिफॉर्म) बहुत जरूरी है। 'पहचान' का मतलब ये समझना है कि आपदा की आशंका कहां है और वह भविष्य में कैसे घटित हो सकती है तथा सुधार का मतलब है कि ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जिसमें आपदा की आशंका कम हो जाए। इसके लिए हमें दो स्तर पर काम करना होगा। पहला, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को स्थानीय भागीदारी पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए और दूसरा, हमें आपदाओं से जुड़ें खतरों से लोगों को जागरूक करना होगा।

# मानवीय इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे फौज सिंह

**जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है– फौजा सिंह जब जागो, तब जागो के आदर्श वाक्य के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनके शुरुआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे। सरदार फौजा सिंह उन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण रहेंगे जो उम्र की बाधाओं के कारण हिम्मत हार जाते हैं। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'रोजाना स्पोक्समैन' अपने संपादकीय शीर्षक युगपुरुष का निधन में लिखता है- फौजा सिंह ने दुनिया के लगभग सभी महत्वपूर्ण शहरों में मैराथन स्पर्धाओं में हिस्सा लिया।**

मशहूर एथलीट फौजा सिंह का 114 साल की उम्र में सड़क हादसे में निधन, अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट, पंजाब विधानसभा में पेश बेअदबी विरोधी विधेयक पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' अपने संपादकीय में लिखता है- 114 वर्षीय मैराथन धावक फ़ौजा सिंह की अपने गृहनगर जालंधर के निकट एक सड़क दुर्घटना में मौत ने उस जीवन का अंत कर दिया, जिसने उम्र, सहनशक्ति और साहस की सीमाओं को चुनौती दी थी। वह सिर्फ़ एक बुज़ुर्ग मैराथन धावक नहीं थे, बल्कि समय की मार पर मानवीय इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने जन्म प्रमाण पत्र की कमी के कारण उनके रिकॉर्ड को दर्ज करने से इनकार कर दिया, लेकिन फौजा सिंह को अपनी पात्रता साबित करने के लिए किसी भी कागजात की आवश्यकता नहीं थी और उन्होंने अपनी दौड़ जारी रखी। फौजा सिंह ने अपनी पहचान से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने लंदन मैराथन में बिना पगड़ी के दौड़ने से इनकार कर दिया। फौजा सिंह ने लोगों में उम्मीद जगाई और अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया कि उम्र किसी भी चीज़ में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर तब फैली जब उनकी तुलना मुहम्मद अली और डेविड बेकहम से की जाने लगी।



डॉ. आशीष वशिष्ठ

अन्य लोगों के साथ, वह एडिडास के असंभव कुछ भी नहीं अभियान का चेहरा बन गए।

जालंधर से प्रकाशित पंजाबी जागरण लिखता है- फौजा सिंह ने बार-बार साबित किया कि उम्र बस एक संख्या है। अगर आपमें जुनून और साहस है, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। दुनिया उन्हें टर्बन्ड टॉरनेडो के नाम से जानती थी क्योंकि भारत के प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार खुशवंत सिंह ने टर्बन्ड टॉरनेडो शीर्षक से उनकी जीवनी लिखी थी। सिमरनजीत सिंह ने बच्चों के लिए एक किताब लिखी, फौजा सिंह कीप्स गोइंग, जो सिख चरित्र पर केंद्रित पहली प्रमुख बच्चों की किताब थी। उनके जीवन पर कई वृत्तचित्र और फ़िल्में बनीं, जिनमें फ़ौजा सिंहः स्पिरिट ऑफ़ द मैराथन और अनब्रोकन शामिल हैं। अखबार आगे लिखता है– साल 2013 में, 101 वर्ष की आयु में, फौजा सिंह ने दौड़ से संन्यास ले लिया, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य, आनंद और दान के लिए दौड़ना जारी रखा। सादगी, शाकाहारी जीवनशैली और सिख सिद्धांतों के प्रति समर्पण ने उन्हें न केवल एक महान एथलीट बनाया, बल्कि एक प्रेरक व्यक्तित्व भी बनाया। उनकी विरासत पंजाब, पंजाबियों और दुनिया भर के लोगों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।




जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है– फौजा सिंह जब जागो, तब जागो के आदर्श वाक्य के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनके शुरुआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे। सरदार फौजा सिंह उन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण रहेंगे जो उम्र की बाधाओं के कारण हिम्मत हार जाते हैं। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'रोजाना स्पोक्समैन' अपने संपादकीय शीर्षक युगपुरुष का निधन में लिखता है– फौजा सिंह ने दुनिया के लगभग सभी महत्वपूर्ण शहरों में मैराथन स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। ऐसा करने के पीछे कोई आर्थिक महत्वाकांक्षा या लालच नहीं था बल्कि अगर कोई पुरस्कार राशि होती, तो उसे सामाजिक या धार्मिक कार्यों के लिए दान कर देते थे। उनका पूरा जीवन इस कथन का उदाहरण है कि जो उम्र को बंधन नहीं मानते, उनके लिए किसी भी उम्र में आसमान से कोई दुर्लभ रत्न उतार लाना कोई मुश्किल काम नहीं है। पंचकूला से प्रकाशित 'निर्भय सोच' लिखता है– वे एक महान व्यक्ति थे। वे सिख जगत के लिए गौरव का स्रोत थे। उन्होंने विश्व में सिखों की पहचान बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

बीते 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक महीने बाद जारी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है– विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के उड़ान भरने के एक सेकंड के भीतर ही इंजनों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। क्या यह सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण हुआ या मानवीय भूल के कारण? इस अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न ने गंभीर अटकलों को जन्म दिया है, जबकि एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने यह आरोप लगाया है कि जांच में पायलट की गलती को स्वीकार किया गया है, और ऐसा प्रतीत होता है कि समय से पहले ही निष्कर्ष पर पहुंच गई है। अखबार लिखता है– इस दुर्घटना ने लोगों की विश्वसनीयता को भी गहरा धक्का पहुंचाया है।

जालंधर से प्रकाशित 'अजीत' लिखता है– अहमदाबाद विमान हादसा देश के हवाई यात्रा इतिहास का सबसे बुरा हादसा था। इसने हवाई यात्रा की सुरक्षा के बारे में कई सवाल खड़े किए हैं। एक महीने बाद जारी दुर्घटना की पहली रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह मानवीय भूल थी या तकनीकी गड़बड़ी। पूरी और विस्तृत रिपोर्ट जारी होने में महीनों या सालों भी लग सकते हैं। अखबार लिखता है– भले ही आज हवाई यात्रा प्रणाली को हर दृष्टि से दोषरहित बनाने के लिए बहुत कुछ किया गया है, फिर भी ऐसी दुर्घटना का होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और विमानन कंपनियों के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। पटियाला से प्रकाशित चढ़दीकलां लिखता है, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुर्घटना के बाद विमानन नियामक और संबंधित कंपनियों ने जो सतर्कता और गंभीरता दिखाई, वह पहले नहीं दिखाई गई थी? अगर नहीं, तो अभी इसकी ज़रूरत क्यों है? तो क्या अनिवार्य सावधानियों की यह व्यवस्था भविष्य में भी प्रासंगिक रहेगी? यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि आमतौर पर किसी दुर्घटना से मिले सबक का असर प्रशासनिक व्यवस्था पर ज़्यादा देर तक नहीं रहता और व्यवस्था फिर से उसी ढर्रे पर चलने लगती है। पंजाब में धर्मग्रंथों के अपमान यानी बेअदबी से जुड़ा बेअदबी विरोधी विधेयक बीते दिनों विधानसभा में पेश किया गया। बेअदबी विधेयक पर पटियाला से प्रकाशित चढ़दीकलां लिखता है– आम आदमी पार्टी ने पंजाब की जनता से यह वादा किया था कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के दोषियों को कड़ी सज़ा दी जाएगी। विपक्ष इस सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि उसने पिछले साढ़े तीन वर्षों में बेअदबी के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। जैसा कि कहते हैं, देर आए दुरुस्त आए।

## छांगुर से भी बड़े अवैध धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़

# अमेरिका और दुबई से हो रही फंडिंग : डीजीपी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत यूपी पुलिस ने शनिवार को छांगुर से भी बड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह ऐसा गिरोह है जिनका सिंडिकेट देश के छह राज्यों में फैला हुआ है और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह को अवैध धर्मांतरण के लिए कनाडा, अमेरिका और दुबई से फंडिग की जा रही है और पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों से गिरोह के संबंध होने के संकेत मिले हैं।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था अमिताभ यश और आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने शनिवार पुलिस मुख्यालय में संयुक्त रुप से पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह प्रदेश में युवतियों को बरगलाकर, प्रलोभन देकर और कट्टरपंथी सोच के जरिए अवैध धर्मांतरण कराने में संलिप्त था। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए विभिन्न राज्यों से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक लड़की भी शामिल है।

डीजीपी ने बताया कि सीएम के निर्देश पर अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए प्रदेश भर में मिशन अस्मिता चलाया जा रहा है। पुलिस को आगरा से दो सगी बहनों के लापता होने की सूचना मिली थी, जिसकी जांच हुई तो अवैध धर्मांतरण का पूरा खेल सामने आया। जांच में पता चला कि दोनों लड़कियों का ब्रेन वॉश करके अवैध धर्मांतरण किया गया। इसके बाद पुलिस ने गहराई से छानबीन शुरू की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। डीजीपी ने बताया कि अवैध धर्मांतरण के लिए कनाडा, अमेरिका और दुबई समेत कई देशों से करोड़ों रुपये की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की भी जानकारी मिली है, जिसका उपयोग देश में धार्मिक कट्टरता फैलाने और लड़कियों को बहलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराने में किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह के तौर-तरीके, फंडिंग का दायरा और कार्यशैली आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की तर्ज पर ही संचालित होने के संकेत मिले हैं। डीजीपी ने बताया कि आगरा से लापता लड़कियों के मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने मामले की जांच के लिए सात टीमें बनायीं थीं। इस दौरान सर्विलांस, साइबर सेल से पुलिस को अहम जानकारियां मिलीं। उसके बाद पुलिस ने छापेमारी शुरू की। टीम को कोलकाता भेजा गया, जहां आगरा से लापता दोनों सगी बहनों को बरामद किया गया। दोनों बहनों से मिले इनपुट के आधार पर टीम ने 6 अलग-अलग राज्यों में छापेमारी कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभी तक की शुरुआती जांच में इस गिरोह के पीएफआई, एसडीपीआाई और पाकिस्तानी आतंकी संगठनों से संबंध होने के संकेत मिले हैं।

## जिलाधिकारी ने विकास खण्ड गुन्नौर का निरीक्षण किया

**संभल (बहजोई)।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण किया, कार्यालय की व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने विकासखण्ड अधिकारी कार्यालय, एडीओ पंचायत कार्यालय तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को देखा तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी आवास तथा विकासखण्ड के सम्पूर्ण परिसर की चहारदीवारी पर इलेक्ट्रिक फैंसिंग कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। सभागार कक्ष एवं अभिलेखागार कक्ष के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एडीओ पंचायत कार्यालय के निर्माण को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गत तीन वर्ष में कितना पैसा किस मद में खर्च हुआ है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा विकासखण्ड परिसर की लेखपाल के द्वारा पैमाईश कराने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया।

# डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** सदर तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आमजन की समस्याओं को सुना। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए निर्देश दिए कि पैमाइश के प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाये। बटवारे व अंश निर्धारण के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल के सुधार में देरी न की जाये। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि भूमि विवाद की दशा में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई करे। सुमन नाम की एक महिला जिसके पति का देहांत हो चुका है, को समाधान दिवस में निराश्रित महिला पेंशन व उनकी बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। एक बच्चा जो देख नहीं सकता था, का जिलाधिकारी ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने व बच्चे को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बच्चे का आरबीएसके के अंतर्गत इलाज कराने हेतु निर्देशित किया। जवाहर, शिव प्रकाश नाम के व्यक्तियों को मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित कराया गया। उमाशंकर नाम के एक व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व उनके दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। उमाशंकर को दुकान संचालन योजना का भी लाभ दिलाया गया। मोहिनी नाम की एक महिला, जिनके पति नहीं हैं, के दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। बिटोली व रम्मो नाम की बुजुर्ग महिलाओं को वृद्धावस्था पेंशन व आयुष्मान कार्ड से आच्छादित कराया गया। ब्रजलाल नाम के एक व्यक्ति को किसान सम्माननिधि दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश उप निदेशक कृषि को दिए गए। नीलम देवी नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाया गया तथा उनके दो बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया।

# जारी की गयी आरसी को तत्काल वापस ले जिला पंचायत



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला पंचायत में वर्ष 2016-17 के समाधान हो चुके संपत्ति एवं विभव कर बकाया के संबंध मे कस्बा बार, बानपुर, तालबेहट, जखौरा, बिरधा, धौर्रा आदि कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे व्यापारियों की आर सी जारी की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत जाकर अपर मुख्य अधिकारी से भेंट की। व्यापारियों ने कहा कि विभाग द्वारा जिस वर्ष की रिकवरी आरसी के माध्यम से जारी की गई है, उनका समाधान हो चुका था, उस वर्ष की आर.सी.जारी करना विधि विरुद्ध है, इसे वापस लिया जाना चाहिए। जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि ऑडिट ऑब्जेक्शन आने के कारण आर.सी. जारी की गई है, जिसके जवाब में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि विभाग को विधि अनुसार पहले संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करना चाहिए थे, जो जारी नहीं किए गए हैं, उन्हें वापिस लिया जाना चाहिए।

## भाषा विवि के फार्मेसी विभाग में नई नियुक्तियां पूर्ण

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फार्मेसी विभाग में नियुक्तियों की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विभाग को अब एक नया नेतृत्व और मजबूती मिली है। हाल ही में हुई नियुक्तियों के अंतर्गत डॉ. शालिनी त्रिपाठी को विभाग का निदेशक बनाया गया है, साथ ही 11 सहायक प्राध्यापकों की भी नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय का फार्मेसी विभाग बी.फार्मा और डी.फार्मा जैसे प्रमुख पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है, जिन्हें फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। यह मान्यता विभाग की गुणवत्ता और पेशेवर मानकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पिछले डेढ़ वर्षों में फार्मेसी विभाग ने उल्लेखनीय विकास किया है – चाहे वह शैक्षणिक गुणवत्ता हो, शोध की दिशा हो या अधोसंरचना।

# ग्राम पंचायत देवगढ़ में सदर विधायक की मौजूदगी में ग्राम की समस्या

अवधनामा संवाददाता

**जाखलौन (ललितपुर)।** ब्लॉक बिरधा की ग्राम पंचायत देवगढ़ में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय गांव की समस्या, गांव में समाधान रहा। ज्ञातव्य हो कि ग्राम पंचायत देवगढ़ में आयोजित ग्राम चौपाल का आयोजन मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा की उपस्थिति में किया गया। विधायकर ने सरकार में संचालित योजनाओं व उनके लाभ के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। वर्तमान सरकार में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचना चाहिए इसी उद्देश्य योगी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की आ रही है। भले ही किसी अपात्र को किसी योजना का लाभ मिल जाए लेकिन कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी जनकल्याणकारी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस बात



का विशेष ध्यान रखने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्राम चौपाल में उपस्थित सभी विभागों के संबंधित कर्मचारियों से उन्होंने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताए जाने हेतु माइक पर बोलने को आमंत्रित किया। विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्राम में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री रिंकी यादव द्वारा ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को बाल विकास

**■ ग्राम में समाधान ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन**

एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा गया कि उनके विभाग द्वारा आंगनबाड़ी में पंजीकृत गर्भवती धात्री माताओं किशोरी बालिकाओं व 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए योजनाएं संचालित है जिनमें पोषाहार वितरण करना उनका वजन और लम्बाई की माप करना तथा कुपोषित होने पर उन्हें एनआरसी केन्द्र में भर्ती कराना और कुपोषित होने से बचने के लिए नियमित पोस्टिक आहार लेने और संचारी अभियान के तहत साफ सफाई के बारे में जागरूक करना साफ पानी पीने, शौच क्रिया के बाद और खाना खाने से पहले अपने हाथों को साबुन या राख से धोने की सलाह देना तथा 3 बर्ष से 6 बर्ष के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा देना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीआई में प्रवेश की सूची हुयी जारी

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** आईटीआई ललितपुर, महरौनी, तालबेहट एवं पाली में सत्र अगस्त-2025 के प्रवेश हेतु द्वितीय चयन सूची एवं प्रथम चरण के प्रवेशित अभ्यर्थियों की उच्चीकृत (अपग्रेड सूची) राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा जारी कर दी गई है। द्वितीय सूची के चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक (अवकाश सहित) निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी व्यवसाय एवं संस्थान का आवंटन पत्र विभागीय बेवसाइट से डाउनलोड कर संस्थान में समस्त मूल प्रमाणपत्रों, प्रमाणित छायाप्रतियों, चिकित्सा प्रमाण पत्र, प्रथम टीसी, 04 पासपोर्ट साइज फोटो, अपने भरे हुए आवेदनपत्र की छायाप्रति, आवंटन/बुलावापत्र एवं प्रशिक्षण शुल्क/कासनमनी सहित निर्धारित तिथि 24 जुलाई तक संबंधित चयनित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। उक्त तिथि के बाद प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा।

### 995 ग्राम अवैध गांजा समेत दबोचा गया बदमाश

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना महरौनी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग में मुखबिर की सूचना पर चौकी खितवांस से 100 मीटर आगे ललितपुर की तरफ पुलिया के पास से ग्राम छपरट निवासी महादेव उर्फ करन पुत्र लाखन लोधी को एक अदद मोटर साइकिल सहित हिरासत में लिया है। महादेव के कब्जे से एक पैकट में अवैध गांजा (995 ग्राम) बरामद हुआ। पुलिस ने महादेव के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत एफआईआर पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। बदमाश को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह, उ.नि. निखिल मलिक, उ.नि. गुलाम फरीद, उ.नि.गम्भीर सिंह, हे.कां. राघवेन्द्र सिंह व कां. कुलदीप कुमार शामिल रहे।

### शिकायतें लंबित न रखी जायें : डीएम

**संभल (बहजोई) (अवधनामा संवाददाता)।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिससे शिकायतकर्ता शिकायत पुनः लेकर न आए। आज तहसील गुन्नौर में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमे 03 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जल शक्ति राज्य मंत्री ने किया उर्मिल बांध का निरीक्षण



**महोबा (अवधनामा संवाददाता)।** प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने शनिवार को उर्मिल बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उर्मिल बांध की जल भण्डारण क्षमता के बारे में राज्य मंत्री ने जानकारी ली। जल शक्ति मंत्री ने उर्मिल बांध के निरीक्षण के दौरान नहरों के संचालन के बारे में जानकारी ली। जनपद में पिछले कई दिनों से हुई बारिश के बारे में भी अधिकारियों से डेटा लिया। मंत्री जी को बताया गया कि उर्मिल बांध की वर्तमान में जल भंडारण क्षमता लगभग 116.6 एमसीएम के सापेक्ष 89.668 एमसीएम पानी उपलब्ध है। उर्मिल बांध में पिछले दिनों में कुल 765 एमएम बारिश हुई है। पड़ोसी जनपद छतरपुर में स्थित उर्मिल बांध का जल स्तर बढने पर बांध के सात गेट खोल कर 63 एमसीएम अतिरिक्त पानी निकाला गया।

# श्रद्धा भावना के साथ मनाया श्री गुरु हरकिशन साहिब जी का प्रकाश पर्व

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रीगुरु हरकिशन साहिबजी का प्रकाश पर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सहज पाठ साहिब की समाप्ति व लंगर की सेवा स्व.सरदार अवतार सिंह परिवार की ओर से हुई। वह गुरुद्वारा साहिब जी के दोनों निशान साहिबजी के चोले की सेवा स्व.सरदार गुरबचन सिंह हरविंदर सिंह सलूजा परिवार द्वारा हुई। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व प्रभजोत सिंहजी ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि हरकिशनजी की याद में दिल्ली का मशहूर गुरुद्वारा बंगला साहिब हैं, जब औरंगजेब ने उन्हें दिल्ली बुलाया था तब वह यहां रुके थे। कहा तो यह भी जाता है कि गुरु हरकिशन सिंहजी जब दिल्ली पहुंचे तो उस वक्त दिल्ली को चेचक महामारी ने घेर रखा था और गुरुजी ने इसी बंगले में लोगों का इलाज बंगले के अंदर के सरोवर के पवित्र पानी से किया था। जिसके बाद से ही इस बंगले को उनकी याद में गुरुद्वारा बंगला साहिब कर दिया गया। 8 साल की उम्र में ही अकाल पुरख में वलीन हो गये। मंत्री मंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि अमृतसर में 30 मार्च 1964 को चेचक की बीमारी के कारण महज 8 वर्ष की आयु में सिखों के सबसे छोटे गुरु गुरु हरकिशन सिंहजी ने प्राण त्याग दिए। उन्होंने अपने अंत समय में अपनी माता को अपने पास बुलाया और कहा कि उनका अंत अब निकट है। जब लोगों ने कहा कि अब गुरु गद्दी पर कौन बैठेगा तो उन्हें अपने उत्तराधिकारी के लिए केवल बाबा- बकाला का नाम लिया, जिसका अर्थ था कि उनका उत्तराधिकारी बकाला गांव में ढूंढा जाए। उनके उत्तराधकिारी गुरु तेगबहादुर थे और उनका जन्म बकाला में हुआ था।

## सुनील अर्कवंशी ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत

**सण्डीला हरदोई।** कताई मिल चौकी मुरारनगर सोम स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर से कांवरियों को पूर्व दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री, सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मंत्री प्रतिनिधि सुनील अर्कवंशी ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें मेहंदी घाट के लिए रवाना किया। शनिवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर कताई मिल चौकी मुरारनगर सोम से मल्लावा मार्ग राघोपुर होते हुए मेहंदीघाट के लिए? प्रस्थान कर रहे हजारों कांवरियों को पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व सुभासपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मंत्री प्रतिनिधि सुनील अर्कवंशी ने पुष्प वर्षा कर रवाना किया। इस अवसर पर भोलेनाथ पार्वती व नंदीबाबा की झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में डीजे की मधुर धुन पर शिवभक्तों द्वारा हर हर महादेव, जय हो भोलेनाथ के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया और शिवभक्त भोलेबाबा के गीतो पर झूमते नजर आए।

# स्थानान्तरण होने पर प्राध्यापक डा. मनोज को दी भावभीनी विदाई



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में विगत 3 वर्षो से असि.प्रो.राजनीति विज्ञान के पद पर कार्यरत डा.मनोज कुमार का स्थानान्तरण विशेष सचिव उ.प्र. शासन लखनऊ द्वारा कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया होने के फलस्वरूप प्रबंधक प्रदीप चौबे के निर्देश पर प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा नवीन महाविद्यालय के लिए कार्यमुक्त किए जाने पर आज आयोजित विदाई समारोह डा.मनोज कुमार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई देकर नवीन महाविद्यालय के लिए विदा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि डा. मनोज कुमार ने विगत तीन वर्ष में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के मध्य स्नेहपूर्वक अपना श्रेष्ठतम स्थान बनाया था। डा.मनोज कुमार अपनी विनम्रता, व्यवहारिकता तथा कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनपद ललितपुर में लोकप्रिय हो गये थे। कहा कि डा.मनोज कुमार में निर्भीकता, साहस तथा सरल व्यक्तित्व के गुण विद्यमान है। वह अपने भावी जीवन में उन्नति के शिखरों पर अग्रसर हों।

# नव निर्मित एकलव्य वन में बरगद लगाकर वृक्षारोपण का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आदिवासियों वनवासियों के हितों के लिए उत्सर्ग करने वाले महान शहीद बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने वृक्षारोपण कर बरगद और पाकड़ के पौधों का रोपण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर व्यक्ति से कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की। ललितपुर रेंज अंतर्गत शबरी ग्राम में आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा की स्मृति में 20 हैक्टेयर क्षेत्रफल में बनाए जा रहे एकलव्य वन में वृक्षारोपण किया। विधायक के साथ ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश कौन्तेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी भोलप्रसाद सिंह, वन दारोगा राजनरायन, पुरुषोत्तम कुशवाहा, अनिल भटनागर सहित कई वन कर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और दो वर्ष तक उसकी देखभाल करने की अपील की।

## विकास कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम माननीय मंत्री जी का जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया तथा गार्ड ऑफ ऑनर से मंत्री को सम्मानित किया गया।

बैठक के अन्तर्गत मा. प्रभारी मंत्री जी को जानकी स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार गोमय उत्पाद भगवान गणेश जी की मूर्ति, पूजा की थाली एवं एक पटला जिलाधिकारी द्वारा भेंट किया गया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को एक पुष्प तथा एक पुस्तक देकर सम्मानित किया। समिति की बैठक में विभागवार लाभार्थी परक योजनाओं के विषय में बताया गया। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा विभाग के अन्तर्गत चलने वाली योजनाओं एवं उनके लक्ष्य के विषय में बताया गया।

# कोटेदार अपनी समस्याओं को लेकर तीन दिन करेंगे हड़ताल

कार्यालय संवाददाता

**महोबा।** आल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आहवान और उत्तर प्रदेश सस्ता विक्रेता परिषद के नेतृत्व में जिले के राशन विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौपा। राशन विक्रेताओं ने मांगों के समर्थन में तीन दिन तक राशन दुकानों को बंद कर हड़ताल का ऐलान किया। कोटेदारों ने समस्याओं पर विचार करते हुए निस्तारण कराने की मांग उठाई साथ ही उक्त समस्याओं का निस्तारण न होने पर अगस्त माह का प्रथम वितरण तीन दिन रोके जाने की चेतावनी दी है।

जिले के राशन विक्रेताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये कुंतल व चीनी पर 70 रुपये कुंतल ही मिलता है, जबकि हरियाणा,



**■ राशनकार्ड धारको को 20, 21 और 22 जुलाई को हड़ताल के चलते नहीं मिलेगा खाद्यान**

गोव, दिल्ली में 200 रुपये कुंतल मिनीमम गारंटी दिया जा रहा है। कोटेदारों ने मांग उठाई कि प्रदेश के सभी कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भांति लाभांश दिया जाए। कोटेदारों ने शासनदेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान कोटे की दुकानों पर पहुंचाकर दिए जाने की मांग उठाई साथ ही पूर्व का सभी बकाया भुगतान किए जाने की मांग की।

राशन विक्रेताओं ने ज्ञापन में बताया कि उनके द्वारा वितरण आन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण पत्र व स्टाक रजिस्टर बंद किया जाए और राज्य सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाए। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेदारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा बिजली बिल मजदूरी भी दी जाती है, इसलिए कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाए।

# बड़ापुरा व रामनगर में चला सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान में मोहल्ला वार्ड नंबर 6 रामनगर व वार्ड नंबर 07 बड़ापुरा में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कार्य करा कर बारिश से सड़कों पर हुए जल भराव का निस्तारण किया गया। एसआई जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि वार्डो में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करें। वार्डो में खाली पड़े प्लटों जिनमें जल भराव हो रहा है व मोहल्लेवासियों द्वारा उनमें कूड़ा आदि डाल दिया जाता है। ऐसे प्लाट मालिकों को चिन्हित कर उन्हें सूचित करें व वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, यदि इसके बाद भी यदि खाली प्लाटों में कूड़ा व जल भराव पाया जाता है तो

**■ ईओ के निर्देश पर किया गया एण्टी लार्वा का छिड़काव**



संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए जुर्माना वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने ने वार्ड वासियों को जागरूक करते हुए कहा कि संचारी अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर विभागीय सहयोग द्वारा वेक्टर जनित एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जैसे साफ सफाई, झाड़ी की कटाई, एंटी लार्वा छिड़काव व जनता को जागरूक किया जाना है, उन्होंने कहा कि अभियान में सभी लोग सहयोग दें।

# चेयरमैन प्रतिनिधि ने जन समस्याएं सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये

- निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी- अखलाक हुसैन सिददीकी



नगर पंचायत कार्यालय में जनसमस्यायें सुनते चेयरमैन प्रतिनिधि

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान नगर वासियों ने साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति सहित मार्ग प्रकाश की समस्या को प्रमुखता से उठाया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने गंभीरता से सभी समस्याओं को सुना और मौके पर ही संबंधित पंचायत कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को नागरिकों की समस्याएं सुनने के उपरान्त चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिन विभागों से जुड़ी शिकायतें हैं, उन्हें भी अवगत कर समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने पंचायत कर्मियों को चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होनें नगर में विकास कार्यों में तेजी लाने और जनहित के मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मो. आमीन शेख, मोनू खॉन, पप्पू खॉन, अदनान, अताउल्ला, कयूम खॉन, सैफून, फैजान, आनन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र मे चार परिवारों को मिलाया गया

**संभल।** पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 53 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 4 परिवार को मिलाया गया तथा 6 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय संगीता भार्गव बबीता शर्मा सीमा आर्य श्वेता गुप्ता तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ,ज्योति,उषा आदि लोग उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश से खेत बने तालाब

- खेतों में पानी लबालब हो जाने से सड़ने लगी उर्द, मूंग और तिल की फसल
- बारिश थमने के बाद गिरने लगे अब मकान



### मंसूरी कॉलोनी में जलभराव से गिरे तीन मकान

बेलाताल। कस्बे के मुहल्ला मंसूरी कॉलोनी में जल भराव के चलते तीन लोगों के मकान जमीनदोज हो गए। इसी कॉलोनी के रहने वाले रुस्तम का मकान बारिश की भेंट चढ गया। जिससे मकान के गिरने की आहट पाकर परिवार के लोग तो भाग निकले, लेकिन मलबे में सात बकरियां दब गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद बकरियों को बाहर निकाला गया। इसी कॉलोनी के निवासी अजीम के घर में पानी भर गया। जिससे उसका भी मकान गिर गया।

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिले में दो दिनों तक हुई झमाझम बारिश के बाद अब खेत तालाब बन गए है। जिससे किसानों द्वारा खेतों में बोई गई खरीफ की फसल बारिश की भेंट चढ गई। खेतों में इतना पानी भर गया कि रवी की फसल की बुवाई के समय तक खेतों का पूरी तरह से सूखना मुश्किल दिखाई दे रहा है। इससे किसान खासा चिंतित है। किसानों की खरीफ की तो बर्बाद हो गई, अब रवी की फसल की जुताई बुवाई को लेकर किसानों की बेचैनी बढ गई है।

गौरतलब है कि इस साल शुरूआती दौर मे ही बारिश ने कहर बरपा दिया, कही मकानों के गिरने से लोगों की मौत हो गई, वहीं दूसरी तरफ जिले के बांध और सरोवर उफना रहे है। खेतों में जबरदस्त पानी भर जाने से खेतों ने तालाब की शक्ल ले ली है। खेतों की तरफ निकलने पर चारों तरफ पानी ही पानी का नजारा दिखाई दिया। कच्चे मकान मालिक वर्षा से बुरी तरह सहमें हुए है, उन्हे अब अपने मकान गिरने का डर सता रहा है। खेतों के अलावा खेत वाले मार्गो में पानी भर जाने से खेतों के रास्ते बंद हो गए, किसान अब खेतों में नही जा पा रहा है। चारों तरफ रास्तों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। इस साल किसानों ने जून माह में ही अच्छी बारिश हो जाने से खेतों की जुताई करके तिल, उर्द और मूंग की फसल की बुवाई कर दी थी। समय समय पर बारिश होने से फसल भी लहलहा रही थी। जिससे किसानों को इस साल खरीफ की फसल की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद थी, लेकिन दो दिन तक हुई मूसलाधार बारिश से खेत तालाब बन गए है। जिससे खेतों में बोई गई फसल सड़ने लगी है। इससे किसान को बारिश से भारी नुकसान हुआ है। किसानों की जुताई बुवाई के पैसे के अलावा बीज का पैसा भी बर्बाद हो गया।

बारिश थमने के बाद अब चल रही हवा से बारिश में पानी से सरावोर हुए कच्चे मकानों का गिरना शुरू हो गया है। जिससे गरीबों के सामने एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। कच्चे मकान गिरने के बाद अब बारिश में गरीबों को आशियाने की दरकार है। तेज हवा चलने से शहर के मुहल्ला भटीपुरा निवासी नूरी पत्नी आबिद, ग्राम दिसरापुर निवासी कल्लू, भरत सिंह और देशराज के मकान भी ढह गए।

# नवागंतुक एसडीओ व जेई ने पदभार ग्रहण किया



- एसडीओ एवं जेई का स्थानांतरण हुआ, दी गई बिदाई

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत स्थानीय विद्युत उपखण्ड के एसडीओ और अवर अभियंता का कार्यभार बदला गया। है। पूर्व में तैनात एसडीओ बृजेश कुमार सरोज एवं जेई विकास कुमार का तबादला अन्य स्थान पर कर दिया गया है। शनिवार को उनके स्थान पर नवागंतुक एसडीओ पंकज कुमार तथा जेई राजकुमार ने अपने-अपने कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागंतुक एसडीओ पंकज कुमार ने कहा कि विभागीय कार्यो को पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ पूर्ण किया जाएगा। उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण होगा। वहीं जेई राजकुमार ने कहा कि विभागीय कार्यो में से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारियों से बेहतर कार्य प्रणाली की उम्मीद जताई। इस दौरान आशीष कुमार, आसिफ खॉन, रोहित श्रीवास्तव, संजय यादव, सरमू, राजू, अमलेश कुमार, अरूण कुमार सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## दिल्ली से घर लौट रहा युवक जहरखुरानो का बना शिकार

**उन्नाव।** कोतवाली बांगरमऊ अन्तर्गत दिल्ली से घर लौट रहा एक युवक रोडवेज बस में जहरखुरानी का शिकार हो गया। बस चालक ने उसे बेहोशी की हालत में बांगरमऊ क्षेत्र के कालीमिट्टी में उतार दिया और वहां से चला गया। राहगीरों ने युवक को देख तत्काल सीएचसी पहुंचाया अस्पताल मे इलाज के बाद होश में आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को जहर खुरानी किये जाने की जानकारी दी।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सह सरांय निवासी अतीक पुत्र हबीब दिल्ली में पंखा बनाने का काम करता है। उसके बड़े भाई रफीक की शादी 20 जुलाई को होना तय हुई जिसमें शामिल होने के लिए अतीट बुधवार को दिल्ली के आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डे से बस पकडकर बांगरमऊ आ रहा था। रास्ते में जहरखुरानों ने उसे अपना शिकार बना लिया गुरुवार सुबह जब बस बांगरमऊ पहुंची तो चालक ने अतीक को कालीमिट्टी क्षेत्र में उतार दिया। राह चलते लोगों ने युवक को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा तो तुरंत सीएचसी पहुंचाया। इलाज के बाद जब अतीक को होश आया तो उसने अपने भाई शफीक को घटना की जानकारी दी।

# दुर्घटनाओं से बचने के महत्वपूर्ण नियम बताए



- यातायात प्रभारी ने रिक्रूट आरक्षियों पूंछे यातायात संबन्धी प्रश्न

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों को बहुत ही महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सीट बेल्ट लगाने के और हेलमेट धारण करने के फायदे बताए गए। वहीं यातायात प्रभारी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों से यातायात संबंधी सवाल भी किए गए। प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस वालों के भी बहुत एक्सीडेंट होते हैं। मेरे ट्रेनिंग दिए हुए, कई आरक्षी रोड एक्सीडेंट्स में जान गवां चुके हैं। प्रभारी द्वारा उदाहरण के रूप में कई सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले आरक्षियों के नाम भी बताएं। सभी रिक्रूट आरक्षियों को दो पहिया वाहन चलाने पर हेलमेट धारण करने के लिए और चार पहिया वाहन चलाने पर सीट बेल्ट लगाने के लिए शपथ दिलाई गई। ताकि दुर्घटनाओं से बचे रहें। इस मौके पर उप निरीक्षक महेश सिंह, जेटीसी मेजर और उस्ताद एवं यातायात पुलिस से मुख्य आरक्षी विजय कुमार व दीपक कुमार यादव मौजूद रहे।

## विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के काथा गांव में फंदे से रहस्यमय हालत मे विवाहिता फांसी पर लटकी मिली। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया है। असोहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काथा मे 9 माह पूर्व विवाहिता बनी साधना 28 का शव रहस्यमय हालत मे फसी पर लटका पाया गया। मृतका की शादी बीते 9 माह पूर्व मौरावां थाना क्षेत्र के चंदीखेड़ा मजरे खेरवा निवासी संतोष कुमार की पुत्री साधना की हुई थी। शादी हिंदू रीति-रिवाज से छोटे लोध के पुत्र संदीप कुमार से सम्पन्न हुई थी। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे, जब साधना की ससुराल के सदस्य खेतों पर काम करने गए थे और पति संदीप बाहर रहकर वाहन चलाता है उस वक्त साधना ने घर में अकेले रहते हुए धोती के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनो के अनुसार सास-ससुर से थी परेशान मृतका सास-ससुर की प्रताड़ना से मानसिक रूप से परेशान' थी। घर के माहौल को लेकर वह अक्सर चिंतित दिखती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने पन्द्रह देसी क्वार्टर सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ गस्त के दौरान जसोदा चौकी प्रभारी मोहनलाल ने मुखबिर की सूचना पर तरपुर्वा अंडरपास ब्रिज के नीचे एक संदिग्ध युवक पुलिस बल देखकर भाग खड़ा हुआ। जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर उसके पास से 15 देसी शराब के क्वार्टर बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम चंद्रहंस पुत्र जय लाल निवासी ग्राम तरपुर्वा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### महिला की इंजन में फंसकर मौत



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार सुबह धोबियाना मोहल्ले के पास खेत में काम कर रही सावित्री 52 पत्नी ओमकार की नलकूप इंजन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय अपने पति के वह साथ धान की बुवाई के लिए खेत में पानी लगाने गई थीं। खेत में पानी लगाने के लिए चल रहे नलकूप इंजन की स्पीड एडजस्ट करने के दौरान सावित्री की साड़ी इंजन के घूमते पहिए में फंस गई साड़ी के तेज खिंचाव में वह संतुलन खो बैठीं और इंजन की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिस उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसे चिकित्सकों ने मरत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया पोस्टमार्टम को भेजा गया।

### सीएचसी में जच्चा-बच्चा की रहस्यमय ढंग से मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली बांगरमऊ अन्तर्गत गौरिया कलां निवासी ज्योति देवी 32 और उसके नवजात बेटे की बांगरमऊ सीएचसी में रहस्यमयी मौत हो गई। गुरुवार दोपहर ज्योति को प्रसव पीड़ा होने पर उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य प्रसव के बाद बेटे का जन्म हुआ। शुक्रवार सुबह चार बजे परिजनो को नवजात की मौत की खबर मिली। नवजात पुत्र का शव देख ही प्रसूता बेसुध हो गई। कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने हंगामा किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुकेश के अनुसार ऊपर का दूध नवजात की सांस की नली में चला गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### बच्चों ने मनाया ग्रीन डे

**बिलग्राम।** शनिवार को श्री रामलाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सदरपुर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रीन डे पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के हर विंग के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा के पूजन के साथ हुई। ग्रीन डे पर सभी प्री प्राइमरी के बच्चे ग्रीन ड्रेस में विद्यालय आए विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की साथ ही बच्चे विभिन्न प्रकार के व हरे रंग के प्रोडक्ट व हरे रंग के फल इत्यादि घर से साथ लेकर आए। पर्यावरण को पूर्ण रूप से समर्पित इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण संरक्षण विषय पर हिंदी और अंग्रेजी में कक्षा 2 से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया,जिसमे चारों हाउस के बच्चों ने प्रतिभाग किया और अपने सुंदर विचार सबके समक्ष प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बच्चों ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे अभियान ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार किये गए शाही लीची के वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया। अंत में प्रधानाचार्या और निदेशिका ने सभी बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की और उन्हें पुरुस्कृत भी किया।

# आरएसएस कार्यालय निर्माण से भड़के लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खाली पडी जगह से लोग लम्बे अरसे से निकल रहे थे बीते दिवस संघ कार्यालय बनने को लेकर रास्ता बन्द किये जाने से लोगों ने सड़क जाम कर निर्माण कार्य रोकने के लिए प्रदर्शन किया। अवैध तरीके से की गई प्लाटिंग पर लोगो ने भूमाफिआओ द्वारा सस्ते प्लाट बिना रास्ते को देखे खरीद लिये अब जब संघ अपने कार्यालय निर्माण के लिए रास्ता बन्द किया तो लोग सडक पर उतर आये। शहर कोतवाली अंतर्गत पी.डी नगर मार्ग पर आरएसएस संघ के कार्यालय के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगो ने महिलाओं को आगे कर सडक जाम कर प्रदर्शन किया। पी डी नगर रोड के पास महिलाओं ने सड़क पर बैठकर आवागमन रोक दिया। महिलाओं का कहना था कि यह पुराना रास्ता है जिसमें पिलर लगा कर रास्ता रोक रहे है। रिहायशी क्षेत्र के बीच में बनाया जा रहा है।

इससे उनके घरों तक जाने के रास्ते बंद हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस और स्थानीय महिलाओं में काफी झड़प हुई। लोगो ने कहा कि जब तक यह निर्माण की योजना नहीं बदली जाती या वैकल्पिक रास्तों की गारंटी नहीं मिलती विरोध जारी रहेगा। करीब एक घंटे के प्रदर्शन में एम्बुलेंस, स्कूली वाहन और आम नागरिकों की गाड़ियां कई किलोमीटर तक फंसी रहीं। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाया। पुलिस ने फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकाला। पुलिस ने आश्वासन दिया कि प्रशासन स्तर से टीम भेजकर मामले की जांच होगी। कोई भी कार्य बिना विधिवत प्रक्रिया और सहमति के नहीं होगा। अवैध तरीके से भू-माफिआओ ने प्लाटिंग कर बिना रास्ते की जगह बेच दी जिससे लेकर लोगों को दिक्कत का सामना करना पडा।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया राजघाट व बाबा मंशानाथ मंदिर का भ्रमण

**बिलग्राम।** हरदोई कावड़ यात्रा व श्रावण मेले का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ राजघाट व बाबा मनसा नाथ मंदिर बिलग्राम का भ्रमण किया। राजघाट में उन्होंने मेले की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैरीकैटिंग को थोड़ा पीछे खिसकाया जाए ताकि काँवड़ यात्रियों को जल भरने में आसानी हो। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में साफ सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं। राजघाट के निरीक्षण के बाद वह बाबा मंशानाथ मंदिर बिलग्राम पहुंचे। यहां उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया मंदिर परिसर में वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य को देखा तथा कार्य में आवश्यक सुधारो के संबंध में संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी संस्था को निर्देश दिए।

# हसन पब्लिक स्कूल में परम्परागत मातमी जुलूस बरामद किया गया

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** नगर के मुहल्ला चौधरी सराय स्थित हसन पब्लिक स्कूल मे परम्परागत मातमी जुलूस बरामद किया गया जिसमें मातमी अंजुमनो ने मातम व नोहा पेश किये मातमी कार्यक्रम की शुरुआत रहबर हुसैन और इनके साथियों ने मरसिया पेश करके की इस के उपरांत मौलाना सलमान ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि कर्बला की दर्दनाक घटना को कभी भुलाया नही जा सकता है कर्बला कल भी और आज भी दुनिया के लिए मार्गदर्शक है हजरत इमाम हुसैन ने ज़ालिम यजीद की बैयत स्वीकार नही की बल्कि पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के उसूलो व इन्सनियत को बचने के लिए अपने सहित बहत्तर लोगो की कुरबानी दी आज दुनिया मे गमें हुसैन मनाया जाता है जिसमें मुस्लिमो के साथ साथ गैरमुस्लिम भी शिरकत करते है मौलाना ने कहा कि कर्बला की घटना से सबक ले ने की जरूरत है बाद मजलिस के मातमी सिलसिले शुरू किया गया जिसमें हजरत अब्बास का अलम बरामद किया गया जिसकी मौजूदा लोगों ने जियारत की अन्जुमने फरोगे अजा नूरियो सराय के अजादारो ने अपने मखसूस अन्दाज़ मे नोहे पेश किया तो अजादारो की आँखों से आसू छलक आये मोहसिन रजा नैयर अब्बास इशरत अब्बास ने नोहा पेश किये शहर के अलावा दुसरे नगरो से आयी मातमी अंजुमनो ने देर रात तक मातम व नोहा ख्वानी बरपा की मातमी अंजुमनो मे सिरसी संकनी मुज्जफरनगर आदि ने पुरदर्द नोहे पेश किये।

# परिवहन निगम के बस स्टेशन पाली का किया गया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा द्वारा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0,लखनऊ द्वारा निर्मित कराये जा रहे परिवहन निगम के बस स्टेशन पाली का निरीक्षण किया गया। परियोजना 01 मार्च 2024 को स्वीकृति हुई थी तथा पूर्णता की तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित थी। परियोजना की कुल लागत रू0 1.92 करोड़ स्वीकृति हुई थी। विस्तृत आगणन के अनुसार 1.50ग177 मीटर बाउन्ड्रीवाल, 3.00ग 3.54 मीटर इन्चार्ज रूम, 6.29ग4.00 मीटर वेटिंग हाल व चार सेट शौचालय,सेप्टिंक टैंक, सोक पिट एवं ओपन एरिया में इण्टर लांकिग लगाये जाने का प्राविधान है। निरीक्षण के समय बाउन्ड्रीवाल का निर्माण का कार्य चल रहा था एवं लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण था। इन्चार्ज रूम, वेटिंग रूम एवं शौचालय निर्माण का कार्य छत स्तर तक पूर्ण है, दीवारों पर प्लास्टर का कार्य पूर्ण है,परन्तु शौचालय की दीवारों के प्लास्टर में फिनिशिंग नहीं है, जो ठीक कराये जाने योग्य है। संपूर्ण भवन में इलेक्ट्रिक स्वीच, स्वीच बोर्ड एवं सीलिंग फैन मानक के अनुसार नहीं पाये गये, जिन्हें बदल कर प्राविधानित मानक के अनुसार लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाउन्ड्री वाल पूर्ण होने के बाद वाल पेन्टिंग में स्थानीय स्तर पर प्रसिद्ध स्थलों/कला कृतियों आदि की आकर्षक वाल पेन्टिंग करायी जाये। कार्य पूर्णता की निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 निर्धारित थी, जिसके सापेक्ष कार्य लगभग 04 माह विलम्बित हो चुका है। विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के ए0पी0एम0 श्री अशोक कुमार त्यागी को निर्देशित किया गया कि वह 15 अगस्त,2025 तक गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूर्ण कराकर विभाग को हस्तानान्तरित करायें। भवन में लगाये गये खिड़की एवं दरवाजे के फ्रेम में प्राइमर का कार्य भली-भॉति नहीं पायी गया,जिसे ठीक कराकर ही आगे का कार्य कराया जाये। निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही ईटों का नमूना लिया गया।

# जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आई 67 शिकायतों में मात्र 03 का मौके पर निस्तारण

- संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की जुटी भीड़

अवधनामा संवाददाता



### चरखारी में 03 और महोबा में 02 शिकायतें निपटीं

चरखारी महोबा। तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी डॉ0 प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आईं 32 शिकायतों में से मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि महोबा तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त,राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से तीन शिकायतों का निस्तारण किया।

**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर जिले के आला अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ में 67 शिकायतों में मात्र तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायतकर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर.उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं तब डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 21 जुलाई को मनाई जाएगी पूर्व मंत्री मनोहर लाल की 89 वी जयंती

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, संस्थापक अखिल भारतीय लोधी निषाद बिन्द कश्यप एकता समता महासभा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नेशनल ऐसोसियेशन आफ फिशरमेन एन0ए0एफ0. स्व0 मनोहर लाल एडवोकेट का 21 जुलाई दिन सोमवार को 89वाँ जन्म दिवस मनाया जायेगा। सर्वप्रथम शहर के आवास विकास सी ब्लॉक में स्थिति मनोहरलाल पार्क में प्रातः 08रू30 बजे उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा इसके उपरान्त उमाशंकर दीक्षित जिला चिकित्सालय उन्नाव में प्रातः 09 बजे वहाँ भर्ती मरीजो को फल एवं दूध वितरित किया जायेगा तदुपरान्त जनपद उन्नाव के ग्राम सरोसी वि0ख0 सिकन्दरपुर सरोसी स्थिति मनोहर लाल इण्टर कालेज में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक जन्मदिवस मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद के सदस्य राज बहादुर सिंह चंदेल, आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई, छावनी विधायक मोहम्मद हसन रूमी, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राजनारायण बिन्द, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री लालता प्रसाद निषाद, उमेश चंद्र बिन्द एडवोकेट सुपुत्र स्व0 रामरती बिन्द भदोही व अन्य सम्मानित गणमान्य सम्मलित होंगे।

# फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल हटाने के लिए लगाएं फेस पैक, मिलेगा गजब का निखार

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

हम सभी चाहते हैं कि हमारी स्किन ग्लोइंग और साफ हो। इसके लिए हम सभी जरूरी स्किन केयर भी करते हैं। लेकिन जब फेस पर एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने की बात आती है, तो हम स्क्रब करते हैं। लेकिन आप ऑयल को कंट्रोल करने के लिए फेस पैक की मदद ले सकते हैं। इससे आपकी स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा गंदगी साफ हो जाएगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑयल कंट्रोल करने के लिए कुछ फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अप्लाई करके आप ऑयल फ्री स्किन पा सकती हैं, साथ ही इससे आपकी स्किन भी साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

**फेस पैक लगाने के फायदे**

**एक्सट्रा**

**फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है।**

फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 1 बार करें। इसके बाद आपको पार्लर जानें कि या महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपकी त्वचा में नेचुरली निखार नजर आएगा। बस आपको ऑयली त्वचा के हिसाब से फेस पैक की सामग्री को चूज करना होगा।

**चंदन और दही का फेस पैक**

आप चंदन और दही का फेस पैक चेहरे पर लगा सकती हैं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से



आपकी स्किन साफ हो जाएगी। साथ ही इससे आपके फेस पर अलग निखार आएगा और इस फेस पैक को आसान तरीके से बना सकती हैं।

**ऐसे बनाएं चंदन और दही का फेस पैक**

इस फेस पैक को बनाने के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच दही मिक्स करें।

अब थोड़ी सी हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इसको फेस पर अप्लाई करें और सूखने के लिए छोड़ दें।

कुछ देर बाद जब यह सूख जाए, तो नॉर्मल पानी से फेस को हाथों से रब करते हुए साफ करें।

इस फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल साफ हो जाएगा।

**मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक**

अगर आपके फेस पर ऑयल के कारण से रेडनेस होने लगी है, तो आप एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर फेस पैक लगाएं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन में मौजूद आसानी से साफ हो जाएगी। इससे आपके फेस पर ग्लोइंग नजर आएगी।

**ऐसे बनाएं मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा जेल फेस पैक**

सबसे पहले एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी का पाउडर लें।

फिर इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल को मिक्स करें।

अब हल्का सा पानी डालकर अच्छे से मिक्स करें और ब्रश की मदद से फेस पर अप्लाई करें।

फिर 20 मिनट बाद इसको पानी से साफ कर लें।

इससे आपकी स्किन साफ और ग्लोइंग नजर आएगी।

इन फेस पैक को लगाने से आपकी स्किन साफ नजर आएगी। वहीं आपके फेस पर अलग सा निखार दिखाई देगा। आप सही तरह से इन फेस पैक को बनाकर लगाना है। साथ ही आपको ऑयली स्किन से भी छुटकारा मिल जाएगा।

# साड़ी के साथ स्टाइल करेंगी ये हील्स तो पैरों को मिलेगा नया टच, आसानी से कर सकेंगी वियर

अगर आप साड़ी के साथ कुछ अलग डिजाइन की हील्स वियर करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अलग डिजाइन वाली हील्स को वियर करने से आपके पैरों को नया टच मिलेगा। साथ ही आप इन हील्स को साड़ी के नीचे पहनकर आसानी से घूम भी पाएंगी। हील्स पहनना अधिकतर लोगों को पसंद होता है। लेकिन जब साड़ी के साथ हील्स को स्टाइल करने की बात आती है, तो हम अक्सर ऐसे डिजाइन पसंद करते हैं, जिनको पहनकर हम आसानी से चल सकें। अगर आप साड़ी के साथ कुछ अलग डिजाइन की हील्स वियर करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। अलग डिजाइन वाली हील्स को वियर करने से आपके पैरों को नया टच मिलेगा। साथ ही आप इन हील्स को साड़ी के नीचे पहनकर आसानी से घूम भी पाएंगी।

**ब्लॉक हील्स**

अगर आप हील्स के इंच को बढ़ाना चाहती हैं, तो आपको साड़ी के साथ ब्लॉक हील्स पहनना चाहिए। इसमें आप 2 से 5 इंच की



हील्स आसानी से पहनकर चल पाएंगी। वहीं इस तरह की हील्स को स्टाइल करने में आपको किसी भी तरह की परेशानी भी नहीं होगी। आप साड़ी के कलर या डिजाइन के हिसाब से खरीद सकती हैं। इसमें आपके पैर काफी सुंदर नजर आएंगे। वहीं आप मार्केट में इस तरह की हील्स 1000-2000 रुपए तक में ले सकती हैं।

**पेंसिल हील्स**

साड़ी के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप पेंसिल हील्स वियर कर सकती हैं। यह हील्स पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इस हील्स को पहनने के बाद आपका लुक पटोला नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह की हील्स आसानी से मिल जाएगी। जिसको आप साड़ी की डिजाइन के हिसाब से पसंद करके पहन सकती हैं।

**वेजेज हील्स**

अगर आप भी साड़ी लुक में कंफर्टेबल रहना चाहती हैं, तो ऐसे में आप वेजेज हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स साड़ी के साथ पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। इसमें आपको पीछे की तरफ सपोर्ट के लिए बेल्ट मिलती है। जिसके कारण आपका पैर ज्यादा खिसकता नहीं है और आप इसको देर तक वियर कर सकती हैं।

# कॉटन साड़ी के साथ ट्राई करें ये 3 ज्वेलरी सेट, क्लासी और एलिगेंट लगेगा आपका लुक



कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं।

जब भी साड़ी स्टाइल करने की बात आती है, तो जरूरी होता है कि आप साड़ी के फैब्रिक के हिसाब से ज्वेलरी को स्टाइल करें। ऐसा करने से आपका लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है। ऐसे में कॉटन साड़ी के साथ भी कई ज्वेलरी डिजाइंस ऐसी होती हैं, जिनको वियर करने से आपके लुक में चार चांद लग सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसी ज्वेलरी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप कॉटन की साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इनको वियर करने से आपका लुक क्लासी और एलिगेंट नजर आएगा।

**स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी**

कॉटन वाली साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। कॉटम साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें आपको नेकलेस और इयररिंग्स दोनों में स्टोन स्टड का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही इसमें छोटे-छोटे पर्ल भी मिलेंगे, जिससे यह ज्वेलरी काफी क्लासी लगेगी। इससे आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा। मार्केट में आपको इस तरह की ज्वेलरी काफी कम पैसे में मिलेगा।

**घुंघरू वर्क वाली ज्वेलरी**

घुंघरू डिजाइन वाली ज्वेलरी को भी आप कॉटन वाली साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। कॉटन साड़ी के साथ यह ज्वेलरी पहनने पर काफी अच्छी लगेगी। इसमें भी आपका लुक क्लासी लगेगा। इसमें आप चोकर स्टाइल वाली ज्वेलरी खरीदें और साड़ी के साथ पेयर करके पहनें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। आप मार्केट से 300-400 रुपए तक में इस तरह के ज्वेलरी सेट खरीद सकते हैं।

**मिरर वर्क वाली ज्वेलरी**

आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी को भी कॉटन साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी कॉटन साड़ी के साथ काफी अच्छी लगती है। इसको पहनने के बाद लुक भी काफी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। इस ज्वेलरी में छोटे-छोटे डिजाइन में मिरर वर्क मिलेगा। इसके अलावा आपको कलर वाला डिजाइन भी मिलेगा। इस ज्वेलरी को आप मार्केट 200-300 रुपए में खरीद सकती हैं।

# स्वीटहार्ट पैडेड ब्लाउज, साड़ी के साथ मिलेगा एलिगेंट लुक

अगर आपकी बॉडी फ्लैट है, तो साड़ी के साथ एलिगेंट और बैलेंस्ड लुक पाने के लिए ब्रेस्ट में थोड़ी सी वॉल्यूम एड करनी होगी। तो आइए जानते हैं इन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में, जो आपके साड़ी लुक को ग्लैमरस और फिगर को भी ब्यूटिफुल दिखाएंगे।

फैशन की दुनिया में कितने भी नए ट्रेंड्स आ जाएं, लेकिन महिलाओं की पहली पसंद साड़ी रहती है। साड़ी की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि इसमें लगातार नए और स्टाइलिश बदलाव, जोकि हर उम्र और पसंद की महिलाओं को अच्छे लगते हैं। जैसे-जैसे साड़ी में नयापन आता जा रहा है, महिलाओं के लिए इसका चुनाव करना थोड़ा मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा उलझन साड़ी के ब्लाउज को लेकर होती है, क्योंकि आजकल पूरे ओवर ऑल लुक में ब्लाउज ही सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है।

ऐसे में आज हम आपको उन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जो छोटे ब्रेस्ट साइज वाली महिलाओं के लिए बिल्कुल परफेक्ट



हैं। आप इस डिजाइनों वाले ब्लाउज को किसी भी अच्छे टेलर से सिलवा सकती हैं। अगर आपकी बॉडी फ्लैट है, तो साड़ी के साथ एलिगेंट और बैलेंस्ड लुक पाने के लिए ब्रेस्ट में थोड़ी सी वॉल्यूम एड करनी होगी। तो आइए जानते हैं इन ब्लाउज डिजाइंस के बारे में, जो आपके साड़ी लुक को ग्लैमरस और फिगर को भी ब्यूटिफुल दिखाएंगे।

**स्वीटहार्ट पैडेड ब्लाउज**

यह ब्लाउज डिजाइंस काफी ज्यादा पसंद की जाने वाली नेकलाइन है। छोटे आकार वाले ब्लाउज के लिए बेस्ट यह नेकलाइन बेस्ट रहती हैं और ब्रेस्ट को शेप देती हैं। अगर आप भी ब्रेस्ट साइज में थोड़ी वॉल्यूम एड करना चाहती हैं, तो आपको ब्लाउज में पैड जरूर लगाना चाहिए। इससे ब्रेस्ट साइज नॉर्मल से थोड़ा ज्यादा बड़े नजर आएंगे। वहीं साड़ी में आपको अच्छा फिगर मिल जाएगा। आप इसमें फुल स्लीव्स, हाफ स्लीव्स या केप स्लीव्स बनवा सकती हैं।

**क्वीन ऐने ब्लाउज**

यह ब्लाउज ब्रेस्ट शेप को डिफाइन करता है। बेसिकली यह एक नेकलाइन है, जिसको आप किसी टॉप, ड्रेस और ब्लाउज में देख सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ फ्रिल स्लीव्ज, कॉलर डिजाइन, केप स्लीव्ज, बैक बटन डिजाइन या फिर बैक कटआउट डिजाइन काफी अच्छी लगती है। आप हैवी या लाइट वेट किसी भी तरह की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज को कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज में क्वीन ऐने डिजाइन चाहिए, तो आपको लटकन वाली डोरी लगवानी चाहिए।

**इल्यूजन नेकलाइन ब्लाउज**

यह ब्लाउज हार्टशेप नेकलाइन के साथ हॉल्टर नेक स्टाइल में नेट का काम किया जाता है। यह नेट वर्क ब्लाउज के बेस कलर से मैच करता होता है। जिससे यह एक इल्यूजन क्रिएट करता है। यह आपके ब्रेस्ट को बड़ा दिखाता है। इस तरह के ब्लाउज पार्टी वियर साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। आप इसको फुल स्लीव्स या स्लीव्लेस किसी भी अंदाज में बनवा सकती हैं। आपको मार्केट में 250 रुपए से 500 रुपए में ऐसे ब्लाउज मिल जाएंगे।

# चेहरे की झाइयों को जड़ से खत्म कर देगा फेस जेल, स्किन को भी मिलेगा पोषण

हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है। इस जेल को आप आसानी से घर पर बना सकती हैं। यह जेल फेस की झाइयों की खत्म करने के साथ ही स्किन को भी पोषण देगा और त्वचा को चमकदार बनाने का काम करेगा।

चेहरे की खूबसूरती उम्र बढ़ने के साथ ही ढलने लगती है। खासकर तब जब चेहरे पर दाग-धब्बे और झाइयां दिखने लगती हैं। अगर झाइयों की बात की जाए, तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह इतनी आसानी से दूर नहीं होती हैं। फेस पर एक छोटा सा निशान आपके पूरे लुक को बर्बाद कर सकता है। वहीं झाइयां होने पर आत्मविश्वास पर भी असर पड़ने लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो झाइयों की समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है। इस जेल को आप आसानी से घर पर बना सकती हैं, वह भी कम खर्च में। यह जेल फेस की झाइयों की खत्म करने के साथ ही स्किन को भी पोषण देगा और त्वचा को चमकदार बनाने का काम करेगा।

**साफ होंगी झाइयां**



नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में अगर आप भी झाइयों से परेशान हैं, तो आपको एक बार नींबू के जेल का इस्तेमाल करके देखना चाहिए। इसको आप आसानी से घर पर ही बना सकती हैं।

**एंटी पिग्मेंटेशन फेस जेल**

विटामिन सी स्किन के दाग-धब्बों को कम करता है। आज हम आपको जिस जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें विटामिन सी की मात्रा भरपूर है। इस जेल को बनाने में आपको ज्यादा पैसे भी नहीं खर्च करने होंगे और बाकी की सामग्री घर पर ही मिल जाएगी।

**फेस जेल बनाने की सामग्री**

नींबू का रस - 1

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

विटामिन-ई कैप्सूल- 1

गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं फेस जेल**

सबसे पहले एक छोटी कटोरी में नींबू का रस निकाल लें। आपको पीले नींबू का रस लेना है। हरे नींबू रस में एसेडिक ज्यादा होता है।

अब कटोरी में एलोवेरा जेल डालें। आप चाहें तो एलोवेर के पौधे से तोड़कर उसका जेल इस्तेमाल कर सकती हैं।

फिर इसमें विटामिन ई कैप्सूल को डालें और गुलाबजल डालकर मिक्स कर लें।

अब इसको अपने फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। यह जेल लगाने के दौरान फेस की हल्की मसाज करें और 2 मिनट मसाज करके इसको 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें।

फिर चेहरे को धो लें और अपनी स्किन टाइप का मॉइश्चराइजर लगाएं।

नियमित इस नुस्खे को ट्राई करने से आपको जल्द ही अच्छे रिजल्ट्स देखने को मिल जाएंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान**

यह जेल विटामिन सी से भरपूर होता है, इसलिए इसको रात के समय चेहरे पर लगाएं। अगर आप इस जेल को लगाकर धूप में जाएंगी, तो स्किन टैन हो जाएगी।

जब आपके चेहरे पर कोई घाव, मुंहासे या फिर संक्रमण न हों, तब ही इस जेल को चेहरे पर लगाना चाहिए। स्किन संबंधी समस्या खत्म होने के बाद आप इस जेल को फेस पर लगा सकती हैं।

इस जेल को लगाने से आपके फेस पर ग्लो आ सकता है। लेकिन अगर आप इस जेल का प्रयोग फेस पर निखार लाने के लिए कर रही हैं, तो आपकी सोच गलत है।

# मेथी से घर पर ही बनाएं सीरम और जिद्दी पिग्मेंटेशन को कहें अलविदा



मेथी दाना एक देसी स्किनकेयर हीरो है जिसमें स्किन को हल्का करने और हील करने की गजब की ताकत होती है। इसकी मदद से ना सिर्फ पिग्मेंटेशन धीरे-धीरे कम होती है, बल्कि यह स्किन टोन को इवन लुक देने के साथ-साथ ग्लो भी लेकर आता है।

आज के समय में हम सभी कई तरह की स्किन समस्याओं से जूझना पड़ता है। इन्हीं में से एक है पिग्मेंटेशन। पिग्मेंटेशन के चलते स्किन की नेचुरल ब्यूटी कहीं छिप जाती है और इससे निपटने के लिए हम सभी तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना शुरू कर देते हैं। जबकि आपकी इस समस्या का हल किचन में रखे एक सिंपल से मसाले में छिपा है और वह मसाला है मेथीदाना।

मेथी दाना एक देसी स्किनकेयर हीरो है जिसमें स्किन को हल्का करने और हील करने की गजब की ताकत होती है। इसकी मदद से ना सिर्फ पिग्मेंटेशन धीरे-धीरे कम होती है, बल्कि यह स्किन टोन को इवन लुक देने के साथ-साथ ग्लो भी लेकर आता है। अगर आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करना चाहती हैं तो ऐसे में मेथीदाने की मदद से सीरम बनाया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मेथीदाने से बनने वाले सीरम के बारे में बता रहे हैं, जिसकी मदद से आप भी पिग्मेंटेशन से छुटकारा पा सकती हैं-

**मेथी का सीरम बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए**

- 1 बड़ा चम्मच मेथी दाना
- 1/2 कप पानी
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल
- 2-3 बूंद विटामिन ई ऑयल या 1 कैप्सूल
- 1-2 बूंद टी ट्री ऑयल या रोज़हिप ऑयल

**मेथी का सीरम कैसे बनाए**

- रात को 1 चम्मच मेथी को 1/2 कप पानी में भिगोकर रख दें। 6-8 घंटे बाद ये अच्छे से फूल जाएगी।
- सुबह उसी पानी के साथ मेथी को 5-7 मिनट धीमी आंच पर उबाल लें। पानी थोड़ा हल्का भूरा और जेल जैसा हो जाएगा। फिर ठंडा होने दें।
- अब इसे सूती कपड़े या छन्नी से छान लें। जो पानी निकलेगा, वही मेथी का एक्सट्रेक्ट है।
- अब इसे किसी साफ बोतल या कटोरी में डालें।
- अब इसमें एलोवेरा जेल, विटामिन ई ऑयल व 1-2 बूंद टी ट्री या रोज़हिप ऑयल डालकर मिक्स कर लें।

**होममेड सीरम कैसे लगाएं**

रात को फेस वॉश के बाद कुछ बूंदें उंगलियों पर लें और चेहरे पर हल्के हाथों से लगाएं।

जहां दाग या पिगमेंटेशन है, वहां ज़्यादा फोकस करें।

इसे पूरी रात लगे रहने दें और सुबह गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

आप इसे हर रात लगा सकती हैं।

## कलर्ड बालों के लिए घर पर ही बनाएं ये सीरम

अक्सर अपने लुक को चेंज करने के लिए हम सभी बालों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं। कभी एक नया हेयरकट तो कभी बालों को कलर करना हमें काफी अच्छा लगता है। एक बार जब बालों को कलर कर दिया जाता है तो पूरा लुक इंस्टेंट चेंज हो जाता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि कलर्ड हेयर देखने में काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ ऐसे बालों को बेहतर तरीके से केयर करने की जरूरत होती है। दरअसल, कलर, ब्लीच या हाइलाइट्स में जो केमिकल्स होते हैं, वो बालों को रूखा व बेजान बना देते हैं। ऐसे में जरूरी होता है कि बालों की स्मूथनेस को बनाए रखने के लिए हेयर सीरम का इस्तेमाल किया जाए।

एक अच्छा हेयर सीरम बालों में चमक और स्मूदनेस वापस लाता है। साथ ही साथ, कलर को जल्दी फेड होने से भी बचाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कलर्ड हेयर के लिए सीरम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**हेयर सीरम बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए**

- 2 टेबलस्पून आर्गन ऑयल
- 1 टेबलस्पून जोजोबा ऑयल
- 1 टेबलस्पून नारियल तेल
- 5 बूंद विटामिन ई ऑयल
- 5 बूंद लैवेंडर एसेंशियल ऑयल
- 3 बूंद रोज़मेरी एसेंशियल ऑयल

**हेयर सीरम कैसे बनाएं**

- एक छोटा कांच का ड्रॉपर वाला डार्क कलर बॉटल लें।
- अब इसमें आर्गन, जोजोबा और नारियल तेल डालें।
- फिर इसमें विटामिन ई और एसेंशियल ऑयल की बूंदें डालें।
- बॉटल बंद करके अच्छे से हिलाएं ताकि सब अच्छे से मिक्स हो जाए।
- इसे ठंडी और सूखी जगह पर रखें।

**हेयर सीरम कैसे लगाएं-**

- हेयर सीरम लगाने के लिए सिर्फ 2-3 बूंद सीरम हथेली में लें।
- हाथों से रगड़कर थोड़ा गर्म करें और फिर बालों के मिड-से लेकर एंड्स तक लगाएं।
- हल्के गीले या सूखे बालों पर लगाएं।
- अगर लीव-इन सीरम की तरह लगा रहे हैं, तो आप इसे स्कैल्प पर ना लगाएं।

## पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए फॉलो करें ये स्किन केयर रुटीन

# ऑयली स्किन से भी मिलेगा छुटकारा

अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो पिंपल्स की समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं।

वैसे तो पिंपल्स की समस्या कभी भी आ सकती है, लेकिन खासकर यह समस्या तब होती है, जब आपकी स्किन ऑयली होती है। ऑयली स्किन के कारण त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं, जिसकी वजह से पिंपल्स से जुड़ी समस्या पैदा हो सकती है। इस दौरान अगर सही तरीके से स्किन केयर रूटीन फॉलो न किया जाए, तो यह समस्या ज्यादा बढ़ सकती है। यह समस्या न हो, इसके लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए कुछ जरूरी बातें बता रहे हैं, जिनको फॉलो करने से पिंपल्स की समस्या से बचा जा सकता है।

**चेहरे को धोने से पहले जरूर करें ये काम**

कई महिलाएं पिंपल्स की समस्या से बचने के लिए बाहर से आते ही फेस धोने लगती है। ऐसा करने से यह समस्या बढ़ सकती है। इससे बचने के लिए फेस धोने से पहले उसको टिश्यू पेपर की सहायता से साफ करें। फिर कुछ समय रुककर फेस वॉश से चेहरा धोएं।

**बार-बार न करें फेसवॉश**



अगर आप अपने फेस को बार-बार पानी से धोती हैं, साथ ही इस दौरान फेस वॉश का इस्तेमाल करती हैं, तब भी यह समस्या आ सकती है। इसलिए चेहरे को बार-बार धोने से बचना चाहिए। आप सुबह और शाम के समय फेस वॉश के मदद से चेहरा धोएं।

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न करना**

ऑयली स्किन होने पर स्किन को नमी की जरूरत पड़ती है। हालांकि कई महिलाएं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती है। ऐसे में यह समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए आप ऐसी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जो जेल-बेस्ड या फिर ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर हो।

**ज्यादा स्क्रब का न करें इस्तेमाल**

पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रब करना चाहती हैं, तो अधिक स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में स्किन को नुकसान हो सकता है और सप्ताह में 1 दिन ही स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

**तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल**

अगर आप तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो पिंपल्स की समस्या आ सकती है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि त्वचा के मुताबिक ही प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए।

**इन बातों का रखें ख्याल**

सबसे पहले फेस को अच्छे से क्लीन करें।

सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें।

फिर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें।

आप कम से कम मेकअप का इस्तेमाल करें।

सप्ताह में 3 दिन फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए।

# शासन की विफलता, जवाब चाहती है जनता

## पुरी में लड़की को आग लगाने की घटना पर बोले पूर्व सीएम नवीन पटनायक

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी जिले में एक युवती को कथित तौर पर आग लगाने की घटना को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे शासन की विफलता करार दिया। बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुरी जिले के बलंगा इलाके में एक युवती को आगे लगाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। दिनदहाड़े उनकी हत्या का प्रयास हुआ। मैं इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

पटनायक ने आगे कहा, यह घटना एक हफ्ते के भीतर यह घटना हुई है। इससे पहले गोपालपुर की खौफनाक घटना के एक महीने के बाद एफएम कॉलेज की एक युवती को भी जब हर दरवाजा खटखटाने के बाद भी न्याय नहीं मिला, तो उसने खुद को आग लगा दी थी। महिलाओं के खिलाफ ऐसी अकल्पनीय घटनाएं अब पूरे ओडिशा से रोजाना सामने आ रही हैं।

उन्होंने आगे कहा, ये अलग-अलग हिंसा के मामले नहीं हैं। इतनी बार ऐसी घटनाएं होना सरकार की प्रणाली में गहरी कमी को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि मौजूदा सरकार में अपराधी निडर हो गए हैं और उन्हें सजा मिलने की चिंता नहीं है। यह दिखाता है कि सरकार की लापरवाही और राजनीतिक संरक्षण के कारण ओडिशा महिलाओं के लिए बहुत असुरक्षित हो रहा है। क्या ओडिशा सरकार इस गहरी नींद से जागेगी और जल्दी कार्रवाई करेगी ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके? और सबसे जरूरी बात, क्या सरकार ऐसे हादसों को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाएगी? ओडिशा की लड़कियां और महिलाएं इसका जवाब चाहती हैं।

कांग्रेस ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार इन घटनाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। पार्टी के नेता श्रीकांत जेना ने कहा, ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लड़की 12वीं की छात्रा है। मुझे पता चला है कि वह ट्यूशन क्लास से लौट रही थी, जब 2-4 लड़कों ने उस पर केरोसिन डालकर आग लगा दी। डॉक्टर उसे बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हो जाएगी। लेकिन चाहे मुख्यमंत्री हों या प्रशासन, उनमें कोई संवेदनशीलता नहीं दिख रही। राज्य में रोजाना ऐसी घटनाएं हो रही हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। मुझे उम्मीद है कि सरकार ऐसा कानून लाएगी जिससे ऐसे लोगों में डर पैदा हो। तभी ये घटनाएं रुकेंगी, अन्यथा नहीं।

पुरी जिले के जिला मजिस्ट्रेट चंचल राणा ने बताया कि पुरी जिले के निमापाड़ा ब्लॉक में बालांडा थाना क्षेत्र के तहत एक 16 वर्षीय लड़की को कुछ बदमाशों ने कथित तौर पर आग लगा दी। गंभीर रूप से जलने के कारण इस नाबालिग लड़की को भुवनेश्वर के एम्स में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा, हमें निमापाड़ा ब्लॉक के बालांडा थाना क्षेत्र में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सूचना मिली है, जिसमें एक लड़की को आग लगा दी गई है। उसके गंभीर रूप से जलने से घाव हुए हैं। हमने एम्स से संपर्क किया है और वहां उसका उपचार और आपातकालीन देखभाल के इंतजाम कर दिए गए हैं।

## पंजाब में आप को झटका- खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने दिया इस्तीफा, सियासत भी छोड़ी

एजेंसी



**चंडीगढ़।** खरड़ की विधायक अनमोल गगन मान ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। मान ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से स्पीकर को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी

अनमोल गगन मान पंजाब सरकार में पर्यटन मंत्री रह चुकी हैं। अनमोल गगन मान का पंजाबी गायिका से मंत्री तक का सफर काफी दिलचस्प है। उन्होंने साल 2020 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की थी। उन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल के प्रत्यशी रणजीत सिंह गिल को करीब 37718 मतों से हराया था। 2022 विधानसभा चुनाव में जीतने वालीं वह सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। अनमोल गगन मान ने पार्टी का कैंपेन गीत भी तैयार किया था।

अनमोल गगन मान का जन्म 1990 में मानसा में हुआ था। उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ से हुई। इसके बाद उन्होंने पहले मॉडलिंग फिर गायकी में अपना करियर बनाया। पिछले साल जून में एडवोकेट शाहबाज सोही के साथ उनकी शादी हुई थीं। वहीं एक दिन पहले शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता व रियल एस्टेट कारोबारी रणजीत सिंह गिल ने अकाली दल छोड़ने का एलान किया था।

अनमोल गगन मान के इस्तीफे पर कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा ने प्रतिक्रिया दी है। खैरा ने एक्स पर लिखा-अनमोल गगन मान का राजनीति छोड़ने का फैसला अरविंद केजरीवाल के पूर्ण विश्वासघात को दर्शाता है। मान आम आदमी पार्टी की इस्तेमाल करो फेंक दो वाली गंदी राजनीति की पहली शिकार नहीं हैं, बल्कि प्रशांत भूषण से लेकर गुरप्रीत घुग्गी तक लंबी सूची है।

## क्विक न्यूज

### 10 साल के सबसे बर्फीले तूफान का खतरा, 7 राज्यों में इमरजेंसी घोषित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को भीषण बर्फीला तूफान की वजह से कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। अब आशंका जताई जा रही है कि यह अमेरिका में पिछले 10 साल का सबसे भीषण बर्फीला तूफान हो सकता है। इसे देखते हुए 7 राज्यों जनमें केंटकी, वर्जीनिया, वेस्ट वर्जीनिया, कंसास, अर्कांसस और मिसौरी में इमरजेंसी लगा दी गई है। स् नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इस तूफान से अमेरिका के 6 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन प्रभावित होगा। बता दें फ्लोरिडा में भी में भारी बर्फबारी हो रही है। कंसास और मिसौरी के लिए खास चेतावनी जारी की गई है। नेशनल वेदर सर्विस का कहना है कि इन दोनों राज्यों के कई इलाकों में 8 इंच तक बर्फबारी हो सकती है। यहां पर 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं।

### ड्रोन हमले में रूसी पत्रकार की मौत, चार मीडियाकर्मी घायल

**मास्को।** रूस की आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने शनिवार को बताया कि डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक युद्ध संवाददाता की मौत हो गई और चार अन्य मीडियाकर्मी घायल हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्रोन ने डोनेट्स्क-गोरलोव्का राजमार्ग पर रूसी पत्रकारों को ले जा रही एक कार पर हमला किया, जिसमें रूसी समाचार पत्र इज़वेस्टिया के स्ट्रिंगर अलेक्जेंडर मार्टेम्यानोव की मौत हो गई। घायलों में से एक आरआईए नोवोस्ती संवाददाता मैक्सिम रोमानेंको ने कहा, गोरलोव्का में गोलाबारी के बाद की स्थिति को फिल्माने के बाद, हम डोनेट्स्क लौट रहे थे। राजमार्ग पर, एक कामिकेज़ ड्रोन ने हमारी कार पर हमला किया। डोनेट्स्क क्षेत्र के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने टेलीग्राम पर कहा कि सभी घायल पत्रकारों का इलाज किया जा रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा कि रूसी पत्रकारों के खिलाफ किए गए हमलों के लिए उचित और अपरिहार्य दंड दिया जाएगा।

## तेजस्वी यादव ने अंग्रेजी में लिखी चिट्ठी, देश के 35 बड़े नेताओं को लिखे पत्र में है क्या?

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अब चिट्ठियों के जरिए देशव्यापी पहुंच बनाने की कोशिश शुरू की है। उन्होंने देशभर के 35 दिग्गज नेताओं को अंग्रेजी में चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी भारत निर्वाचन आयोग की ओर से बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ है। तेजस्वी यादव लगातार इसे गरीब और अनपढ़ मतदाताओं का नाम हटाने की साजिश बता रहे हैं और चूंकि आयोग बिहार के बाद इसे बाकी राज्यों में कराने की तैयारी में है तो तेजस्वी ने यह पत्र राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत देश के तमाम विपक्षी नेताओं को भेजी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्र में लिखा है कि यह पत्र मैं आपको गहरी पीड़ा के साथ लिख रहा हूँ।

## दक्षिण ईरान में भीषण सड़क हादसा, बेकाबू बस के पलटने से 21 लोगों की मौत, करीब 34 घायल

एजेंसी

**तेहरान।** दक्षिण ईरान में एक बस के पलटने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 34 लोग घायल हो गए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी मीडिया ने शनिवार को दी। यह हादसा फार्स प्रांत की राजधानी शीराज के दक्षिण में हुआ है। फार्स प्रांत के आपातकालीन संगठन के प्रमुख मसूद आबेद ने बताया कि हादसा सुबह 11.05 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक यात्री बस जो शीराज की ओर जा रही थी, अनियंत्रित होकर पलट गई। यह बस यात्रियों से भरी हुई थी। हादसा उस समय हुआ जब बस चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे के तुरंत बाद, आपातकालीन राहत दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य अभी जारी है और जांच पूरी होने के बाद ही सही आंकड़े और अन्य जानकारी दी जाएगी। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल माना जा रहा है कि हादसा या तो चालक की लापरवाही, वाहन में खराबी हो सकती है।

ईरान में सड़क हादसों की संख्या काफी अधिक है। यहां हर साल लगभग 17,000 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। इन हादसों का मुख्य कारण सुरक्षा नियमों की अनदेखी, पुराने वाहनों का इस्तेमाल और आपात सेवाओं की कमी बताया जाता है।

## चंदन मिश्रा मर्डर केस में पांच पुलिसकर्मी निलंबित, ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई

एजेंसी



**पटना।** पटना के पारस अस्पताल में घुसकर हुई चंदन मिश्रा की हत्या के बाद बिहार पुलिस की कार्रवाई जा रही है। पुलिस जांच में पता चला कि शास्त्रीनगर के कुछ पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरती। इसलिए पटना एसएसपी ने जांच के बाद तत्काल प्रभाव से इन्हें निलंबित कर दिया। पटना पुलिस के अनुसार, ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में शास्त्रीनगर थाना के पुअनि के एक पदाधिकारी, सअनि स्तर के दो पदाधिकरी और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि 17 जुलाई जिस पारस हॉस्पिटल में कुख्यात चंदन मिश्रा की हत्या हुई थी, वह जगह पुलिस मुख्यालय से लगभग उतना ही करीब है, जितना पटना हवाई अड्डा से। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंची और फिर जांच-पड़ताल, पूछताछ और एफएसएल टीम के द्वारा जांच किया। इसके बाद विपक्ष ने फिर से पटना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि छह अपराधी आए और हत्या कर आराम से फरार हो गए लेकिन पुलिस उन्हें देख तक नहीं पाई। इसके बाद पटना के वरीय अधिकारियों ने मामले की जांच का आदेश दिया। इसमें पांच पुलिसकर्मी लापरवाह पाए गए।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीसीटीवी फुटेज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि घटना के कुछ घंटों के अंदर पारस अस्पताल में चंदन मिश्रा हत्या कांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया थ, जिसमें यह दिख रहा है कि पांच अपराधी बड़े आराम से पारस अस्पताल के अंदर कमरे में प्रवेश करते हैं और फिर फायरिंग कर बाहर निकल गये। साथ ही उनके जाने का भी सीसीटीवी फुटेज सामने आया, जिसमें दो बाइक पर तीन-तीन अपराधी हथियार लहराते हुए दिख रहे हैं। घटना करने के बाद ये छह अपराधी पारस अस्पताल से सटी गली से निकलते हुए बड़े आराम से अपने गंतव्य की ओर निकल गए। अपराधी जिस रास्ते से फरार हुए, वह रास्ता भी सीसीटीवी में कैद हो चुका। लेकिन एक भी अपराधी को पुलिस पकड़ नहीं पाई? यह बड़ा सवाल है।

घटनास्थल तक पुलिस के अलावा कोई और नहीं पहुंच पाया, इसलिए गोलियों की संख्या स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। शुरुआती समय में यह कहा जा रहा था कि अपराधियों ने उन्हें चार गोलियां मारी हैं, लेकिन सच्चाई कुछ और हैं। चंदन मिश्रा को 4 नहीं 36 गोलियां मारी थी। अमर उजाला ने मृतक के एक बहुत ही नजदीकी से बातचीत की, जिसमें उन्होंने यह बताया कि अपराधियों ने कुख्यात चंदन मिश्रा पर कुल 36 गोलियां बरसाईं।

## सूडान- खार्तूम अर्धसैनिक बलों का हमला, 8 की मौत 53 घायल

एजेंसी

**खार्तूम।** सूडान की राजधानी खार्तूम और पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में आठ नागरिक मारे गए और 53 घायल हो गए। खार्तूम राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आरएसएफ मिलिशिया ने शनिवार को खार्तूम के उत्तर में ओमदुरमन शहर के करारी इलाके और खार्तूम के पूर्व में शर्क अलनील (पूर्वी नील) इलाके में नागरिकों के खिलाफ हमले जारी रखी, जिसमें 4 नागरिक मारे गए और 43 अन्य घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, घायलों को ओमदुरमन के अल-नो और अबू सईद अस्पताल और शर्क अलनील इलाके के एल बान जदीद अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। शनिवार को ही, सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के 6वें इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को एल फशर में आवासीय इलाकों पर आरएसएफ की ओर से की गई गोलाबारी में चार नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए।

आरएसएफ ने अभी तक इन घटनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा, इससे पहले दिसंबर में सूडान के एल फशर शहर में दो विस्थापन शिविरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में 20 नागरिक मारे गए थे और 17 अन्य घायल हो गए थे।

उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने कहा, पिछली रात (शुक्रवार को), आरएसएफ मिलिशिया ड्रोन ने एल फशर में सैकड़ों विस्थापित लोगों की मेजबानी करने वाले शिविर, क्यूज बेना स्कूल पर चार बम गिराए, जिसमें 19 नागरिक मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।

## इजरायली शोधकर्ताओं ने समुद्री बैक्टीरिया में वायरस प्रतिरोधक तंत्र की खोज की

एजेंसी



**यरूशलम।** इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एक बयान में बताया कि इजरायली शोधकर्ताओं ने समुद्री बैक्टीरिया में एक ऐसी प्रणाली की खोज की है जो उन्हें वायरस के हमलों से बचाती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नेचर माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने बैक्टीरिया और फेज, जो बैक्टीरिया को संक्रमित करने वाला वायरस है, के बीच संघर्ष पर फोकस किया। इस निरंतर संघर्ष से समुद्री वातावरण में इन दोनों आबादी का आपसी विकास होता है।

कुछ क्षेत्रों में वायरल संक्रमण से बैक्टीरिया की बड़ी आबादी में बहुत कमी आ जाती है और बिना प्रतिरोध तंत्र के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। अध्ययन से पता चला है कि बैक्टीरिया वायरस के खिलाफ एक निष्क्रिय रक्षा तंत्र का उपयोग करते हैं, जिसमें प्रोटीन निर्माण में अणुओं की अत्यंत कम खुराक शामिल है। शोध ने समुद्री जीवाणु सिनेकोकस और फेज सिन9 के बीच के संबंधों की भी जांच की गई। सिनेकोकस इसमें बेहद ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह प्रकाश से ऊर्जा प्राप्त करता है और ऑक्सीजन का उत्पादन करता है जो समुद्री जीवन के लिए इसे बेहद ही महत्वपूर्ण बनाता है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि साइनेकोकोकस सिन9 का प्रतिरोध करके ट्रांसफर आरएनए के स्तर को कम करता है, जो जीन के लिए एक आवश्यक अणु है। जब टीआरएनए का स्तर सामान्य होता है, तो बैक्टीरिया वायरस के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, लेकिन जब टीआरएनए का स्तर कम हो जाता है, तो प्रतिरोध बढ़ जाता है। प्रतिरोध का यह पैटर्न निष्क्रिय है, जिसमें कुछ अंतःकोशिकीय कार्यों का खत्म होना बैक्टीरिया की वायरल संक्रमण से बचने की क्षमता को बढ़ाता है।

## गाजा पर इजराइल ने बरपाया कहर, 72 घंटों में किए 94 हवाई हमले, 184 लोगों की मौत

एजेंसी

**गाजा।** गाजा में पिछले तीन दिनों से जारी इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 184 लोग मारे गए हैं। हमास स्थित मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 72 घंटों में गाजा पट्टी पर 94 हवाई हमले किए, जिसमें 184 लोगों की मौत हुई है।

कार्यालय ने इन हमलों को खतरनाक और क्रूर बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के हवाई हमले में कई पीड़ित या तो मारे गए या घायल हो गए हैं। इसके अलावा कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पिछले तीन दिनों में इजरायली हवाई हमले तेज हुए हैं, जो स्थानीय निवासियों के लिए मुश्किल समय है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना इन भयावह अपराधों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है और उन्होंने हथियार और राजनीतिक समर्थन देने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इन जघन्य अपराधों को दर्ज करने के लिए स्वतंत्र जांच टीमों को भेजने का आह्वान किया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बंधकों की रिहाई को लेकर हमास को कड़ी चेतावनी दी थी, जिसके बाद इजरायल ने गुरुवार से गाजा में अपने सैन्य अभियान को तेज किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कतर, मिस्र और अमेरिका द्वारा मध्यस्थता की गई वार्ता प्रमुख मुद्दों पर रुकी हुई है, जिसमें संघर्ष विराम जारी रखना भी शामिल है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक 45,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल पर बड़े पैमाने पर हमले किए थे।

## अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने किया एनटीएसबी की जांच का समर्थन, कहा- अटकलें न लगाएं

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रमुख जेनिफर होमेंडी ने शनिवार को कहा कि बोर्ड एअर इंडिया के विमान हादसे की एएआईबी की जांच का समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि इस घटना पर मीडिया रिपोर्ट समय से पहले और अटकलें हैं।

एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान एक मेडिकल छात्रावास से टकरा गया था। विमान ने लंदन के गेटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। इसमें चालक दल के सदस्यों सहित 242 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 241 लोग मारे गए थे। जबकि एकमात्र व्यक्ति ही जीवित बच पाया था। वहीं, जमीन पर मौजूद 19 लोगों की भी इस हादसे में जान चली गई थी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को विमान हादसे पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। होमेंडी ने एक्स पर एक बयान में कहा, एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 के हादसे पर हालिया मीडिया रिपोर्ट समय से पहले और अटकलें लगाने वाली हैं। भारत के एएआईबी ने अभी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस तरह की जांच में समय लगता है।

होमेंडी की ओर यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब एएआईबी ने कुछ दिन पहले कहा कि हादसे के कारणों के बारे में अभी निश्चित नतीजे निकालना जल्दबाजी होगी, क्योंकि जांच जारी है। एएआईबी ने सभी से पहले ही अटकलों से बचने का आग्रह किया था। होमेंडी ने यह भी कहा कि एनटीएसबी एएआईबी की ओर से की गई सार्वजनिक अपील का पूरा समर्थन करता है और उसकी जारी जांच का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने शनिवार को पोस्ट में कहा कि सभी जांच संबंधी सवाल एएआईबी को संबोधित किए जाने चाहिए।

# ओडिशा में फिर इंसानियत शर्मसार

## पुरी में बदमाशों ने 15 साल की लड़की को आग के हवाले किया, एम्स ले जाया गया

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को बदमाशों ने एक 15 साल की मासूम लड़की को आग के हवाले कर दिया। बच्ची को गंभीर हालत में एम्स भुवनेश्वर ले जाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने एक पोस्ट में घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मैं यह खबर सुनकर दुखी और स्तब्ध हूं कि पुरी जिले के बलंगा में कुछ बदमाशों ने सड़क पर एक 15 साल की लड़की पर पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा, लड़की को तुरंत एम्स भुवनेश्वर ले जाया गया है। उसके इलाज की सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इलाज का सारा खर्च सरकार वहन करेगी। पुलिस प्रशासन को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं इस मामले में लड़की के चचेरे भाई ने बताया किसुबह करीब 8ः30 बजे वह अपनी सहेली से मिलने जा रही थी। रास्ते में कुछ लोगों ने उसका अपहरण किया, फिर उसे नदी किनारे ले जाकर आग के हवाले कर दिया। किसी तरह वह वहां से भागकर एक घर तक पहुंची। वहां के लोगों ने उसे कपड़े पहनाए और हमें फोन किया। हम पहुंचे और उसे पहले पास के अस्पताल और फिर ढ्ढढ्ढरू लेकर गए।

परिजनों ने इस दरिंदगी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हमने पुलिस में शिकायत दर्ज कर दी है। जांच चल रही है। हमें नहीं पता आरोपी कौन हैं, पर लड़की ने उन्हें देखा है। वह बेहतर बता पाएगी। हम चाहते हैं कि दोषियों को फांसी की सजा दी जाए।

घटना बलंगा थाना क्षेत्र के बयाबर गांव में सुबह करीब 9 बजे हुई, जब लड़की अपनी सहेली के घर जा रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उसे रोका, उसे जबरन भार्गवी नदी के किनारे ले गए और उसके शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़का और उसे आग लगा दी। घटनास्थल नुआगोपालपुर बस्ती स्थित उसके घर से लगभग 1.5 किलोमीटर और बलंगा पुलिस स्टेशन से लगभग 5-7 किलोमीटर दूर है। लड़की को आग लगाने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाई और बाद में उसे पिपिली सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम्स भेज दिया गया।

मौके पर पहुंचे पुरी के पुलिस अधीक्षक पिनाक मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक टीमें भी जांच में लगी हुई हैं। अभी तक किसी को हिरासत में या गिरफ्तार नहीं किया गया है। पिपिली उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) देबाशीष मिश्रा ने कहा कि लड़की की पीठ, पेट और अन्य हिस्से झुलस गए हैं। उन्होंने कहा, अपराधियों को पकड़ने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं। हम निजी घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों से सुराग तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। पुरी की जिला कलेक्टर चंचल राणा ने कहा कि प्रशासन ने घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच विपक्षी बीजद और कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया और लड़की के परिजनों और डॉक्टरों से मुलाकात की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा, उसका अभी इलाज चल रहा है। हम उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

इससे पहले ओडिशा के ही बालासोर में फकीर मोहन स्वायत्त कॉलेज में एक 20 वर्षीय बीएड की छात्रा की आत्मदाह के बाद मौत ने पूरे राज्य में हड़कंप मचा दिया था। छात्रा ने कॉलेज के शिक्षा विभाग के प्रमुख (एचओडी) समीर कुमार साहू पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न करने के विरोध में ये आत्मघाती कदम उठा लिया था।

# डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी लोगों की जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में तहसील मड़ियाहू के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में साकिन निवासी सुदनीपुर मड़ियाहू द्वारा प्रार्थनापत्र के माध्यम से बरसात में पानी की निकासी की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को प्राथमिकता पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए इसको निस्तारित कराने के निर्देश दिए। ग्राम बल्लीपुर के सिकंदर सिंह के द्वारा प्रार्थनापत्र के माध्यम से शिकायत की गयी कि ग्राम प्रधान के द्वारा तालाब तथा भीटा के पेड़ की कटाई तथा जेसीबी मशीन द्वारा पेड़ो को उखाड दिया गया और मिटटी बेच दी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार, डीएफओ और खण्ड विकास अधिकारी को जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। विमला देवी निवासिनी जितापुर थाना रामपुर के द्वारा उनके चक में अवैध रूप से चकमार्ग बनाने की शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार, कानूनगो और एसओ को संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करते हुए समस्या का निदान करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के समक्ष अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के द्वारा भूमि आंवटन व आवास आवंटन किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार के निर्देशित किया कि तत्काल भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाए और इसके साथ ही उन्होने कहा कि भूमि आवंटन में जिस स्तर पर लापरवाही बरती गयी है उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी रामपुर ने अवगत कराया कि अब तक कुल 37 परिवारों को आवास दिया गया है, 123 को सर्वे करके पात्रता की श्रेणी में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा रविवार 19 जुलाई 2025 को कैम्प लगाकर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित कराने के निर्देश दिए। राकेश चन्द्र मिश्र निवासी बदौवा के द्वारा शिकायत की गयी कि उनका वरासत दर्ज नही हो पा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तत्काल वरासत दर्ज कर खतौनी उपलब्ध करायी जाए जिसके अनुपालन में मिश्रा जी कि वरासत दर्ज कराकर जिलाधिकारी के हाथ से खतौनी उपलब्ध करा दी गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए, संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कुल 156 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर ही 19 शिकायतों का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पुलिस एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिसे सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, डीएफओ प्रोमिला,उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, तहसीलदार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रो.विनोद कुमार ने विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में प्रोफेसर (डॉ) विनोद कुमार ने गुरुवार को विधि संस्थान के विभागाध्यक्ष का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण किया। पूर्व प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ वनिता सिंह ने उन्हें पदभार सौंपा। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, प्रोफेसर देवराज सिंह, मंगला प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, इंद्रजीत सिंह, श्रीप्रकाश यादव, प्रमोद कुमार, रजित राम सोनकर, राहुल राय, अंकित कुमार, डॉ अनुराग मिश्रा तथा डॉ प्रियंका कुमारी सहित अनेक शिक्षक एवं सहयोगियों ने प्रोफेसर विनोद कुमार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रोफेसर विनोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कुलपति जी के मार्गदर्शन और सहयोगीगणों के सामूहिक प्रयास से संस्थान में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन और शोध की दिशा में ठोस पहल करेंगे। उन्होंने विधि संस्थान को नई दिशा देने और ऊंचाइयों तक पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर विनोद कुमार पूर्व में पटना विश्वविद्यालय, पटना तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के विधि विभागों में अध्यापन एवं विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा चुके हैं।

# पीयू परिसर की प्रवेश परीक्षाएं सुचिता के साथ संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षाएं उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में सफलतापूर्वक शनिवार को सम्पन्न हुईं। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई। 19 जुलाई को प्रथम पाली 9:00 बजे से 11:00 बजे बीएससी के सभी प्रोग्राम में, दूसरी पाली 12:00 से 2:00 के एमबीए, एमबीए के फाइनेंस एंड कंट्रोल, एचआरडी, ई-कॉमर्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स तथा तीसरी पाली 3:00 से 5:00 के बीच बीबीए, एलएलएम, एमसीए, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी के बायोटेक्नोलॉजी, बायो केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ कक्ष निरीक्षक एवं परीक्षा समिति के सदस्य लगातार कमरों का भौतिक निरीक्षण भी कर रहे थे। परीक्षार्थियों की तलाशी के लिए प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच की गई। 19 जुलाई को कुल 1324 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर विनोद कुमार सिंह परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा संचालन समिति के सदस्य प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ रसिकेश, अशोक कुमार यादव समूचे समय सक्रिय रूप से परीक्षा प्रक्रिया को संचालित करने में लगे रहे।

## श्रीलंका में हिंदी का कोई विरोध नहीं : प्रो. लक्ष्मण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हिन्दी भाषा अत्यंत मधुर भाषा है। श्रीलंका के लोग हिंदी संगीत, सिनेमा व साहित्य में अत्यधिक रुचि लेते हैं। वहां हिंदी का कोई विरोध नहीं है बल्कि श्रीलंका व भारत के सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने में हिंदी पुल का कार्य कर रही है। श्रीलंका के लगभग 120 विद्यालयों के दसवीं 11वीं व 12वीं की कक्षाओं में,साथ ही 10 विश्वविद्यालय में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है। एमफिल व पी एचडी के उपाधियों की शुरुआत भी हो चुकी है ।यह बातें भारतीय हिंदी परिषद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आभासी माध्यम में आयोजित डॉक्टर धीरेंद्र वर्मा व्याख्यान माला के दसवें पुष्प में मुख्य वक्ता रहे केलेनिया विश्वविद्यालय श्रीलंका के प्रोफेसर लक्ष्मण सेनेविरत्ने ने श्रीलंका में भारत की स्थिति विषय पर बोलते हुए कहीं।

उन्होंने बताया कि हिंदी प्रचार के लिए सिंघली साहित्य के हिंदी अनुवाद की आवश्यकता है, इसके लिए उन्होंने 50 हिंदी लिखने वालों का समूह भी बनाया है।

प्रोफेसर लक्ष्मण के इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हिंदी व भारत के जुड़ाव को बताते हुए भारतीय हिंदी परिषद के प्रधानमंत्री प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुआ कहा कि भारतीय हिंदी परिषद विदेशी मूल के हिंदी विद्वानों का डॉ धीरेन्द्र वर्मा व्याख्यान माला के अंतर्गत व्याख्यान कराया जा रहा जिससे विदेशों में हिन्दी की दशा दिशा से भारत के लोग परिचित हो सकें और हिंदी के माध्यम से अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक संबंध भाषा के आधार पर आत्मीय बने। सभापति प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने भारतीय शास्त्रीय संगीत व हिंदी के श्रीलंका के साथ ऐतिहासिक संबंधों को विस्तार से बताते हुए प्रोफेसर लक्ष्मण का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रोफ़ेसर अशोक नाथ त्रिपाठी, वर्धा, डॉ प्रिया, पटना, डॉ बलजीत श्रीवास्तव, लखनऊ, डॉ जयराम त्रिपाठी, प्रयागराज डॉ संध्या द्विवेदी, फिरोजाबाद, डॉ रेखा शेखावत, हरियाणा, डॉ टिकमानी पटवारी, मद्य प्रदेश आदि अन्य प्रतिभागियों ने सेनेविरत्ने से प्रश्न आदि पूछ कर संवाद स्थापित किया।

# दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**दो घण्टे में पुलिस ने किया घटना का खुलासा**

**जौनपुर (खेतासराय)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक नाबालिक बच्ची से दुराचार करने के एक आरोपी को पुलिस टीम ने दो घण्टे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

बाद में विधिक कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी को बाल सुधार गृह रामनगर वाराणसी में भेज दिया है। खेतासराय थाना अंतर्गत एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत किया कि उसकी नाबालिग बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने बहला फुसलाकर दुराचार किया है। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने दुराचार से जुड़े मामले को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर

घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पाक्सो एक्ट से सम्बधित नाबालिक पीड़िता से दुराचार का आरोपी आजमगढ़ के दीदारगंज मार्ग स्थित खेतासराय रेलवे स्टेशन की तरफ जाते हुए देखा गया है। पुलिस टीम ने बिना देर किए खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय, कांस्टेबल विकेश चौहान, रवि कुमार, दिनेश यादव के साथ घटना के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इलाके में दबिश देना शुरू कर दिया। इसके बाद बाल अपचारी को दो घण्टे के अन्दर थाना क्षेत्र के शाहापुर से आगे रेलवे स्टेशन खेतासराय जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर खेतासराय थाने लाया गया । यहां घटना के संबंध में उससे विस्तृत पूछताछ के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय बाल सुधार गृह राम नगर वाराणसी भेज दिया गया है।

## रोडवेज सभागार में मांगों को लेकर विशाल आम सभा का किया गया आयोजन

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति यूनियन आजमगढ़ मंडल के बैनर तले ओंकार नाथ तिवारी की अध्यक्षता में रोडवेज सभागार में मांगों को लेकर विशाल आम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में इपीएस 95 से आच्छादित भारत सरकार व प्रदेश सरकार के अधीन समस्त निगमों, प्राइवेट लिमिटेड, कंपनियों के सेवारत, सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष ओमशंकर तिवारी, महामंत्री आर. एन द्विवेदी, मंडलीय सचिव सुभाष उपाध्याय सहित तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। जनसभा में राष्ट्रव्यापी पेंशनर्स बचाओ महाअभियान को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच चर्चा हुई। इस सभा में बतौर मुख्य अतिथि शमिल हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस. के तिवारी ने कहा कि हम पिछले 10 सालों से संघर्षरत है।

# दुकान से 10 लाख की ज्वैलरी लेकर भागा ठग

**चोर ने 10 रुपए का पेटीएम कर महिला दुकानदार को चकमा दिया**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र स्थित एडीए मोड पर महालक्ष्मी ज्वैलर्स में एक शातिर चोर ने महिला दुकानदार को चकमा देकर 10 लाख रुपए के गहने दस मिनट में लेकर फरार हो गया। आरोपी ने पहले कई दिनों तक दुकान की रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। घटना 10 जुलाई की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान मालिक राकेश वैश्य की पत्नी प्रीती दुकान पर दोपहर में अकेली दुकान पर थीं। एक युवक दोपहर 12 बजे चेन खरीदने के बहाने आया। डिजाइन पसंद कर चला गया। साढ़े तीन बजे वह फिर लौटा और पसंद की चेन निकलवाई। युवक ने ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। उसने महिला से क्यूआर कोड मांगा और मात्र 10 रुपए का पेटीएम अपने साथी से करा दिया। फिर बोला कि बाकी पैसे उसके पिता भेज रहे हैं। इसी बीच जब महिला गहनों का वजन करने लगीं, युवक ज्वैलरी से भरा बॉक्स छीनकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। इनमें आरोपी की पहचान हो चुकी है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। जबकि, मुख्य आरोपी अभी फरार है। पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक 7 और 8 जुलाई को भी दुकान पर आया था और अपनी मां के लिए दो चेन खरीदने की बात कर रहा था।

नैनी सरगम के समीप रहने वाले जमीर अहमद ने राकेश वैश्य को 10 रुपए पेटीएम किया था। जिसके बाद इसकी जानकारी दुकान मालिक ने नैनी पुलिस को दी थी और पैसे भेजने वाले युवक का घर भी बताया था। जिसके बाद पुलिस ने जमीर अहमद को उठाकर पूछताछ कर छोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि पैसे भेजने वाले युवक से ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपी का सुराग मिलेगा।

### लखनऊ का शातिर निकला आभूषण की दुकान से सोने की चैन उड़ाने वाला

नैनी कोतवाली क्षेत्र के एडीए (पीडीए) तिराहे के समीप स्थित एक आभूषण की दुकान से बीते कुछ दिन पूर्व जेवरात खरीदने के बहाने एक शातिर कुछ सोने की चैन लेकर फरार हो गया था।हर हाल में गिरफ्तारी और सोने की चैन को बरामद करने के लिए पुलिस अधिकारियों की ओर से एसओजी यमुनानगर जोन सहित तीन पुलिस टीम का गठन किया गया था। नैनी में आभूषण की दुकान पर जो शातिर युवक ने लाखों रुपए की सोने की चैन को उड़ाकर फरार हो गया था। वह लखनऊ का रहने वाला निकला और लखनऊ पुलिस ने तीन दिन पूर्व उसे गिरफ्तार कर लिए। लखनऊ पुलिस के मुताबिक जब उससे पूछताछ की गई तो लखनऊ, प्रयागराज के नैनी सहित कई स्थानों पर वारदात को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया। जिसे लखनऊ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए सलाखों के पीछे भेज दिए। गठित टीम को सूचना मिली तो उसके कब्जे से बरामद सोने की पांच सोने की चैन को बरामद कर लिया गया है।पुलिस शातिर को रिमांड में लेने की तैयारी करने में जुटे हुए हैं।

# दैवीय आपदा से पीड़ितों को प्राथमिकता पर उपलब्ध करायी जाये आर्थिक सहायता

अवधनामा संवाददाता

**कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना का लाभ पाने से न रहे वंचित : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री**

**मैनपुरी।** जन-सुनवाई के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख जब ग्राम बरहट रकरी नि. सीमा, अखलेश कुमार, मानिकपुर नि. रेखा, विक्रमपुर नि. दीपेंद्र कुमार ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गत दिवस हुई तेज बारिश में उनके कच्चे मकान की छत, दीवारें गिर गई है, जिस कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी भोगांव से कहा कि आज ही मौके पर राजस्व की टीम भेजकर सर्वे कराना सुनिश्चित करें, दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को प्राथमिकता पर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर विलंब न हो। उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय व्यक्तियों की तत्काल मदद की जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनान्तर्गत निर्मित आवासों के आवंटन की पात्रता का सत्यापन कराया जाए, ऐसे अवंटी जिनके द्वारा आवंटित आवासों को किराए पर उठाया गया है, को अपात्रता की सूची में डाल आवंटन निरस्त किए जाएं साथ ही आवंटन समिति गठित कर सत्यापन के उपरांत पात्रों को आवास आवंटित किए जाएं ताकि पात्र व्यक्ति भी सम्मान के साथ अपना जीवन-यापन कर सके। पर्यटन मंत्री ने कहा कि चकरोड की पैमाइश के उपरांत मनरेगा से मिट्टी का कार्य कराया जाए, किसी भी सार्वजनिक मार्ग पर अनधिकृत कब्जा न रहे, अवैध अतिक्रमण के कारण किसी भी व्यक्ति को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पक्की पैमाइश, मेढ़बंदी के उपरांत दबंगों द्वारा पुनः कब्जा करने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं, पक्की पैमाइश, मेढ़बंदी के उपरांत यदि किसी के द्वारा कब्जा किया जाए तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराकर दंडात्मक कार्यवाही की जाए, किसी गरीब, कमजोर वर्ग के व्यक्ति की भूमि पर कहीं अनाधिकृत कब्जा न रहे, पात्र व्यक्ति अपनी भूमि पर काबिज रहे, सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा के मौसम में जल-भराव की शिकायतें भी प्राप्त हो रही हैं, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, खंड विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि कहीं भी जल-भराव की समस्या न रहे, जल निकासी के बेहतर प्रबंध किए जाएं, नाले, नाली की भूमि का चिन्हांकन कर उन्हें संरक्षित किया जाए, कहीं भी नालों पर अवैध अतिक्रमण न रहे, नाले, नालियों पर अवैध अतिक्रमण के कारण जल-भराव की समस्या की स्थिति उत्पन्न न हो।

# डीएम ने किया फल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**बाल कांवड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र शहर में स्थित सद्भावना पुल पर पहुंचकर श्रावण मास में चल रही पवित्र कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों के बीच फल वितरण किया। विशेष रूप से बाल कांवड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में, विशेष रूप से हमारे उत्तर प्रदेश में शिव भक्त कावड़िए अपनी आस्था, सनातन धर्म की मर्यादा की रक्षा तथा महादेव के प्रति अपनी आस्था को प्रकट करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिवालयों में जल चढ़ाते हैं। श्रावण मास में श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों के बड़ी संख्या में आवागमन के दृष्टिगत जनपद में पूरी तैयारी कर ली गई है। जनपद में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर जिन स्थानों से भी कावड़ यात्रा निकलनी है, वहाँ सुरक्षा के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं प्रदान कर रही हैं। कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने बाल कावड़ियों से कांवड़ लेकर अपने कंधे पर रखते हुए कुछ दूर तक यात्रा में सम्मिलित हुए और सभी श्रद्धालुजन/कांवड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के बीच फल का भी वितरण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जल पुनर्भरण संरचना पर मुविवि बनायेगा डॉक्यूमेंट्री फिल्म : कुलपति

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शनिवार को जल पुनर्भरण संरचना विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी, पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने जल पुनर्भरण संरचना पर एक सैद्धांतिक ही नहीं अपितु एक व्यावहारिक एवं उपयोगी व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने कौशांबी, प्रयागराज शहर के समस्त वार्ड, कॉलोनी, तहसील, ब्लाक व गांव स्तर के पदानुक्रमिक क्रम में कृत्रिम पुनर्भरण संरचना के निर्माण उसकी उपयोगिता पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि शासकीय प्रशासकीय प्रयास ही काफी नहीं है जब तक कि जल संचय कृत्रिम पुनर्भरण संरचना को जन-जन तक पहुंचाया न जाए। इस हेतु उन्होंने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, स्कूलों के सभी छात्रों को जागरुक किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए सब की सहभागिता को अनिवार्य बताया।

कुलपति प्रोफेसर सत्काम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय जल पुनर्भरण संरचना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएगा जिसे पूरे प्रदेश में छात्रों, अभिभावकों स्कूलों, कॉलेजो, विश्वविद्यालयो, किसानों, व्यवसायियों, उद्योगपतियों के बीच एक मुहिम के साथ डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिविक्रम तिवारी तथा वाचिक स्वागत प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने किया । आभार ज्ञापन कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम द्वारा दीप प्रवलन एवं मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण से हुई।

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**जन समस्या का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण दिए गए निर्देश**



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में आज तहसील मेंहनगर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये गय। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 70 मामले आये, जिसमे से 06 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 64 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 45, पुलिस के 14, सिंचाई के 03, विकास के 04, नगर पंचायत के 01 एवं विद्युत के 03 मामले शामिल है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आईएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मेंहनगर, तहसीलदार मेंहनगर, परियोजना निदेशक श्री अखिलेश तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार का सचिव जिला विधिक ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अंकित वर्मा द्वारा आज जिला कारागार, आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आज की तिथि में जेल में विचाराधीन पुरूष बन्दी 863 है तथा विचाराधीन महिला बन्दियों की संख्या 34 है, इसी प्रकार सिद्धदोष पुरूष बन्दियों की संख्या 263 तथा महिला सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 03 है। निरीक्षण के दौरान कारागार में स्थित जेल अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जिसमें बन्दी प्रद्युम्न सिंह द्वारा पेट दर्द की समस्या बतायी गयी, जिस पर जिला अस्पताल में कार्यरत डॉ0 अशोक यादव को बन्दी के समुचित इलाज हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मानसिक रूप से बीमार बन्दियों तथा वृद्ध बन्दियों के बैरकों का निरीक्षण किया गया, जिसमें सबकुछ सही पाया गया। कारागार में स्थित अस्पताल में साफ-सफाई का उचित प्रबन्ध पाया गया।

निरीक्षण के समय सचिव द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि यदि किसी बन्दी की कोई समस्या हो तो उसका समुचित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित नहीं है, ऐसे बन्दियों के मुकदमें की पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद महराजगंज से स्थानान्तरित बन्दी उदय पुत्र यशवन्त थाना फरेन्दा अ0सं0 120/17 अन्तर्गत धारा 302, 201,394,411 आई0पी0 सी0 जिला कारागार आजमगढ़ में निरूद्ध है, जिसकी पेशी समय से नहीं हो पा रही है, इस पर जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उक्त बन्दी का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें।

निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक आदित्य कुमार, जेलर रामनरेश गौतम, डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह, आशीष कुमार राय, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, प्रवीण कुमार सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, अतुल कुमार राय व यादव संदीप कुमार असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा जेल के पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## कौंधियारा लूटकांड: पीड़िता के बहनोई ने रची थी लूट की साजिश, दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में महिला को घर में बंधक बनाकर करीब 30 लाख रुपये के गहनों और नकदी की लूट के मामले में पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि वारदात की साजिश पीड़िता के बहनोई विपिन केसरवानी ने रची थी। उसने अपने दोस्त अरुण के साथ मिलकर दो स्थानीय युवकों से लूट करवाई। पुलिस ने विपिन और अरुण को गिरफ्तार कर उनके पास से कुछ लूटे गए गहने बरामद कर लिए हैं। वारदात में शामिल दोनों लुटेरों की तलाश जारी है।

घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार की है। यहां के निवासी किराना व्यापारी राजकुमार केसरवानी की पत्नी राधा शुक्रवार को घर में अकेली थीं। उसी दौरान दो बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने राधा को बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया और अलमारी का ताला तोड़कर 25 तोला सोने के आभूषण और ढाई लाख रुपये नकद समेत करीब 30 लाख रुपये के सामान लूट ले गए। महिला की चीख-पुकार सुनकर एक ट्रॉली चालक ने उनके पति को सूचना दी।

# फल पौध उत्पादन के मानकों का रखें ध्यान : डॉ. राजन

**राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा गठित समिति ने खुसरोबाग स्थित राजकीय फल पौधशाला का किया निरीक्षण**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) द्वारा गठित निरीक्षण समिति ने प्रयागराज के खुसरोबाग स्थित राजकीय फल पौधशाला का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पौधशाला एक्रीडेशन (मान्यता) की प्रक्रिया के अंतर्गत किया गया। निरीक्षण समिति में सम्मिलित विशेषज्ञ सदस्य डॉ. शैलेंद्र राजन पूर्व निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ, डॉ. मुकेश प्रेम मसीह के वी के इंचार्ज, नैनी प्रयागराज, डॉ. एस.के. चौरसिया डिप्टी डायरेक्टर, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, राजेन्द्र सिंह सदस्य, एन एच बी, कृषि निदेशक, जयप्रकाश तकनीकी सहायक, कृषि विभाग प्रयागराज एवं विजय.के. सिंह पौधशाला प्रभारी, खुसरो बाग प्रयागराज ने निरीक्षण के दौरान आम, अमरूद, आंवला आदि फलों की विभिन्न प्रजातियों का गहन निरीक्षण किया। पौधों की गुणवत्ता, रोग प्रतिरोधकता, मातृ वृक्षों की स्थिति और पौधशाला की संपूर्ण कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया गया। डॉ. शैलेंद्र राजन पूर्व निदेशक केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ ने अपने 40 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए न केवल निरीक्षण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि पौधशाला के कर्मचारियों एवं मालीगण को तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया। उन्होंने पौधशाला के कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे संतोषजनक बताया और भविष्य में गुणवत्ता युक्त पौध उत्पादन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस निरीक्षण से राष्ट्रीय बागवानी विकास बोर्ड को नई दिशा मिलने की आशा है। पौधशाला की गुणवत्ता व पारदर्शिता को लेकर समिति संतुष्ट रही और एक्रीडेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

अवधनामा



# सनफीस्ट मॉम्स मैजिक भारत में गोद लेने की पहल को आगे बढ़ाने में निभा रहा है बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय ब्रांड सनफीस्ट मॉम्स मैजिक, बीते कई सालों से सिर्फ एक स्वादिष्ट बिस्कुट ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर लोगों की जिंदगी में शामिल रहा है। यह ब्रांड सच्चे अर्थ में मां बनने के अनुभव को प्रदर्शित करता है। मॉम्स मैजिक का मानना है कि हर बच्चे की जिंदगी में मां की भूमिका एक वॉर्मेस्ट सुपरपावर की होती है। इसी विश्वास के साथ, इस साल मॉम्स मैजिक ने भारत में गोद लेने के प्रयासों को बढ़ावा देने की एक नेक पहल शुरू की है। नो मोर मिस्ड कॉल, हग हर मोर और विल ऑफ चेंज जैसे सफल अभियानों के बाद, ब्रांड ने एक बार फिर गोद लेने वाली माताओं के प्रति समाज की रूढ़िवादी सोच को चुनौती दी है, ताकि उन्हें वह सम्मान और एक समान स्वीकृति मिल सके जिसकी वे हकदार हैं। आज जहां समाज पहले से अधिक जागरुक है, तब भी भारत में गोद लेने को अब भी उतनी स्वीकृति नहीं मिली है और इसके प्रति भावनात्मक पक्षपात होता है। यही नहीं बल्कि गोद लेने वाली माताओं को बराबर दर्जा भी नहीं दिया जाता है। कई लोग आज भी मातृत्व को सिर्फ खून के रिश्ते से जोड़कर देखते हैं, जिससे अनगिनत बच्चों और महिलाओं को बेपनाह प्यार से वंचित

**जागरुकता**

> इस पहल का उद्देश्य लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाना है, साथ ही यह संदेश देना है कि हर बच्चा मां के जादू का हकदार है

रहना पड़ता है। मॉम्स मैजिक का दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चा चाहे खून का रिश्ता हो या ना हो, माँ के प्यार का हकदार है और इसके लिए गोद लेने से जुड़ी भ्रांतियों और हिचकिचाहट को तोड़ना जरूरी है। इसी बात पर जोर देते हुए मॉम्स मैजिक ने आज कोलकाता में 'भारत में गोद लेने को सामान्य बनाना और प्रोत्साहित करना' विषय पर एक ज्ञानवर्धक पैनल चर्चा का आयोजन किया। इस पैनल में सौमेता मेधोरा, सचिव, द इंडियन सोसाइटी फॉर स्पॉन्सरशिप एंड एडॉप्शन (), अभिनेत्री मंदिरा बेदी, आईटीसी फूड्स के चीफ डिजिटल मार्केटिंग ऑफिसर शुवदीप बनर्जी, प्रख्यात फिल्म निर्माता और




आगामी फिल्म डियर मां के निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी और इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही लोकप्रिय अभिनेत्री जया आहसन शामिल थीं। इन प्रतिष्ठित पैनलिस्टों ने रूढ़िवादी विचारों को तोड़ने, सभी को साथ लाने की भावना को बढ़ावा देने तथा गोद लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने में अथॉरिटी और एन.जी.ओ संगठनों की भूमिका जैसे विषयों पर मार्मिक चर्चा की। साथ ही, उन्होंने इस विषय से जुड़े अपने निजी अनुभवों को भी साझा किया, जिससे यह बातचीत और भी प्रभावशाली बन गई।

मशहूर अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने चर्चा में अपने दिल की बात साझा करते हुए कहा,÷गोद लेना प्यार से भरा एक खूबसूरत और जीवन बदल देने वाला फैसला है। तारा की माँ के तौर पर, मैंने कई सवालों और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना किया है - लोग पूछते हैं कि क्या मैं एक गोद लिए हुए बच्चे को अपने खून के बच्चे जितना प्यार कर सकती हूँ, या यह मान लेते हैं कि गोद लेना आखिरी विकल्प होता है। लेकिन प्यार में कोई शर्त नहीं होती। इसीलिए मॉम्स मैजिक जैसे ब्रांड्स का यह प्रयास सचमुच सराहनीय है, ये समाज में इस तरह की बातचीत के लिए जगह बना रहे हैं और पुराने रूढ़िवादी विचारों से आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं, ताकि हर बच्चे को माँ का प्यार मिल सके।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी दिल से माँ शीर्षक वाली एक मार्मिक कविता का अनावरण

जिसने माताओं - विशेषकर गोद लेने वाली माताओं की भावनात्मक गहराई, सहनशक्ति और समर्पण को बेहद संवेदनशील तरीके से व्यक्त किया। यह कविता उन सामाजिक पूर्वाग्रहों और निर्णयों के बीच खड़ी इन माताओं की यात्रा को दर्शाती है, जिनका उन्हें सामना करना पड़ता है।कविता ने एक मार्मिक संदेश दिया ÷मातृत्व प्रेम से बनता है, रक्त संबंधों से नहीं÷। यह सभी उन माताओं के अटूट प्यार को समर्पित थी जिन्होंने सामाजिक बंधनों को तोड़कर प्यार के रिश्ते चुने। आईटीसी - फूड्स डिवीजन के चीफ डिजिटल मार्केटिंग ऑफिसर शुवदीप बनर्जी ने इस अवसर पर कहा, मॉम्स मैजिक में, हम हमेशा से मां के प्यार की असाधारण शक्ति का सम्मान करते हैं।

# क्रिप्टो मार्केट ने पहली बार छुआ चार ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा, ट्रंप सरकार की नीतियों से मिली रफ्तार

**नई दिल्ली।** कोइनगेको के जारी आंकड़ों के अनुसार क्रिप्टो उद्योग लगभग चार ट्रिलियन डॉलर के आंकड़ा पर पहुंच गई है। अमेरिकी हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव ने गुरुवार को अमेरिकी डॉलर से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी टोकन के लिए एक नियामक ढांचा बनाने के लिए विधेयक पारित किया।

क्रिप्टो सेक्टर का बाजार मूल्य शुक्रवार को लगभग चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। क्रिप्टोकरेंसी डेटा एग्रीगेटर कोइनगेको के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह आंकड़ा क्रिप्टो सेक्टर के लिए एक मिल का पत्थर है। प्रमुख बाजारों में नियामकीय स्पष्टता, निवेशकों के विश्वास में बढ़ोतरी और संस्थागत निवेश के मजबूत प्रवाह ने इस उद्योग को नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया है। अमेरिकी हाउस ऑफ रेप्रेसेंटेटिव ने गुरुवार को अमेरिकी डॉलर से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी टोकन के लिए एक नियामक ढांचा बनाने के लिए विधेयक पारित किया। इस क्रिप्टोकरेंसी को स्टेबलकॉइन के



रूप में जाना जाता है। फिलहाल विधेयक को राष्ट्रपति ट्रंप के पास भेज दिया गया है। इस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद यह कानून बन जाएगा। हार्ग्रेव्य लैंसडाउन के इक्विटी रिसर्च प्रमुख डेरेन नाथन ने कहा कि ट्रंप की नीति आने के बाद क्रिप्टो इंडस्ट्री को लेकर नजरिया पूरी तरह से बदल गया है, लेकिन इसके बावजूद सांसद अब भी कुछ हद तक सतर्कता बरत रहे हैं। प्रतिनिधि सभा के सांसदों ने दो अन्य क्रिप्टो विधेयक भी पारित किए और उन्हें सीनेट में विचार करने के लिए भेज दिया गया। एक विधेयक क्रिप्टो के लिए एक नियामक ढांचा तैयार करता है, जबकि दूसरा अमेरिका को केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा जारी करने से प्रतिबंधित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सतर्कता इस बात का संकेत है कि भले ही सरकारें क्रिप्टो को अपनाने की ओर बढ़ रही हैं, लेकिन वे इसके जोखिमों को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहतीं। क्रिप्टो का बढ़ता बाजार इस बात पर जोर देता है कि यह उद्योग अपने सट्टा और सीमांत मूल्यों से कितनी ऊंचाई पर आ गया है। यह उपलब्धि इस सेक्टर की तेजी से बढ़ती स्वीकार्यता और विकास को दर्शाती है। परिसंपत्ति प्रबंधकों की बढ़ती रुचि, नए एक्सचेंज-ट्रेडेड उत्पाद की शुरुआत और खुदरा से लेकर कॉर्पोरेट यूजर्स तक की व्यापक भागीदारी ने क्रिप्टो को मुख्यधारा के वित्तीय तंत्र का हिस्सा बना दिया है। डिजिटल परिसंपत्तियां अब केवल निवेश का एक विकल्प नहीं, बल्कि वैश्विक वित्तीय नीतियों और चर्चाओं तेजी से आकार दे रही हैं।

# 2025 की पहली छमाही में भारत में 108 आईपीओ से 4.6 अरब जुटाए गए

**नई दिल्ली।** ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार 2025 की पहली छमाही में घरेलू आईपीओ बाजार में कुल 108 सौदे हुए, जिनसे 4.6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई गई। सौदों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके बावजूद यह बाजार के लचीलेपन को दर्शाता है।

भारत में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग गतिविधियों ने साल 2025 की पहली छमाही में मजबूती दिखाई है। EY की एक रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में कुल 108 सौदे हुए, जिनसे 4.6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई गई। भारतीय आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निजी कंपनी पहली बार जनता को अपने शेयर बेचती है, जिससे वह सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी बन जाती है।

रिपोर्ट में बताया गया कि सौदों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके बावजूद यह बाजार के लचीलेपन को दर्शाता है। हालांकि, फंडरेजिंग में केवल 2% की मामूली गिरावट दर्ज की गई है, जो बाजार की स्थिरता को दर्शाता है।

**वैश्विक अनिश्तितता और भू-राजनीतिक तनाव का पड़ा असर**

EY की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रवृत्ति जारीकर्ताओं और निवेशकों दोनों के अधिक चयनात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है। इसमें कंपनियां अनुकूल बाजार समय और मूल्यांकन रणनीतियों को प्राथमिकता दे रही हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के कारण कई प्रमुख कंपनियों ने अपनी लिस्टिंग को स्थगित कर दिया है या मूल्यांकन पर पुनर्विचार किया है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि भारतीय आईपीओ बाजार में गुणवत्ता और स्थिरता बनी हुई है, भले ही सौदों की संख्या में कमी आई हो।

# टाटा हिताची ने लांच किया शिनराय प्राइम सीईवी 5, आपका सबसे भरोसेमंद पार्टनर

**लखनऊ।** भारतीय कंस्ट्रक्शन मशीन उद्योग की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची ने आज शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करने की घोषणा की। यह नेक्स्ट-जेन बैकहो लोडर है जो भरोसा] विश्वसनीयता और कार्य प्रदर्शन को नया आयाम देने के लिए खास तौर से डिज़ाइन किया गया है।

शिनराय प्राइम में बेजोड़ ईंधन सक्षमता] कम आरपीएम पर अधिक टॉर्क और कम उत्सर्जन जैसे खास गुण हैं क्योंकि यह अत्याधुनिक सीईवी 5 मानकों पर खरा उतरता है। इसका स्ट्रक्चर उच्च-श्रेणी के स्टील और रोबोटिक वेल्डिंग से बनता है इसलिए यह अधिक टिकाऊ है और कठिन से कठिन परिस्थितियों में बखूबी काम करने के लिए तैयार है।

शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च का आयोजन 19 जुलाई को लखनऊ के होटल गोल्डन ब्लॉसम में हुआ। इस अवसर पर सम्मानित ग्राहक, टाटा हिताची और अदिची इंफ्रा इंडिया



प्राइवेट लिमिटेड (अधिकृत डीलर पार्टनर)के वरिष्ठ प्रबंधन सभी की उपस्थिति थी। शिनराय प्राइम सीईवी 5 कंस्ट्रक्शन और उत्खनन से लेकर कृषि और ट्रेंचिंग तक विभिन्न उपयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। कई खास खूबियों की वजह से इसकी अलग पहचान है जैसे लंबे अंतराल पर मेंटेनेंस की जरूरत] परिचालन का खर्च कम और मशीन का अधिक उपयोगी होना।

शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च के अवसर पर] टाटा हिताची के महाप्रबंधक- मार्केटिंग श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा] शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करते हुए हमें एक ऐसी मशीन पेश करने का गर्व है जिसमें एक साथ कार्य प्रदर्शन] विश्वसनीयता और सस्टेनेबलिटी जैसे सभी गुण हैं। यह खास कर भारतीय ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस नेक्स्ट-जेन बैकहो लोडर में आप नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिज़ाइन को लेकर टाटा हिताची की प्रतिबद्धता देखेंगे। टाटा हिताची इसी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक टेलीमैटिक्स के माध्यम से बेहतर कार्य क्षमता] कम परिचालन खर्च और बेहतर मशीन प्रबंधन सुनिश्चित करती है। शिनराय प्राइम सिर्फ़ सिर्फ एक मशीन नहीं है यह विश्वास और सही मूल्यों का भरोसा देती है।''

ग्राहकों का मन निश्चिंत रखने के लिए टाटा हिताची के असली स्पेयर पार्ट्स] सब से सही जगह पर वेयरहाउस और बिक्री के बाद जल्द सहायता के लिए फील्ड डायग्नोस्टिक वाहन सेवा में तत्पर हैं। कुल मिला कर शिनराय प्राइम सीईवी 5 अपनी ताकत और कार्य प्रदर्शन] ईंधन सक्षमता और ग्राहकों के लिए बचत के वादे के साथ उन्हें व्यवसाय में आगे रहने में मदद करता है।

## भारतीय चाय की मांग दुनिया में बढ़ी

**नई दिल्ली।** चार्य बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में चाय निर्यात 2.85 प्रतिशत बढ़कर लगभग 26 करोड़ किलोग्राम हो गया है। इस दौरान दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 161.20 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। वहीं दक्षिण भारत से निर्यात 4.92 प्रतिशत घटकर 96.68 मिलियन किलोग्राम रह गया।

भारत के चाय निर्यात में वृद्धि दर्ज हुई है। चार्य बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में भारत से चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.85 प्रतिशत बढ़ा। देश का चाय निर्यात 250.73 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 257.88 मिलियन किलोग्राम (लगभग 26 करोड़ किलोग्राम ) हो गया है।

वित्त वर्ष 2025 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 161.20 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। यह वित्त वर्ष 2024 के 149.05 मिलियन किलोग्राम से 8.15 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से निर्यात 2025 में 4.92 प्रतिशत घटकर 96.68 मिलियन किलोग्राम रह गया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में 101.68 मिलियन किलोग्राम था।

वहीं प्रति किलोग्राम चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया। यह वित्त वर्ष 2024 के 258.30 रुपये से 12.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

कैलेंडर वर्ष जनवरी से दिसंबर 2024 के दौरान, चाय निर्यात की मात्रा 256.17 मिलियन किलोग्राम तक पहुंच गई। यह जनवरी से दिसंबर 2023 की पिछली अवधि से 10.57 प्रतिशत की वृद्धि है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 155.49 मिलियन किलोग्राम रहा। वहीं दक्षिण भारत से यह 11.02 प्रतिशत के साथ 100.68 मिलियन किलोग्राम रहा।

# हर साल भारत में 50,000 से ज़्यादा बच्चों को होता है कैंसर समय पर पहचान और सही इलाज से बच सकती हैं मासूम ज़िंदगियाँ

**कार्यशाला**

> अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में बाल कैंसर पर व्यावहारिक कार्यशाला, 200 से अधिक विशेषज्ञों ने लिया भाग

**लखनऊ।** भारत में हर साल 50,000 से अधिक बच्चों में कैंसर का पता चलता है, लेकिन सही समय पर पहचान और मानक के हिसाब से इलाज की व्यवस्था अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स, लखनऊ ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (लखनऊ चैप्टर) के सहयोग से



प्रैक्टिकल पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी पर एकदिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आज बी 2 ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 200 से अधिक पीडियाट्रिशियन और मेडिकल प्रोफेशनल्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में उपकुलपति, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), प्रो. (डॉ.) सोनिया नित्यानंद मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने बच्चों में कैंसर की शुरुआती पहचान और समय से इलाज पर ज़ोर देते हुए कहा, बच्चों के कैंसर में ज़्यादातर मामलों में इलाज संभव है, बशर्ते समय पर जांच हो और तय मानकों के अनुसार इलाज मिले। बाल रोग विशेषज्ञों को व्यावहारिक जानकारी देना इस दिशा में सबसे अहम कदम है। कार्यक्रम का उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल्स लखनऊ के सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने किया। उन्होंने पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी के लिए अपोलो की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, ÷हम मानते हैं कि सिर्फ देर से पहचान या इलाज की कमी के चलते किसी भी बच्चे को जान का ख़तरा नहीं होना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से डॉक्टरों को कैंसर के नए इलाज, सही जांच के तरीकों और बेहतर इलाज की जानकारी मिलती है, जिससे बच्चों का इलाज और भी बेहतर हो पाता है।

दिनभर चली इस कार्यशाला में बच्चों में होने वाले कैंसर की सामान्य जानकारी, लिम्फेडेनोपैथी की जांच के प्रॉसेस, रेफर करने से पहले एमरजेंसी में देखभाल, ल्यूकीमिया और सॉलिड ट्यूमर से जुड़ी विशेष जानकारियों के साथ-साथ ऑन्कोलॉजिकल इमरजेंसी जैसे विषयों को विस्तार से समझाया गया।

इसके अलावा बच्चों में कैंसर के शुरुआती लक्षण पहचानना, उनके परिवार की काउंसलिंग, लंबे समय तक चलने वाले इलाज से जुड़ी चुनौतियों, बोन मैरो ट्रांसप्लांट की भूमिका और रेफरल की सही प्रक्रिया जैसे व्यावहारिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने ब्लड प्रॉडक्ट मैनेजमेंट पर हैंड्स-ऑन सेशन में हिस्सा लिया और अस्पताल के ब्लड बैंक का दौरा भी किया।

यह प्रशिक्षण नेशनल ट्रेनिंग प्रोजेक्ट - प्रैक्टिकल पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी (एनटीपी-पीपीओ) का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य बच्चों में कैंसर के इलाज को और अधिक असरदार बनाते हुए, ज़मीनी स्तर के डॉक्टरों को इससे जुड़े व्यावहारिक ज्ञान को पहुंचाना है।

# भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता 1 अक्तूबर से होगा लागू, बोले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्तूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे और पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है।

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-ईएफटीए टीईपीए 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है - समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर- जिससे भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिज्ञा है।

यह प्रतिबद्धता इस समझौते का मुख्य तत्व है, जिसे पूरा होने में लगभग 16 वर्ष लगे, जिसके बदले में भारत ने देशों से आने वाले कई उत्पादों के लिए अपने बाजार खोल दिए। इस समूह में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है।

इस समझौते में भारत अपनी टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों का 82.7 प्रतिशत हिस्सा देने की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत है, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। घरेलू ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पाद, जैसे घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां, कम कीमत पर उपलब्ध हो जाएंगे, क्योंकि भारत व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा।

सेवा क्षेत्र में, वाणिज्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है, जैसे लेखांकन, व्यावसायिक सेवाएं, कंप्यूटर सेवाएं, वितरण और स्वास्थ्य। दूसरी ओर, देश ने स्विट्जरलैंड से 128 उप-क्षेत्रों में, नॉर्वे से 114, लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं। जिन क्षेत्रों में भारतीय सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा, उनमें कानूनी, दृश्य-श्रव्य, अनुसंधान एवं विकास, कंप्यूटर, लेखांकन और लेखा परीक्षा शामिल हैं।

## =भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब डॉलर पार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा है कि महज 11 वर्षों में, भारत ने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है। वैष्णव ने और क्या कहा, आइए जानें।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। इसमें पिछले 11 वर्षों के दौरान आठ गुना वृद्धि हुई है। वहीं, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में छह गुना वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह बात कही।

आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तीव्र प्रगति पर भी जोर दिया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। भविष्य की ओर देखते हुए, वैष्णव ने कहा कि पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप, व्यावसायिक स्तर पर, इसी वर्ष बन जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर देशों में से एक बनने की राह पर है, और उन्होंने सेमीकंडक्टर के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों और सामग्रियों पर बढ़ते ध्यान पर भी चर्चा की। केंद्रीय रेल, सूचना व प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, महज 11 वर्षों में, हमने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। यह दोहरे अंकों की दर है जिससे कोई भी कॉर्पोरेट ईर्ष्या करेगा। हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है, जो विकास की एक अभूतपूर्व गति है, जो हमारे जैसे बहुत कम देशों ने देखी है। उन्होंने इस वृद्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दिया और कहा कि केवल साढ़े तीन वर्षों में, भारत एक संपूर्ण 4 दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सका। आज, यह लगभग 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी ज्यादा है।

# छोटे शहरों में बड़ी उपलब्धि स्कोडा का नेटवर्क और भरोसा दोनों फैला



**नई दिल्ली।** भारत में 25 साल और दुनिया भर में 130 साल की शानदार विरासत के साथ स्कोडा ऑटो नए मुकाम गढ़ रही है। कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे ज़बरदस्त बिक्री दर्ज की है और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज़ रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेज़ी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मज़बूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है।

इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा हमारे नेटवर्क के विस्तार से हमारी कारें और सेवाएं अब ज़्यादा लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्राहकों को देशभर में तेज़, भरोसेमंद और गुणवत्ता से भरपूर सेवा मिल रही है। हम 'ग्राहकों के और करीब आने' और 'साथ मिलकर आगे बढ़ने' की सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसी के तहत हमने अपने पुराने, भरोसेमंद डीलर साझेदारों के साथ सहयोग को और मज़बूत किया है और कुछ नए, ग्राहक-केंद्रित साझेदारों को भी जोड़ा है। यह विस्तार भारत में स्कोडा ऑटो की उपस्थिति को और सशक्त बनाएगा और सुरक्षा, मूल्य तथा बेहतरीन अनुभव के हमारे वादे को और मज़बूती देगा। काइलैक की सफलता से आगे बढ़ते हुए काइलैक स्कोडा ऑटो के लिए एक ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसने कंपनी को नए बाज़ारों और ग्राहकों से जोड़ने में बड़ी मदद की है। ब्रांड का लगातार बढ़ता नेटवर्क अब इन नए क्षेत्रों में स्कोडा की पहुंच और मज़बूत कर रहा है। कुशाक और कोडिएक के साथ मिलकर अब स्कोडा के पास हर वर्ग के ग्राहकों के लिए एसयूवी की पूरी रेंज मौजूद है यानी हर किसी के लिए एक एसयूवी। वहीं, स्लाविया स्कोडा की सेडान परंपरा को आगे बढ़ा रही है और जल्द ही एक नया इंटरनेशनल मॉडल भारतीय बाज़ार में दस्तक देगा। स्कोडा ऑटो का यह उत्पाद पोर्टफोलियो और नेटवर्क विस्तार मिलकर भारत में ब्रांड की पकड़ को और मज़बूती दे रहे हैं।

## मखाना टॉप सुपरफूड के रूप में उभरा

**नई दिल्ली।** फार्मली की हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2025 के अनुसार मखाना को 65% उपभोक्ताओं ने ने पहली पसंद के रूप में चुना है। वहीं 55 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता अब सक्रिय रूप से प्रिजर्वेटिव-मुक्त विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। उपभोक्ता अब सेहत पर केंद्रित, टिकाऊ और सुविधाजनक स्नैक विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच भारतीय सुपरफूड मखाना ने उपभोक्ताओं के बीच खास जगह बना ली है। फार्मली की हेल्दी स्नैकिंग रिपोर्ट 2025 के अनुसार 65 प्रतिशत उपभोक्ता प्रतिभागियों ने मखाने को अपनी पहली पसंद बताया है।

रिपोर्ट में हेल्थी स्नैक्स की ओर मजबूत बदालाव की भी चर्चा की गई है। 55 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता अब सक्रिय रूप से प्रिजर्वेटिव-मुक्त विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, आधे से ज्यादा लगभग 52 प्रतिशत ऐसे स्नैक्स को प्राथमिकता देते हैं, जो दोबारा सील होने वाली, पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग में आते हैं। यह पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

सर्वेक्षण के अनुसार उपभोक्ताओं के बीच सुविधा एक प्रमुख कारक बनी हुई है। लगभग 45 प्रतिशत अपभोक्ता बार और सूखे मेवे आधारित मिठाइयों जैसे चलते-फिरते नाशते को पसंद करते हैं। नमकीन विक्लपों में मखाना और स्वादयुक्त सूखे मेवे स्पष्ट रूप से पसंदीदा हैं। इससे बाजार में स्वस्थ नाश्ते के विकल्पों की एक नई लहर चल पड़ी है।

इन रुझानों से यह संकेत मिलता है कि उपभोक्ता अब सेहत पर केंद्रित, टिकाऊ और सुविधाजनक स्नैक विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। यह बदलाव उन ब्रांडों के लिए बड़े अवसर लेकर आ रहा है, जो बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के अनुसार अपने उत्पाद पेश कर रहे हैं।

# दुदही नगर पंचायत की जमीन पर जेडीएस स्कूल ने बनाया अवैध रास्ता

- अवैध कब्जा रोकने पहुंचे नगर पंचायत कर्मियों से भिड़ा विद्यालय प्रशासन, वीडियो वायरल

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** दुदही नगर पंचायत की सरकारी जमीन पर जेडीएस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि नगर पंचायत के कर्मचारी जब सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंचे तो विद्यालय प्रशासन शिक्षक और छात्रों को लेकर सड़क पर उतर गया और नगर पंचायत के कार्यों को रोकते हुए हो-हल्ला शुरू कर नगर पंचायत कर्मी के साथ धक्का-मुक्की किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने विशुनपुरा थाने पर तहरीर देकर स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, चालक सहित अन्य लोगो के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है किन्तु घटना के दुसरे दिन तक कोई



ईओ से कहा सुनी करते विद्यालय प्रशासन

कार्रवाई नही की गई। ऐसी चर्चा है कि विशुनपुरा पुलिस विद्यालय के प्रबंधक के प्रभाव में आकर कार्रवाई करने से परहेज कर रही है।

नगर पंचायत दुदही के अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर से विशुनपुरा पुलिस को दिए गए तहरीर मे कहा गया है कि नगर पंचायत दुदही के वार्ड संख्या दो राजेन्द्र प्रसाद नगर मे गाटा संख्या-48/0.0160 हेक्टेयर श्मशान घाट, 47/0.0160हेक्टेयर खाल निकाने का स्थान एवं गाटा संख्या 43/0. 543 हेक्टेयर नाला की भूमि के नाम से दर्ज है। गाटा संख्या 43/0.5430हेक्टेयर के सटे गाटा संख्या 46/0.6230हेक्टेयर भूमि अशोक कुमार तथा जेडीएस इण्टर नेशनल स्कूल के नाम से वर्तमान में दर्ज है। गाटा संख्या 43/0.5430 हेक्टेयर पर बने मेड के सामने जेडीएस इण्टर नेशनल स्कूल के प्रबन्धक ध्रुव जायसवाल तथा स्कूल की प्रिंसिपल कनिका दत्ता द्वारा नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर चोरी छिपे रात में थोडा-थोड़ा कर गिट्टी भर कर रास्ता बना लिया गया है। पत्र मे कहा गया है कि 17 जुलाई 2025 को फिर से प्रबन्धक ध्रुव जायसवाल एवं स्कूल के प्रधानाचार्या कनिका दत्ता एवं स्कूल के अध्यापकों द्वारा गुंडई एवं दबंगई के बल पर मिट्टी का बोरा भर कर रास्ते को चौड़ा किया जा रहा था। इसको लेकर वार्ड संख्या-दो तथा वार्ड संख्या-सात के नागरिकों ने इसकी शिकायत नगर पंचायत से की, जिसे गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत के लिपिक को रोकवाने के लिए निर्देशित किया। ईओ के निर्देशानुसार नगर पंचायत के लिपिक, राकेश श्रीवास्तव, लिपिक राहुल चन्द्र समेत अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच कर सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए मना किया तो विद्यालय के प्रबंधक ध्रुव जायसवाल एवं अध्यापकों ने विद्यालय में अध्यनरत छात्रों को स्कूल से बाहर निकाल कर मार-पीट करने के लिए उत्प्रेरित करने लगे जो मौके पर बनाए गए वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्होने लिखा है कि इस दरमियान ध्रुव जायसवाल ने मोहित जायसवाल पुत्र प्रभु जायसवाल, पारस नाथ जायसवाल, रंजीत मण्डल, स्कूल के वाहन चालक कुशन यादव पुत्र श्रीकान्त यादव के अलावा तीस से अधिक संख्या में अज्ञात लोगों को मौके पर बुला रखा था जो नगर पंचायत कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की किया। इतना ही इन लोगो ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर कर्मचारियों को मारा पीटा। हो-हल्ला सुन अगल-बगल व मुहल्ले के लोगो ने घटना स्थल पर पहुंचकर बीच-बचाव किया।

तहरीर मे यह भी आरोप लगाया गया है कि जेडीएस इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य कनिका दत्ता द्वारा अध्यनरत छात्रों झगड़ा करने के लिए लगातार उत्प्रेरित किया जा रहा था, जो वीडियो में छात्रों को निर्देश करते हुए देखा जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि अध्यनरत छात्रों को गुडंई के लिए उत्तप्रेरित करना विद्यालय आचरण नियमावली के विपरीत है। नगर पंचायत के नियोजित कर्मचारियों पर सुनियोजित तरीके से हमला करना, सरकारी कार्यो में बाधा पहुंचाना, कार्य स्थल पर धमकी देना, निकाय के नियोजित अनुसुचित कर्मचारियों को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी-भद्दी गाली देना एवं अवैध अतिक्रमण करना उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1916 के विभिन्न धाराओं में संज्ञेय अपराध है।

**प्रबंधक बोले :** इस संबंध में जेडीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक ध्रुव जायसवाल का कहना है दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होने कहा कि बिना कोई नोटिस व पूर्व सूचना के नगर पंचायत के कर्मचारी जेसीबी लेकर पहुंचे और रास्ता को काटने लगे जिससे छात्रों का आवागमन ठप हो गया जिसका विरोध किया गया। प्रबंधक ने कहा कि कोई धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और मारपीट नही हुई है।

**अध्यक्ष प्रतिनिधि बोले :** नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीम आलम का कहना है कि विद्यालय द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके रास्ता बनाया जा रहा था। नगर पंचायत कर्मचारी जब मौके पर पहुंच कर रोकने का प्रयास किया तो विद्यालय के प्रबंधक सहित शिक्षक व अन्य लोगो ने कर्मचारियों के साथ बदसलूकी कर धक्का-मुक्की और मारपीट किया।

# प्रशासन की मौजूदगी में मथौली समिति पर खाद का हुआ वितरण




मथौली समिति पर खाद के लिए लाइन में खड़े किसान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** यूरिया खाद की भीषण किल्लत के बीच नगर पंचायत मथौली समिति पर शनिवार को पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण संपन्न कराया गया।

बता दें कि यूरिया खाद को लेकर किसान मारेङ्कमारे फिर रहे है। जबकि कृषि विभाग द्वारा जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने का दावा की जा रही है। यूरिया खाद की कमी समितियों पर भी देखने को मिल रही है, जिससे आए दिन समितियों पर किसानों के बीच नोंकझोंक की सूचना भी है। शनिवार को मथौली समिति पर खाद वितरण शुरू किया गया। सचिव रामसागर सिंह द्वारा बताया गया कि 200 बोरी खाद समिति पर आई है। लेकिन आवश्यकता से ज्यादा किसान समिति पर पहुंचे थे।

पुलिस की मौजूदगी में वितरण संपन्न हुआ। दो से तीन दिन में पुनः यूरिया की खेप आने वाली है। वंचित किसानों को यूरिया उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस दौरान एसआई उपेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान बृजेश यादव, ज्ञानचंद कुंवर, राजेश यादव, ओम प्रकाश यादव, संजय कुशवाहा, रियाजउद्दीन सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित अवधि में प्रार्थना पत्रों का अधिकारी करें निस्तारण : डीएम

- हाटा तहसील में डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियाद

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार तहसील हाटा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ



हाटा तहसील में पीड़ितों की शिकायत सुनते डीएम व एसपी

समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं जाने का निर्देश दिए। राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दहेज हत्या के आरोपी को सात वर्ष की सश्रम कारावास

**अवधनामा ब्यूरो**

- ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्त को सजा दिलाई जा रही

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र में करीब 24 साल पहले दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या करने के आरोप में एडीजीसी कृष्ण कुमार पांडेय की कोर्ट ने अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 17 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

बता दें कि ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्त को सजा दिलाई जा रही है जिसके क्रम में थाना कसया पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 463/2001 धारा 498ए, 304बी, 201, 302/34 भादवि व ड डीपी एक्ट में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा शनिवार को अभियुक्त दुर्गा मिश्र पुत्र रामनरेश मिश्र निवासी चकदेइयां थाना कसया जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 07 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 17 हजार रुपए अर्थदंड की सजा दिलाई गई है।

अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक क्षेत्राधिकारी शिवा जी, अभियोजन अधिकारी एडीजीसी कृष्ण कुमार पाण्डेय न्यायालय एडीजे-03 पडरौना कुशीनगर, प्र0नि0 कसया अमित शर्मा, पैरोकार श्रीकांत मौर्य थाना कसया का सराहनीय योगदान रहा है।

# वीएचएसएनडी सत्र एमडीए अभियान की हुई बात

- सत्र पर एएनएम ने लाभार्थियों को फाइलेरिया बीमारी के प्रति किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए इस बार जिले के भलुअनी व भागलपुर ब्लॉक में 10 अगस्त से सार्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा। भलुअनी ब्लॉक में अभियान दौरान अधिक से अधिक लोग दवा का सेवन करें इसके लिए शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी सत्र (ग्राम स्वास्थ्य स्वछता पोषण दिवस) पर एएनएम, आशा, आँगनबाड़ी के सहयोग से सत्र पर लोगों को फाइलेरिया बीमारी व उससे बचाव के लिए दवा का सेवन करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भलुअनी ब्लॉक में सीफार संस्था के सहयोग से वीएचएसएनडी सत्रों पर एएनएम द्वारा आशा, आंगनबाड़ी के सहयोग से फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता, लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सत्र पर एएनएन द्वारा लोगों को बताया गया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता। लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है।

महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है। इस बीमारी से साल में एक बार लगातार 5 साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। अगस्त माह में चलने वाले एमडीए अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता जब घर आकर दवा खिलाये तो दवा का सेवन जरूर करें।

# प्रेम प्रसंग में पिटा युवक, पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट



**अवधनामा संवाददाता**

**जामो।** कोतवाली अंतर्गत गौरा बाजार से जामो मार्ग पर एक युवक को प्रेम प्रसंग के चक्कर में चार पांच मुस्लिम समुदाय के लड़कों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

शुक्रवार को राजा का पुरवा निवासी शिवम यादव पुत्र पवन कुमार यादव शाम लगभग पौन नौ बजे गौरा बाजार से जामो की तरफ पांच सौ मीटर आया था। सूनसान जगह पर पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की मां सूरजवती ने बताया कि रिजवान उर्फ लल्लन व रेहान पुत्र मो अमीन और साहिल पुत्र सलीम निवासी गौरा एवम् अज्ञात 4- 5 अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे से मारा पीटा शोर मचाने पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कहे कि मेरे घर की लड़कियों से अगर फोन पर बात किया तो जान ले लूंगा।

थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मां सूरजवती की तहरीर पर रिजवान उर्फ लल्लन व रेहान पुत्र मो अमीन और साहिल पुत्र सलीम पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, जनसमस्याओं की हुई सुनवाई

- 65 में से 20 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शुक्रवार को तहसील रुद्रपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनसामान्य की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का नियमों के अनुरूप, गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी विभागों को अपेक्षित जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।

इस अवसर पर 5 पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड तथा एक



दिव्यांग आवेदक को प्रमाण पत्र प्रदान कर त्वरित लाभ दिया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रकरणों का समाधान शीघ्रता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 20 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 45 मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। प्राप्त शिकायतों में 28 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग, 7 पुलिस विभाग, 2 विकास विभाग, 1 खाद्य एवं रसद विभाग तथा 7 अन्य विभागों से संबंधित थे।

समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी रुद्रपुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# पंचायत चुनाव मतदाता पुनरीक्षण के लिए भाजपा ने बनाया संयोजक, सह संयोजक

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** शनिवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी की बैठक आयोजित की गई जिसमें त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने चुनावी कार्यो के संपादन के निमित्त जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी को जिले का संयोजक और पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सैंथवार को सह संयोजक बनाया है ।

पंचायत चुनाव के निमित्त हर विधानसभा में एक एक संयोजक नियुक्त किया गया है । इस क्रम में देवरिया विधानसभा में अंकुर राय, रामपुर विधानसभा में आनंद प्रकाश शाही, पथरदेवा विधानसभा में विजय श्रीवास्तव, बरहज विधानसभा में अंगद तिवारी, रुद्रपुर विधानसभा में कमलेश




सिंह सैंथवार, सलेमपुर विधानसभा में अभिषेक जायसवाल, भाटपार रानी विधानसभा में सुरेश तिवारी को संयोजक बनाया गया है । इसी क्रम में विधानसभा चुनाव 2027 के लिए मतदाता पुनरीक्षण के निमित्त डा गंगा शरण पांडे को जिला संयोजक बनाया गया है ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर संगठनात्मक कार्यो को सफलता पूर्वक संपादित करने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है । उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ये सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे । जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों ने इन सभी कार्यकर्ताओं को नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, कार्यालय प्रभारी यशवंत शाही, मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद, राहुल प्रताप सिंह, आशु सिंह, चंदन गिरी आदि मौजूद रहे ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 117 शिकायतें, 15 का निस्तारण हुआ

- एस डी एम और सी ओ के आदेश पर भारी हैं पीपरपुर की पुलिस
- आदेश के बाद शिकायत का निस्तारण करने बालीपुर डुहिया नहीं गई

**अवधनामा संवाददाता**

**मुसाफिरखाना/अमेठी।** जिले की सभी चार तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 117शिकायतें आई।15मामले दिवस के दौरान निस्तारित किए गए हैं। मुसाफिरखाना में डी एम संजय चौहान और एस पी अर्पणा रजत कौशिक ने जनसुनवाई की। शिकायतों में सबसे अधिक संख्या राजस्व विभाग से संबंधित रही। अमेठी में कई पुराने फरियादी भी समाधान दिवस में आए हुए थे ।



समाधान दिवस में एक अधिवक्ता ने दूसरी बार अमेठी किठावर मार्ग के बारे में दूसरी बार शिकायत की। निर्माणाधीन यह मार्ग तीन सौ मीटर लम्बाई में अधूरा पड़ा हुआ है।

एस डी एम आशीष सिंह और सी ओ मनोज कुमार मिश्र ने एक प्रकरण में राजस्व निरीक्षक और एस एच ओ को बालीपुर डुहिया में दलित के पास जबरन एकत्रित किए गए कूड़ा करकट और गंदगी के ढेर को ट्रैक्टर ट्राली से दूर फेंकवाने के निर्देश दिए। पीपरपुर पुलिस और राजस्व निरीक्षक मौके पर नहीं गये। ग्राम प्रधान ने जे सी बी से कूड़ा हटवाकर थोड़ी दूर रखवा दिया है। गंदगी से बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

अमेठी में समाधान दिवस में 25, गौरीगंज में 24, तिलोई में 38और मुसाफिरखाना में 30प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। डी एम ने सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ सभी अधिकारियों को सुबह 10बजे से 12बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर अनिवार्य रूप से जनसुनवाई के आदेश दिए हैं।

# भारत की आजादी की पहली चिंगारी थे मंगल : पवन मिश्र

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक मंगल पांडेय जी के जयंती के अवसर पर चकीयवा चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने शहीद मंगल पांडेय के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मंगल पाण्डेय भारत की आजादी की पहली चिंगारी थे,1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ पहले बड़े विद्रोह की चिंगारी जलाई थी, 29 मार्च 1857 को उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ बिगुल बजाया था। उन्होंने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अमर शहीद मंगल पांडेय का बलिदान सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय, डॉ विनोद पाण्डेय, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र पाठक,विजय कुशवाहा,अरुण मिश्र उपस्थित रहे।

# खाली हो गये अमेठी के सभी बड़े ताल

- मालती और उज्जयिनी नदी में साल भर नहीं रहता पानी

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी जल बिरादरी की ओर से शिव? प्रताप इंटर कालेज में भूजल सप्ताह के अन्तर्गत भूगर्भ जल स्तर एवं वर्षा जल संचयन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया गया,साथ ही भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन करने वाली पानी कम्पनियों के बाजार पर अंकुश लगाने का संदेश भी दिया गया। जलबिरादरी पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि धरती पर तीव्र गति से बदलते मौसमी परिवेश एवं अत्यधिक जलदोहन से निरन्तर खाली हो रहा धरती का पेट चिंता का विषय है।आज के पांच दशक पूर्व जहां जनपद का औसत भूगर्भ जल स्तर 15 -20 फीट रहा अत्यधिक जलदोहन से जो आज घटकर औसत 35-40 फीट नीचे जा चुका है।




स्थानीय जलस्रोत समदा, मसियांव, चंदवा,सभांवा, मैहार,बढ़ैला एवं बढ़नी आदि बड़े तालाब खाली पड़े हैं तथा सदानीरा मालती एवं उज्जयिनी नदियां बरसात के अलांवा सूख जाती हैं।अत्यधिक जलदोहन से भादर ब्लाक डार्क जोन बन चुका है।समय रहते सचेष्ट न हुए तो सम्पूर्ण जनपद को गम्भीर जल संकट से जूझना पड़ेगा। गम्भीर जल संकट से उबरने के लिए बरसात में होने वाली वर्षा के 20 प्रतिशत जल को संचयन द्वारा धरती का पेट भर के गिरते हुए भूगर्भ जल स्तर को उठाया जा सकता है।इसके लिए शासन- प्रशासन सहित स्थानीय जनमानस को आगे आने की जरूरत है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य नवल किशोर सिंह ने कहा कि जल में ही जीवन है। जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त कोई भी कार्य जल के बिना नहीं होता है।पंच भौतिक तत्वों में जल का महत्व सर्वोपरि है।जल स्वराज से ही ग्राम स्वराज संभव है। मुख्य अतिथि वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण है।विरवा पूत समान की भावना से पौधरोपण एवं उनका रखरखाव जरूरी है।जहां वृक्ष वहीं जल। धरती पर हरियाली बढ़े इसके लिए पीपल,बरगद,

गूलर,पाकर एवं नीम आदि पंचवटी के वृक्ष श्रेयस्कर हैं।शासन- प्रशासन के बजाय ग्रामीण जनमानस वृक्षारोपण करे अन्यथा उनका रखरखाव कम फोटोग्राफी ज्यादा होगी।विशिष्ट अतिथि डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने कहा कि वृक्ष नही तो हम नहीं।बाग गांव के शहर के नही।वीरान बनती जा रही पृथ्वी के लिए जल संचयन अपरिहार्य है। सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि देवशयनी से लेकर देवोत्थानी एकादशी तक चौमासे में मांगलिक कार्य नही होते हैं। पुरानी कहावत रही चार महीना कमाय बारह महीना खाय। पुरानी पीढ़ी की तरह जल संचयन करके ही धरती का पेट भर सकते हैं। जगदम्बा तिवारी मधुर ने कहा कि वर्तमान में कोका कोला,रेलनीर प्लांट एवं सैकड़ों अनधिकृत वाटर प्लांट के अत्यधिक जलदोहन को रोक कर ही जनपद को पानीदार बनाया जा सकता है।संवाद गोष्ठी में प्रतीक्षा,साहिबा बानों,सुधा मोर्या, अनुष्का,नेहा,श्रेया आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।संवाद गोष्ठी का संचालन प्रकृति प्रेमी समीर मिश्र ने किया।

# भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने को लेकर बसपाइयों का प्रदर्शन

- प्रतिमा तोड़े जाने वाले पर हो NSA के तहत कार्रवाई - हरिराम कश्यप

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना निगोही क्षेत्र में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने को लेकर अंबेडकरवादी संगठनों और बसपाइयों में रोष देखने को मिल रहा है, आपको बता दें थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम परसोना खलीलपुर में बाबा साहब की प्रतिमा तोड़ दी गई है जिसका शिवम सिंह पर आरोप लगा है जिसको लेकर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिराम कश्यप और उनकी टीम द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए अंबेडकरवादी संगठनों के साथ एक संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोपा गया जिसमें मांग की गई है कि भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने वाले व्यक्ति पर हृस्र के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए ताकि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने जैसे कृत को करने के लिए सौ वार सोचना पड़े हरिराम कश्यप ने कहा जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से लगातार संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है उन्हें तोड़ा जा रहा है और भाजपा के नेता अंबेडकर साहब के नाम पर दलित पिछड़ों का वोट लेना चाहते हैं अगर हकीकत में भाजपा अंबेडकर साहब को मानती है तो एक कानून बनाया जो भी अंबेडकर साहब की प्रतिमा को खंडित करेगा या तोड़ेगा उस पर हृस्र के तहत कार्रवाई की जाएगी ज्ञापन में बसपा कार्यकर्ताओं और द्रविड़ फौज के कार्यकर्ताओं ने भीमराव अंबेडकर की दूसरी प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की है ज्ञापन में कहा गया है कि जब तक परसौना खलीलपुर गांव में शांति व्यवस्था का माहौल न बने तब तक पार्क पर फोर्स तैनात की जाए ज्ञापन देने वालों में अमित कुमार आजाद सुरजीत सिंह फिरोज रजा मंसूरी रामू सिंह सुनील कुमार रजनीश कन्नौजिया बसपा नेता महेश गौतम परमजीत सिंह राजेश्वर सिंह जाटव आदर्श कुमार गौतम अमित कुमार वाल्मीकि बलकरण गौतम नीरज गौतम अजय कुमार बसपा जिला अध्यक्ष हरिराम कश्यप सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहन हाथी को वन विभाग के सुपुर्द करने का आदेश

**सुल्तानपुर।** हलियापुर में पकड़े गए पालतू नर हाथी मोहन को अब वन विभाग की देखरेख में रखा जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सीजेएम ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया। यह निर्णय वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा दाखिल किए गए प्रार्थनापत्र के आधार पर लिया गया।सीजेएम के आदेश के अनुसार अब हाथी की सुरक्षा चिकित्सकीय देखभाल संरक्षण और देखरेख की पूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग निभाएगा। 14 जुलाई को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर थानाक्षेत्र में एक पालतू हाथी पकड़ा गया था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों से जब हाथी का लाइसेंस मांगा गया,तो संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके। इस पर वन विभाग ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दाखिल कर हाथी को सुपुर्द किए जाने की मांग की थी।इस मामले में हाथी के महावत रोज़न अली और कथित मालिक रेशमा देवी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कराया गया है। अब वन विभाग मोहन हाथी की देखभाल की व्यवस्था करेगा और उसे सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील महसी में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- समस्याओं का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के दिये गये निर्देश
- 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 02 बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला अधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम. नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिला अधिकारी आलोक प्रसाद, सीओ डी.के. श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरयादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए समस्याओं का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराये जाने के सम्बन्धित अधिकारियों को निदेश दिये गये। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया की जन शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाय ताकि फरयादियों को अनाश्यक भाग दौड़ न करनी पड़े।

ग्राम रहुवामंसूर की सुघरा देवी का परिवारिक विवाद, गनियापुर के देवकीनन्दन मिश्रा चकमार्ग से अवैध कब्जा हटाने, मकरन्दपुर के राधेश्याम सिंह पैमाईश कराने, साईगांव के तुलसीराम की चकमार्ग पैमाईश, तेजवापुर के जगदीश खेत से अवैध कब्जा हटाने सहित अन्य फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाय ताकि फरियादी भी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी ग्राम भिलौरा की दिव्यांग फरियादी मंगला को डीएम ने ट्राई साईकिल देने के लिए जिला दिव्यांगजन शक्तिकरण अधिकारी को मौके पर ही निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस, कृषि, स्वास्थ्य इत्यादि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण किया। आईसीडीएम विभाग के स्टालों का डीएम व एसपी ने निरीक्षण कर गर्भवती महिला मंजूदेवी, रंजना, रूबीना खातून, शमा बेगम, मीना देवी व रामजानकी की गोदभराई तथा आयूष व अयांश का अन्नप्रासन्न कराया।

## इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व निर्धारित तिथि में हुआ परिवर्तन

**बहराइच।** अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि 19 जुलाई 2025 में संशोधन हो गया है। श्री रंजन ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह परीक्षा पूर्व निर्धारित स्थान राजकीय इण्टर कालेज में 26 जुलाई 2025 कोदो पालियों में सम्पन्न होगी। हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट की लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 प्रथम पाली में प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट लिखित परीक्षा 26 जुलाई 2025 को द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में सम्पन्न होगी। श्री रंजन ने बताया कि आयोजित होने वाली परीक्षा को नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी रिसिया पुष्पेन्द्र जैन को क्रमशः ज़ोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# एफएच मेडिकल कॉलेज में 10 माह के शिशु की जटिल सर्जरी सफल

- आठ घंटे की सर्जरी के बाद बच्चा पूर्णतः स्वस्थ होकर घर लौटा

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** एफएच मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में एक 10 माह के शिशु की अत्यंत जटिल सिस्ट की सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। शिशु का कुल बायिल बिन स्तर 23 तक पहुँच गया था और वजन मात्र 7 किलो ग्राम था। लगभग 8 घंटे तक चले इस ऑपरेशन को बाल शल्य चिकित्सक डॉ.राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सर्जिकल, एनेस्थीसिया और पीडियाट्रिक विशेषज्ञों की टीम ने पूर्ण किया। ऑपरेशन के पश्चात बच्चा अब पूर्णतः स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। शिशु को गंभीर पीलिया उल्टी भूख न लगना और मल का रंग फीका पड़ने की शिकायत के साथ हॉस्पिटल लाया गया था। जाँच में सिस्ट (बाइल डक्ट में जन्मजात विकृति) की पुष्टि हुई,जो यदि समय पर इलाज न हो तो जानलेवा हो सकती है। डॉ.राहुल देव शर्मा बाल शल्य चिकित्सक ने बताया यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि छोटे बच्चे में इतने उच्च बिलि बिन के साथ लंबी सर्जरी करना जोखिम भरा होता है। हमारी पूरी टीम की मेहनत,समन्वय और निरंतर निगरानी ने इसे संभव बनाया। आज बच्चा स्वस्थ होकर अपने माता-पिता के साथ घर जा रहा है इससे बड़ी उपलब्धि कोई नहीं।डॉ.अवनीश सक्सेना प्रमुख सर्जरी विभाग ने कहा यह केस मेडिकल कॉलेज में बाल शल्य चिकित्सा की क्षमता और गुणवत्ता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इतनी जटिलता के बावजूद ऑपरेशन का निष्पादन प्रशंसनीय रहा। डॉ.सोनिया भट्ट प्रमुख बाल रोग विभाग ने बताया बच्चे को में विशेष देख रेख में रखा गया था। हमने हर पैरामीटर को बारी की से मॉनिटर किया। यह बच्चा अब सामान्य गतिविधियाँ कर रहा है और उसका भूख वजन व विकास पूरी तरह ठीक है। डॉ.प्रिया शर्मा प्रमुख एनेस्थीसिया विभाग ने बताया कि 7 किलो के शिशु में 8 घंटे की एनस्थीसिया देना एक बड़ी चुनौती थी। हमने मल्टी मॉडेल मॉनिटरिंग और फ्लूइड मैनेजमेंट का विशेष ध्यान रखा। हमारी टीम के सामूहिक प्रयासों ने ही यह सर्जरी सफल बनाई। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि यह केस कॉलेज की बाल चिकित्सा, शल्य चिकित्सा एनेस्थीसिया और नवजात देखभाल इकाइयों के बीच तालमेल और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। हॉस्पिटल आने वाले समय में भी इसी तरह की उच्चस्तरीय विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान करता रहेगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में माह जुलाई के तृतीय शनिवार को तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विभागों की शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उन विभागों के अधिकारी सन्दर्भित प्रकरण को गंभीरता से देखे और उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चित करें।

# अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें : राजेश द्विवेदी

- साइबर क्राइम से भी सावधान रहे छात्र

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनराज्य फ्रंट इंडिया की ओर से शाहजहांपुर में चलाए जा रहे यूथ फॉर इंडिया अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम जनपद शाहजहांपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ जिसमें जनपद शाहजहांपुर के लोकप्रिय मृदुभाषी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही उक्त अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मुक्त कंठ से संपूर्ण जिले में जन राज्य फ्रंट इंडिया संगठन की ओर से यातायात सड़क सुरक्षा मिशन शक्ति डिजिटल अरेस्ट वृहद वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण रूपी मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मीरा पांडे अंशु को उनकी समस्त टीम सहित बधाई प्रेषित की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खचाखच भरे हुए जीआईसी के सभागार में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में आप सभी अपनी शैक्षिक गतिविधियों को संचालित करने के साथ-साथ यातायात सड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं व अपने परिजनों को भी अनुपालन करने हेतु जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएं। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित छात्रों को वर्तमान समय में घटित डिजिटल अरेस्ट संबंधी समस्या से सावधान रहने व उससे बचाव की जानकारी अपने उद्बोधन के माध्यम से प्रदान की। मुख्य अतिथि ने छात्रों से कहा कि आप सभी छात्रों को समस्त डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहने की आवश्यकता है। यातायात के नियमों का अनुपालन करने की कड़ी में छात्रों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की की शपथ दिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने छात्रों से कहा कि आप भी पढ़ लिख कर आई. ए एस. /आईपीएस बनने के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण में अपनी विभिन्न भूमिकाओं को तय कर सकते हैं देश की सेवा एक अच्छे नागरिक बनकर ही की जा सकती है।उन्होंने छात्रों से अपने-अपने स्तर से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की भी अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित छात्रों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न किए जिनका उपस्थित छात्रों ने उत्तर दिया तथा विभिन्न छात्रों के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न किए गए जिनका अत्यंत हृदय स्पर्शी उत्तर देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समस्त छात्रों का हृदय जीत लिया जिसके परिप्रेक्ष्य में समस्त छात्रों ने तालियों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनराज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयोजक अजय मीरा पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

- 47 में से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ संपूर्ण जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद में आयोजित किया गया, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तहसील शिकोहाबाद के सुदूर क्षेत्रों से आए फरियादियों की व्यथा को सुना, उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण के आदेश दिए, इस दौरान अधिकतर मामले राजस्व के, कानून व्यवस्था संबंधित, रजिस्ट्री संबंधित, शिक्षा, पंचायत, चिकित्सा संबंधी, नगर पालिका इत्यादि से संबंधित मामले आए, जिनमें से जिलाधिकारी ने कुछ का तत्काल निस्तारण किया और कुछ के अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए, एक फरियादी ने जिलाधिकारी से फरियाद की, की उसके कूल्हे का ऑपरेशन होना है परंतु उसके पिता के नाम से त्रुटि होने के कारण उसका इलाज संभव नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में आयुष्मान कार्ड में मेरे पिता का नाम सही करने का आदेश संबंधित को देने का कष्ट करें, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को इस समस्या का तुरंत निस्तारण करने का आदेश दिए। एक शिकायतकर्ता दिवारी लाल ने शिकायत की, की उसकी बस्ती गिहार में पानी भर जाने के कारण तमाम तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है, जिलाधिकारी ने ई0ओ0 शिकोहाबाद को उसकी समस्या को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिए, इसी तरह शिकायतकर्ता वीरेंद्र सिंह, राम सिंह, बलबीर सिंह, लाखन सिंह ने ई0ओ0 नगर पंचायत एका की शिकायत की, की नगर पंचायत एका द्वारा जबरन बिना भूमि की पैमाइश कराए प्रार्थीगण की भूमि पर ट्रैक्टर चला दिया गया है तथा जे0सी0बी0 से गलत तरीके से मेढबंदी डाल दी है, जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी की टीम से संयुक्त जांच करने के निर्देश दिए, इसी तरह रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम यादव ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि सिरसागंज तहसील के सृजन के उपरांत तहसील जसराना के करीब 70 ग्रामों को शिकोहाबाद तहसील में समायोजित किया गया था, इन 70 ग्रामों का निबंध कार्य नियम अनुसार सब रजिस्ट्रार कार्यालय में होना चाहिए, लेकिन निबंधन कार्य सब रजिस्ट्रार जसराना में हो रहा है जो नियम विरुद्ध है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि 70 ग्रामों का निबंधन कार्य सब रजिस्ट्रार कार्यालय शिकोहाबाद में प्रारंभ कराया जाए, जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया, कि जल्द ही इस संबंध में कृत कार्यवाही से आप सबको अवगत कराया जाएगा, इस अवसर पर कुल 47 शिकायतें आई और मौके पर जिलाधिकारी ने 10 का निस्तारण किया और शेष शिकायतों का अधिकारियों को निस्तारण करने के आदेश दिए, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद डॉ गजेंद्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राम बदन राम आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## सूचना

मैं महेन्द्र पाल दि. 15.7.2025 की सांय 3.30 कोर्ट रोड़ से दुकान में बैनामे फोटोस्टेट कराने गया था मेरा असल बैनामा सम्पत्ति रकबई 75 वर्गगज स्थित सन्त नगर,ढमोला किनारे, निकट अलसी बाग,सहारनपुर, जिसका विक्रेता सतपाल पुत्र रिखीराम निवासी अकलसिया रोड कालोनी, सहारनपुर व क्रेता मेहरपाल पुत्र शम्भूलाल निवासी ग्राम बढेडी घोघू सन्दल सिंह प. हरोडा, त. व ज़ि.सहारनपुर जो बही सं0 1 जिल्द 2625, पृष्ठ 364, एडी बुक नं 1, जिल्द 2645, पेज 363-370, दस्ता.17358 दि016.12.1983 को सब रजिस्ट्रार सहारनपुर में पंजीकृत है वास्तव में गिर गया ढूंढा नहीं मिला यदि मिले तो संपर्क करें।

**पंकज सिंह एड.**
**141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो.9675983535**

## सूचना

मैं मो0अनीस दि.12.7.2025 को 11.30 दिन सिविल कोर्ट स्थित फोटोस्टेट दुकान पर बैनामों की फोटोस्टेट कराने गया था मेरे दो असल बैनामे प्लॉट नं 182 रकबई 70 वर्गगज स्थित वाके दरा कोटतला बैरून प. त. व जिला सहारनपुर दर आबादी कृष्णा सिटी कालोनी सहारनपुर का एक बैनामा, जिसके विक्रेता मनमोहन कृष्ण पुत्र स्व0 बलवन्त सिंह निवासी ज्वाला नगर गली नं0 5 सहारनपुर व प्रीतपाल सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी गुरूद्वारा रोड सहारनपुर व क्रेता श्रीमती ममता पत्नी सतीश कुमार निवासी मौहल्ला शिव चन्द्र विहार कालोनी सहारनपुर, जिसकी बही सं0 1 जिल्द 9342, पृष्ठ 311-328, दस्ता. 7010 दि.13.7.2015 एवं दूसरा बैनामा, जिसकी विक्रेता श्रीमती ममता पत्नी सतीश कुमार निवासी शिवचन्द विहार कालोनी सहारनपुर, हाल निवासी बडी मस्जिद के पास, नूर बस्ती सहारनपुर व क्रेता अहसान पुत्र मौ0 हसन निवासी बडी मस्जिद के पास, नूर बस्ती सहारनपुर, जो बही सं0 1 जिल्द 11774, पृष्ठ 305-338,j दस्ता.2931दि.4.4.2019 को सब रजि01st सहारनपुर में पंजीकृत है,वास्तव में गिर गए हैं ढूंढा नहीं मिले यदि मिलें तो संपर्क करें।

**पंकज सिंह एड.**
**141, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो.967598353**

# गौसेवा के नाम पर हो रही दलाली

- ट्रक एक्सीडेंट मामले में गौ सेवक पर गंभीर आरोप
- प्रशासन से मांग: दलाली करने वाले गौ सेवकों पर रखी जाए नजर

अवधनामा संवाददाता



**5000 में समझौता, इलाज पहले से सरकारी—फिर पैसे क्यों लिए**

विश्व हिंदू महासंघ का आरोप है कि अगले ही दिन 16 जुलाई को आशीष शुक्ला ने ट्रक मालिक से ?5000 इलाज के नाम पर ले लिए, जबकि गोवंश का इलाज पहले से ही जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश यादव की देखरेख में सरकारी व्यवस्था से चल रहा था। गोवंश मवे बुजुर्ग के एक व्यक्ति की बताई गई, लेकिन उसने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसे न तो गोवंश चाहिए और न ही वह इलाज करवा सकता है। आज, 19 जुलाई को जब इस मामले को लेकर चौकी प्रभारी से जानकारी ली गई तो पता चला कि कथित गौ सेवक आशीष शुक्ला ने ट्रक मालिक से समझौता कर लिया है। वहीं, जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने आज भी गौशाला में पहुंचकर डॉ. यादव को बुलाकर गोवंश का इलाज करवाया। वर्तमान में उक्त गोवंश के दोनों पैर कट चुके हैं और वह अपंग हो चुका है।

**बांदा।** 15 जुलाई 2025 की शाम करीब 5 बजे सर्किट हाउस के पास एक ट्रक से गोवंश का दर्दनाक एक्सीडेंट हो गया। इस घटना की सूचना विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति को गौ सेवक वीरेंद्र कुमार द्वारा दी गई। सूचना मिलते ही जिला अध्यक्ष ने तत्काल पशु विभाग को सूचित किया। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गोवंश का इलाज शुरू किया गया। साथ ही नगर कोतवाली पुलिस को भी अवगत कराया गया, जिन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

16 जुलाई को समिति अध्यक्ष ने नगर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर ट्रक चालक और मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। लेकिन इस पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसी बीच स्वयं को गौ सेवक बताने वाला एक व्यक्ति, आशीष शुक्ला, घटनास्थल पर पहुंचा और गोवंश को नगर पालिका गौशाला भिजवाया।

समिति का कहना है कि जब इलाज पहले से ही सरकारी डॉक्टर कर रहे थे, तो इलाज के नाम पर पैसे लेने की क्या आवश्यकता थी? इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट होता है कि कुछ लोग गौ सेवा की आड़ में दलाली कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों पर जिला प्रशासन को कड़ी नजर रखने की आवश्यकता है ताकि समाज में गुमराह करने वाले तथाकथित सेवकों पर अंकुश लग सके।

## द्वितीय चरण चयन परिणाम घोषित

**फिरोजाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर जारखी, फिरोजाबाद में प्रवेश सत्र 2025-26 (एक वर्षीय) एवं सत्र 2025-27 (दो वर्षीय) का द्वितीय चरण व प्रथम चरण के आवंटन के पश्चात उच्चीकरण का चयन परिणाम घोषित किया गया है। चयन परिणाम के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निम्नवत है। यदि अभ्यर्थी का चयन हुआ है तो उसका बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा, जिसका प्रिन्ट वह प्राप्त कर सकता है। आभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दिये गये माबाईल नम्बर पर चयनित अभ्यर्थी को उसके चयन की सूचना एस0एम0एस द्वारा भी दी जा रही है।चयन न होने की दशा में उसकी रैंक सूचना सहित प्रदर्शित होगी तथा अभ्यर्थी को अगले चरण की प्रतीक्षा करनी होगी। चयनित अभ्यर्थी अपने बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण पत्रों, अंकपत्रों की प्रति एवं उनकी एक एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्बन्धित चयनित संस्थान के प्रधानाचार्य से अन्तिम निर्धारित तिथि के पूर्व सम्पर्क करके संस्थान में उपलब्ध चयन लिस्ट से जांच करवाने के उपरान्त प्रवेश लें। अभ्यर्थी बुलावा पत्र में अंकित विवरण के अनुसार संस्थान में प्रवेश के समस अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भाग लेने की स्थिति के अनुसार थ्तमम्रम (स्थिर) एवं थ्सवंज (विस्थपित) उपरोक्त दोनों विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी।

# मेडिकल कॉलेज में पोर्टेबल, डिजीटल व ऐक्स-रे सुविधा है उपलब्ध

- तकनीकी खराबी दुरुस्त चंद घंटे में पुनः सीटी स्कैन मरीजों के लिए शुरू : सीएमएस

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मेडिकल कॉलेज से ट्रामा सेंटर व सीटी स्कैन तक की जिम्मेदारी को मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ. आरके मिश्रा बखूबी निभा रहे हैं। शुक्रवार को अचानक तकनीकी खराबी आ जाने की वजह से सीटी स्कैन मशीन का संचालन ठप्प पड़ गया, ऐसा ही हाल कुछ एक्स-रे व अन्य उपकरणों में भी देखा जा रहा था, जिसके चलते आए दिन मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए सरकारी स्वास्थ्य सुविधा ही मात्र एक विकल्प है, और वह भी कभी सीटी स्कैन मशीन खराब तो कभी एक्सरे सुविधा बंद तो कभी मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य व्यवस्था धड़ाम हो जाना,जो दूर-दराज से आने वाले मरीजों के लिए काफी कष्टदायक हो गई थी, मामले को मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ. आरके मिश्रा ने गंभीरता से लेते हुए 4 पोर्टेबल,डिजीटल व एक्सरे सुविधा बहाल करवाते हुए कर्मियों को निर्देशित किया है कि मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं किसी भी प्रकार बाधित नही होनी चाहिए, सीटी स्कैन, एक्सरे आदि में कोई समस्या हो तो फौरन कार्यालय को सूचित करें, जिससे समय रहते तकनीकी खराबी को दुरूस्त करवा लिया जाए, मरीजों को मजबूरी किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए, साथ ही सीएमएस डॉ. आरके मिश्रा द्वारा शुक्रवार को सीटी स्कैन मशीन में आई तकनीकी खराबी को अविलंब दुरूस्त करवाते हुए मरीजों के लिए पुनः बहाल करवा दिया है। देर से सीटी स्कैन मशीन शुरू होने के बाद भी लगभग शनिवार को दर्जनों मरीजों को सीटी स्कैन की सुविधा प्राप्त हुई।

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी.
दिनाँक 12.06.2025 का पहला शुद्धिपत्र

संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी-ई.पी.सी./प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक :18.07.2025

दिनांक 13.06.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 1-W/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी- ई.पी.सी. दिनाँक 12.06.2025 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 12.07.2025 | 04.08.2025 |
| 2nd प्री बिड मीटिंग (यदि आवश्यक) | 21.07.2025 | 07.08.2025 |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 28.07.2025 | 20.08.2025 |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/देखने की अंतिम तिथि | 21.08.2025 | 12.09.2025 |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 21.08.2025 | 12.09.2025 |
| क्लॉज संख्या 2.11.2 मे सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | 26.08.2025 समय 17.00 बजे तक | 17.09.2025 समय 1700 बजे तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि | 26.08.2025 समय 17:00 बजे के बाद | 17.09.2025 समय 17:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2186/25

# तहसील जसवन्तनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील जसवन्तनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील जसवन्तनगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी जसवन्तनगर कुमार सत्यमजीत, मुख्य चिकित्साधिकारी बृजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर आयूषी सिंह सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यात्रा में शामिल संतों ने शिवद्वार धाम में टेका मत्था

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** घोरावल के शिवद्वार धाम में शुक्रवार की देर शाम गुप्त काशी दर्शन यात्रा का आगमन हुआ। इस दौरान अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, विहार, झारखंड, अमरकंटक आदि प्रांतों के यात्रा में शामिल पूज्य संतो का शिवद्वार मंदिर के प्रधान पुजारी सुबाष गिरी, मोहित, राघवेंद्र व शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। बाद संतों ने भगवान उमा महेश्वर का विधिवत दर्शन-पूजन किया। मुख्य पुजारी सुबाष गिरी ने बताया कि शिवद्वार धाम में विराजमान भगवान की प्रतिमा अलौकीक है। यहां भगवान प्रणय मुद्रा में विजमान हैं। मूर्ति काले पत्थर से बनी हुई है। भगवान शंकर के पैर पर माता गौरी जी विराजमान हैं। भगवान शिव चतुर्भुज रूप में है। उनके एक हांथ में त्रिशूल है। दूसरे हांथ से वे माता जी के मुख को स्पर्श किए हुए हैं, तीसरे हांथ से दर्पण दिखा रहे हैं तो चतुर्थ हांथ से माता जी के बाह को पकड़े हुए है। एसी अद्भुत प्रतिमा देखकर छवि चित्त में बस जाता हैं और दर्शन मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि गुप्त काशी दर्शन यात्रा में पधारे पुज्यसंत समाज, जनप्रतिनिधि एवं भक्तों का मंदिर समिति की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। प्रकृति, पर्यावरण व सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए पूरे भारत के धर्मानुलंबियों को जोड़कर विश्व के कल्याण के लिए यह यात्रा निकाली गई है। गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के संरक्षक रवि चौबे की अध्यक्षता में संतों ने श्रीराम कथा का व्याख्यान किया। मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे के अलावा माला चौबे, रमेश मिश्रा, सौरभ कांत तिवारी, संदीप यादव, विनीत, शामा, संजय गुप्ता, अमित मिश्रा, कृष्ण कांत दूबे आदि मौजूद रहे।

## बीमारे कर्बला की याद में सालाना मजलिस, आग पर मातम 21 जुलाई को

**इटावा।** अंजुमन हैदरी की ओर से बीमारे कर्बला इमाम ज़ैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम की शहादत पर 44 वीं सालाना मजलिस, शब्बेदारी और आग पर मातम का आयोजन 21 जुलाई दिन सोमवार को किया जाएगा। अंजुमन हैदरी के संरक्षक राहत अक़ील, अध्यक्ष इंतजार नक़वी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी व सेकेट्री राहत हुसैन रिज़वी ने बताया कि पहली मजलिस सुबह 10 बजे दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर होगी, मजलिस में मौलाना सैयद नदीम असग़र बनारस तक़रीर करेंगे। चौथे इमाम बीमारे कर्बला हज़रत इमाम ज़ैनुल आबेदीन के ताबूत की ज़ियारत बरामद होगी, अंजुमने हैदरी इटावा, अंजुमन लश्करे मेंहदी लखनऊ मातमी नोहा ख्वानी करेंगीं। दूसरी मजलिस रात 9 बजे बड़ा इमामबाड़ा पक्की सराये इटावा पर होगी मजलिस मे मौलाना सैयद नदीम असग़र बनारस तक़रीर करेंगे। मजलिस के बाद आग पर मातम होगा। मौला अब्बास के अलम की जियारत बरामद होगी। अंजुमन हैदरी इटावा, अंजुमन लश्करे मेंहदी लखनऊ, अंजुमन मुहाफ़िजे अज़ा सिंगरौसी उन्नाव और अंजुमन हैदरी जलाली अलीगढ़ मातमी नोहाख्वानी कर शबबेदारी करेंगी।

# कांग्रेसियों ने मनाई प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे की जयंती



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आज़ादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.मंगल पांडे की जयंती पर शनिवार को कांग्रेसियों ने नुमाइश पंडाल में स्थित शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल इनफेंट्री में तैनात पं.मंगल पाण्डेय ने अंग्रेज़ी सम्राज्य द्वारा भारतीय समाज की भावनाओं के साथ किये जा रहे अपमान का खुले तौर पर विरोध किया। उनके द्वारा लगाए गए विद्रोह की इसी चिंगारी का परिणाम था कि 10 मई 1857 को मेरठ छावनी में सैनिकों द्वारा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध बग़ावत का बिगुल फूंका गया। देखते ही देखते यह आक्रोश पूरे उत्तर भारत में फैल गया, जिससे अंग्रेजों को स्पष्ट संदेश मिल गया भारत पर राज्य करना उतना आसान नहीं है, जितना वे समझ रहे थे। उक्त उद्गार मंगल पांडे जयंती के उपलक्ष में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि सिपाही विद्रोह के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे ने जब 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर में ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करके क्रांति की शुरुआत की थी।

तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा यह महान योद्धा इतिहास के पन्नों में अमर हो जाएगा। देश के हर नागरिक का उत्तरदायित्व बनता है कि वह आज प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करे। कांग्रेसियों ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाई। इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रशान्त तिवारी, वाचस्पति द्विवेदी, प्रेरणा ज़ुबैरी, शौजैब रिज़वी, सरला जाटव, प्रदीप दुबे, अतुल भदौरिया, धर्मेन्द्र सिंह पूनिया, गौरव दुबे, अमन तिवारी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# मंगल पांडेय की जयंती मनाते भाजपाई



धूमधाम से मनायी गई मंगल पांडेय की जयंती

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** नगर में शनिवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडेय की धूमधाम से जयंती मनायी गई। भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि मंगल पांडेय एक भारतीय सैनिक थे, जिन्होंने सन् 1857 के भारतीय विद्रोह की घटनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसके परिणाम स्वरूप ईस्ट इंडिया कंपनी का विघटन हुआ और सन् 1858 के भारत सरकार अधिनियम के माध्यम से ब्रिटिश राज की शुरुआत हुई। वे बंगाल नेटिव इन्फैंट्री की 34वीं रेजिमेंट में एक सिपाही थे। सन् 1984 में भारत गणराज्य ने उनकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया।

उनके जीवन और कार्यों को कई भारतीय सिनेमाई प्रस्तुतियों में भी चित्रित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश केसरी, महामंत्री पीयूष त्रिपाठी, अनुपम, रितु अग्रहरि, धीरेंद्र पांडेय, राकेश सोनी, अभिषेक गुप्ता, धर्मवीर त्यागी, आनंद जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, संतोष भारती, रीता गुप्ता, आलोक रावत, राहुल शर्मा, दुर्गेश केडिया, अविनाश शुक्ला, अंशु अग्रहरि, सत्यम सोनी आदि मौजूद रहे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शहर इकाई का पुनर्गठन

**इटावा।** प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चौहान की उपस्थिति में सैंफई रोड आईटीआई के पास स्थित होटल कृष्णा पैलेस में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा शहर इकाई का जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया। कमेटी में दिनेश यादव कजरिया को इटावा शहर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। शहर महासचिव विवेक यादव, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार बनाये गये, शहर उपाध्यक्ष का दायित्व सर्व श्री आशीष भदौरिया, उमाकांत दीक्षित, मु दिलशाद पहलवान, योगेश पांडे, मयंक यादव, पिन्टू पाल, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, रजत यादव, अजय यादव, दीपराज यादव, विकास चौहान, कुलदीप यादव, गौरव यादव, देवेन्द्र यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, प्रदीप यादव, अरुण यादव को सौंपा गया, शहर सचिव शाहरुख, धर्मेन्द्र यादव, केतन कुमार, संदीप कुमार, विकास यादव, रजत ठाकुर, आशुतोष यादव, सौरभ यादव, अमन यादव, दीपू शर्मा, संजीव कुमार, पंकज कुमार को बनाया गया।

# रागौल रेलवे स्टेशन पर संविदा कर्मियों की मनमानी, यात्री हो रहे परेशान

अवधनामा संवाददाता



टिकट ब्लैकिंग, असामाजिक तत्वों की मौजूदगी और बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

**मौदहा हमीरपुर।** रागौल रेलवे स्टेशन पर इन दिनों अव्यवस्थाएं चरम पर हैं। संविदा कर्मियों की लापरवाही और मिलीभगत से जहां एक ओर टिकट ब्लैकिंग खुलेआम की जा रही है, वहीं दूसरी ओर स्टेशन परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। यात्रियों को न तो बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं, न ही स्टेशन पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतज़ाम है।

इलाहाबाद (प्रयागराज) स्थित वरिष्ठ रेलवे प्रबंधक को भेजे गए एक शिकायती पत्र में बताया गया है कि रिजर्वेशन काउंटर खुलने से पहले ही अधिकतर टिकट संविदा कर्मियों द्वारा ब्लैक में ऊंचे दामों पर बेच दिए जाते हैं। इससे आम यात्रियों को समय पर टिकट नहीं मिल पाते और उन्हें दलालों के पास जाकर महंगे दामों पर टिकट खरीदने को मजबूर होना पड़ता है।

शिकायत में यह भी उल्लेख है कि संविदा कर्मचारी आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को परिसर में बुलाकर बैठाते हैं और स्टेशन से जुड़ी जानकारी भी साझा करते हैं, जिससे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरे तो हैं, लेकिन उनकी निगरानी व्यवस्था सक्रिय नहीं है। आए दिन चोरी, झगड़े और अन्य घटनाएं घटती रहती हैं, जिन पर नियंत्रण के लिए कैमरों की निगरानी अनिवार्य बताई गई है।

इसके अतिरिक्त, यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है और एलईडी डिस्प्ले बोर्ड भी प्रयाप्त संख्या में नहीं हैं, जिससे उन्हें अपने कोच और बर्थ ढूंढने में परेशानी होती है।

स्टेशन के अंडरपास, विशेषकर गेट नंबर 19 और 20 में भारी अंधेरा और जलभराव हमेशा बना रहता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को दुर्घटना का डर बना रहता है। शिकायतकर्ता ने यह भी मांग की है कि बीमार, वृद्ध और दिव्यांग यात्रियों के लिए ऑक्सीनेटर अथवा व्हीलचेयर जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे एक प्लेटफॉर्म से दूसरे तक आसानी से जा सकें। यात्री ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए।

## इटावा में अब अपराधियों की ख़ैर नहीं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में मुख्यालय लखनऊ यू.पी.112 के द्वारा संचालित द्वितीय चरण में जनपद इटावा को आवंटित 01 इनोवा, 09 नई स्कार्पियो कारों को हरी झंडी दिखाकर थानो पर रवाना किया। पीआरवी-112 त्वरित पुलिस सहायता सेवा का अहम हिस्सा है, जो आम जनता को संकट की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करती है। उन्होंने सभी पीआरवी कर्मियों को सतर्कता, संवेदनशीलता तथा अनुशासन के साथ ड्यूटी, करने निर्देशित किया साथ ही जनता की शिकायतों पर त्वरित रिस्पांस ही पीआरवी की सफलता की पहचान है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम एवं प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी डायल-112 सहित अन्य पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।1

## गुरु हरि कृष्ण का मनाया गया प्रकाश पर्व



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा रावर्ट्सगंज में सिखों के आठवें गुरु श्री हरि कृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्री अखण्ड पाठकी समाप्ति के बाद कीर्तन दरबार सजाया गया। भाई सुरजन सिंह, बिशन सिंह, दया सिंह ने भजन कीर्तन किया। गुरू साहब का जन्म जुलाई 1656 को कीरतपुर नामक स्थान पर हुआ था। इनके पिता गुरु हरि राय साहब व माता किशन कौर थे। छोटी उम्र में ही गुरु जी को गद्दी पर बैठाया गया। बड़े भाई की शिकायत पर औरंगजेब ने दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली जाते हुए पचोखरा नामक स्थान पर रुके। वहां पर एक ब्राह्मण लाल चन्द रहता था, उसे बहुत घमण्ड था। वह गुरु जी के पास आकर बोला, आप का नाम हरि कृष्ण हैं तो आप गीता के अर्थ सुनाइए। गुरु साहब ने कहा कि आप किसी को भी ले आओ उसी से अर्थ सुना देंगे। लालाचन्द एक ऐसे व्यक्ति को लेकर आया जोकि न तो बोल सकता था और न ही सुन सकता था, गुरु जी ने अपना आशीर्वाद देकर गीता के अर्थ व श्लोक उसे सुनवाए। लालचन्द्र गुरु का शिष्य हो गया। गुरु जी दिल्ली गए वहां वे राजा जय सिंह की कोठी में रुके, परन्तु औरंगजेब से नहीं मिले। अब वहां पर बंगला साहब गुरुद्वारा है। कार्यक्रम की समासी के बाद प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में रनजीत सिंह, दयासिंह, देवेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, संतोष सिंह, जसबीर सिंह, मनजीत सिंह, रवि सिंह, त्रिलोक सिंह, प्रितपाल सिंह, पारब्रहम सिंह, मनमीत सिंह, चरनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ व्यापारियों की बैठक में दी गई जानकारी

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला कार्यालय पर खाद्य विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा विभागीय जानकारी के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए अभिहित अधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि व्यापारियों को खाद्य विभाग के किसी भी अधिकारी से डरने की आवश्यकता नहीं है वह किसी भी प्रकार की मिलावट से दूर रहे उनका किसी भी स्तर पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान सिंह व्यापारियों का दायित्व है कि वह उपभोक्ताओं को बेहतर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराय कोई भी पैकिंग माल यदि खराब आता है तो उसकी जानकारी तुरंत विभाग को दें जिस की बड़ी-बड़ी कंपनियों पर भी कार्रवाई समय से की जा सके और छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न बच सके खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश सिमरिया ने कहा कि अक्सर बाजारों में देखने को मिलता है कि सैंपल के नाम पर व्यापारी भयभीत हो जाते हैं बिना मिलावट के कार्य करने वाले व्यापारियों को सैंपल से डरने की आवश्यकता नहीं है बल्कि सैंपल से उनकी दुकानदारी पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। गोष्ठी में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक दीक्षित राजेश कुमार जैन विनीत कुमार पांडे राजीव पाल जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन युवा जिला महामंत्री अजहर फरीदी युवा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार दुबे गगन पोरवाल अमित दुबे अमित तिवारी दीपक जैन राजेश जैन कपिल पाठक गोविंद कृष्णा भदोरिया राजीव यादव प्रदीप कुमार वेद प्रकाश कमल सिंह कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 65 शिकायतें प्राप्त, तीन का मौके पर निस्तारण

हमीरपुर के सदर तहसील में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जन समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मंशा के अनुरूप नागरिकों की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु तहसील हमीरपुर सदर में शनिवार को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री मीना ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर यदि असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होता है तो संबंधित अधिकारी उसे गंभीरता से पढ़ें और उस पर गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक शिकायत की स्थलीय जांच के उपरांत निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी ए.के. श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर के.डी. शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभावी पैरवी से हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 25,000 जुर्माना

14 वर्षों पुराने मामले में आया फैसला, अभियुक्त ने की थी युवती की हत्या

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर (संवाददाता)।** जनपद हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2010 में दर्ज किए गए हत्या के एक गंभीर मामले में जिला न्यायालय ने 14 वर्षों बाद एक अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व ?25,000 के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह सजा प्रभावी अभियोजन व साक्षियों की समयबद्ध गवाही के चलते संभव हो सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सुमेरपुर में मु0अ0सं0 2040/2010, धारा 302/34, 201/34, 120बी भा0द0सं0 के अंतर्गत अभियुक्त सुभाष चन्द्र सिंह पुत्र स्व. जगरूप सिंह निवासी ग्राम टेढ़ा, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर तथा भूपेन्द्र सिंह पुत्र स्वयंवर सिंह निवासी कचनारी, थाना गैसाबाद, जिला दमोह (मध्यप्रदेश) के विरुद्ध दिनांक 23 अक्टूबर 2010 को वादी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

मामले में आरोप था कि अभियुक्तगणों ने वादी की पुत्री का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध की विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष मो. शरीफ खान द्वारा की गई।

ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के अंतर्गत इस मामले को चिन्हित कर अभियोजन विभाग के समन्वय से प्रभावी पैरवी की गई। एडीजीसी श्री अशोक कुमार शुक्ला की ओर से न्यायालय में प्रस्तुत पक्ष व गवाहों के समयबद्ध साक्ष्य के आधार पर मा. जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हमीरपुर ने अभियुक्त सुभाष चन्द्र सिंह को दोषसिद्ध पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास तथा 25,000 के अर्थदण्ड से दंडित किया। इस दौरान दूसरे अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह की विचारण के दौरान मृत्यु हो गई थी, अतः उसके विरुद्ध कार्यवाही समाप्त कर दी गई। मामले में कांस्टेबल प्रेम कुमार ने पैरोकार के रूप में भूमिका निभाई। यह फैसला जिले में न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्ध न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# मंगल पांडेय की मूर्ति स्थापना को किया भूमि पूजन

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सनातन धर्म पीठ के बैनर तले शनिवार को सदर ब्लाक के गोरारी गांव के अमृत सरोवर पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडेय की जयंती मनायी गई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी पंकज पांडेय ने विधिवत पूजन-अर्चन करके इनके मूर्ति की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि गांव के अमृत सरोवर के भीटे पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडेय की मूर्ति की स्थापना करायी जाएगी। वर्ष 2026 में मूर्ति अनावरण होगा। उन्होंने बताया कि मंगल पांडेय एक भारतीय सैनिक थे, जिन्होंने सन् 1857 के भारतीय विद्रोह की घटनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसके परिणाम स्वरूप ईस्ट इंडिया कंपनी का विघटन हुआ और सन् 1858 के भारत सरकार अधिनियम के माध्यम से ब्रिटिश राज की शुरुआत हुई। वे बंगाल नेटिव इन्फैंट्री की 34वीं रेजिमेंट में एक सिपाही थे। सन् 1984 में भारत गणराज्य ने उनकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। उनके जीवन और कार्यों को कई भारतीय सिनेमाई प्रस्तुतियों में भी चित्रित किया गया है। इस मौके पर राम विलाश पांडेय, राम प्रसाद पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, भानू तिवारी, संत कामेश्वर जी महाराज, कृष्ण भूषण पांडेय, शुभम मिश्रा, मुरारी पांडेय, विंध्याचल सोनी, दयाशंकर पांडेय, विवेक कुमार, राज प्रकाश शर्मा, शिव प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ओबरा तहसील में डीएम बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम ने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। जमीन संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जांच किया जाए। तत्पश्चात न्यायोचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। ओबरा तहसील में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कैम्प में आयुष्मान कार्ड के 9 लाभार्थियों का कार्ड बनाया गया। 5 लाभार्थियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र व 2 लाभार्थी को दिव्यांग पेंशन आवेदन के लिए प्रपत्रों की जानकारी दी गयी। डीएम व एसपी ने जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार आदि के साथ 65 शिकायतें सुनते हुए मौके पर दो मामलों को निस्तारित किया। क्षेत्र में भेजी गई टीम ने 4 प्रकरणों को निस्तारित किया। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 6 मामले निस्तारित हुए। बाकी बचे 59 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर सीएमओ डा अश्वनी कुमार, बीएसए मुकुल आनन्द पांडेय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। राबर्ट्सगंज तहसील में तहसीलदार अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर तहसीलदार अमित कुमार, सीओ सदर व नायब तहसीलदार ने 99 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 18 मामलों को निस्तारित किए। क्षेत्र में भेजी गई टीमों ने 5 प्रकरणों को निस्तारित किया। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में 23 मामले निस्तारित हुए। घोरावल तहसील में उप जिलाधिकारी घोरावल प्रदीप कुमार यादव ने तहसीलदार घोरावल विदित तिवारी, सीओ घोरावल आदि के साथ 87 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 8 मामलों को निस्तारित किया। क्षेत्र में भेजी गई 2 टीमों ने दो प्रकरणों को निस्तारित किया। इस प्रकार कुल 10 प्रकरण का निस्तारण किए गए। दुद्धी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने तहसीलदार अंजनी गुप्ता आदि अधिकारियों के साथ 67 शिकायतें सुनते हुए मौके पर दो मामलों को निस्तारित किया। बाद क्षेत्र में भेजी गई एक टीम ने मौके पर पहुंच कर एक प्रकरण को निस्तारित किया। इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 3 मामले निस्तारित हुए।

# किसानों को प्रोत्साहित करने में जुटी योगी सरकार

- अतिरिक्त लाभ के लिए बाजरा के उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार पौष्टिकता से भरपूर श्रीअन्न की प्रमुख फसल बाजरा के उत्पादन को लेकर किसानो का लगातार उत्साहवर्धन कर रही है। उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाये जाते हैं। बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाये जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती के लिये उपयुक्त नहीं होते हैं। ऐसी भूमि में भी बाजरा की खेती कर किसान अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते हैं परंतु बुवाई से पूर्व भूमि जनित रोगों से बचाने के लिए ट्राइकोडरमा, हारजीएनम 2 प्रतिशत पाउडर का 2.50 किग्रा की मात्रा से भूमि शोधन करना आवश्यक होता है। बाजरा की फसल से 25-30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन0बी0 एच0-5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35-40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है।

### लागत कम, MSP पर बाजरा की खरीद

योगी सरकार राजकीय कृषि बीज भण्डारों के माध्यम से बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध करा रही है, जिससे किसानों की लागत कम हो जाती है, दूसरी तरफ सरकार द्वारा बाजरे की फसल वर्ष 2022-23 से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा का क्रय किया जा रहा है। इससे निःसंदेह ही किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त होने से अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने की संभावना बढ़ सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि खरीफ के मौसम में भूमि की उपयुक्तता के अनुसार बाजरे की खेती कर सरकारी योजनाओं के माध्यम से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिष्टाचार भेंट करते हुए

## सैय्यद सिब्ते रज़ी के निवास पर मजलिस 22 जुलाई को

**लखनऊ।** झारखण्ड, उड़ीसा व आसम के पूर्व राज्यपाल स्व0 सैय्यद सिब्ते रज़ी के लखनऊ स्थित आवास 2/3, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ में 22 जुलाई, 2025 अर्थात 26 मोहर्रम 1447 हिजरी, दिन मंगलवार को रात्रि 8 बजे गत वर्षो कि भांति इस वर्ष भी मजलिस का आयोजन किया गया है। इस मजलिस में सभी धर्मो के लोग एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित होकर हज़रत इमाम हुसैन अ0स0 को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। लिहाज़ा उनकी अज़ीम कुर्बानी और शिक्षाओं के पेशे-नज़र प्रख्यात शिया धर्मगुरू सैय्यद हमीदुल हसन साहब मजलिस को सम्बोधित करेंगे। बादे मजलिस मातमी अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाज़नी करेंगी। महिलाओं की मजलिस इसी इमामबाडे में 23 जुलाई 2025, बुधवार को प्रातः 10 बजे होगी जिसको मोहतरमा नसीम सुबही साहिबा सम्बोधित करेंगी।

# डबल इन्जन सरकार-जा रही जनता के द्वार

- ग्राम चौपालो (गांव की समस्या गांव मे समाधान) के माध्यम से किया जा रहा है ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान
- ग्राम चौपालों में 05 लाख 34 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण
- अब तक 01 लाख 52 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन
- शुक्रवार को 1307 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या -गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उन्होंने निर्देश दिये है कि ग्राम चौपालो मे स्वयं सहायता समूहो की सदस्य महिलाये और सोशल आडिट कर्मचारी भी मौजूद रहें।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1307 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3332 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 3122 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5670 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 64 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि लगभग 2.5 साल से ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। 01 लाख 52 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 98 लाख से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 05 लाख 34 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## आग पर मातम कल



**लखनऊ।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 25 मोहर्रम अर्थात 21 जुलाई 2025 को रात्रि 9 बजे इमामबाड़ा डिप्टी इकराम हुसैन, मशकगंज में आग पर मातम होगा। कार्यक्रम के संयोजक श्री ज़व्वार हुसैन ने बताया कि सर्वप्रथम मौलाना सक़लैन आब्दी साहब मजलिस को सम्बोधित करेंगे। उसके बाद आग पर मातम होगा। साथ ही साथ छुरियों का मातम भी होगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय तथा दूसरे शहरों की अन्जुमनें भी रात भर नौहाख्वानी करेंगी। कार्यक्रम में सभी धर्म एवं सम्प्रदाय के लोग बड़ी श्रद्धा के साथ शिरकत करते हैं। पूर्व की भांति इस वर्ष भी वर्तमान विधायक श्री रविदास मेहरोत्रा कार्यक्रम में शिरकत करके हज़रत इमाम हुसैन अ0स0 को श्रद्धांजलि पेश करेंगे।

# अश्लील वीडियो की धमकी के बाद किशोरी ने की आत्महत्या

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां 18 वर्षीय किशोरी ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के परिवार ने इस घटना के लिए आदित्य नाम के एक युवक को जिम्मेदार ठहराया है, जिससे युवती पिछले करीब डेढ़ साल से प्रेम संबंध में थी। मृतका के पिता सुरेश कुमार ने काकोरी कोतवाली में आदित्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आदित्य ने उनकी बेटी से शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत के अनुसार, जब किशोरी ने आदित्य पर शादी के लिए दबाव डाला, तो उसने न सिर्फ शादी करने से साफ इनकार कर दिया, बल्कि उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। आदित्य ने किशोरी को धमकाया कि अगर वह उसके पीछे पड़ी तो वह उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। पिता सुरेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया है कि इसी धमकी से परेशान होकर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार, आरोपी आदित्य न्यू आदर्श हॉस्पिटल, लालाबाग में काम करता है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थना पत्र में दिए गए लिखित आदेश के आधार पर संबंधित धाराओं में आदित्य के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर इस पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# समाजवादी मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राम मिलन यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक का संचालन प्रमोद पटेल राष्ट्रीय महासचिव प्रवक्ता ने किया बैठक में मौजूद रहे आसिफ़ इक़बाल जैदी राष्ट्रीय महासचिव मजदूर सभा भी मौजूद रहे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने कहा कि पिछले 8 वर्षो से न्यूनतम मजदूरी का लाभ मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार मजदूरों दलितों पिछड़ों और वंचितों के खिलाफ है इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि आज कई महीनो से उत्तर प्रदेश में श्रम पोर्टल बंद पड़ा है। श्रम पोर्टल के बंद होने से उत्तर प्रदेश में करोड़ों मजदूर को उन योजनाओं से वंचित किया गया है जिसके वह हकदार हैं आज के समय में मजदूर भुखमरी की कगार पर खड़ा है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की अर्थनीति व्यापार नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की मासूम जनता को मंदिर मस्जिद में उलझा रखा है आज मजदूर अपने परिवार को 2 जून की रोटी खिलाने में असमर्थ है और जहां तक शिक्षा की बात है भाजपा सरकार ने गरीब कमजोर दलित पिछड़ों के लिए सरकारी स्कूलों को बंद करके गरीबों को शिक्षा से दूर कर दिया है। इसका जीता जागता उदाहरण है कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में हजारों स्कूलों को बंद कर रही है भाजपा अमीरों और पूंजी पतियों की पार्टी है उत्तर प्रदेश का मजदूर आशा भरी उम्मीद के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ देख रहा है उत्तर प्रदेश के मजदूरों ने ठान लिया है कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। उत्तर प्रदेश ट्रेड यूनियन कांग्रेस केंद्र के महामंत्री प्रमोद पटेल ने कहा कि कई जिलों में जाकर मजदूरों की स्थिति को देखा और समझा है आज मजदूर मर मर के जी रहा है मजदूर की सच्चाई को उजागर करने में पटेल जी का बहुत योगदान है।

## अफहाम-ए-जमा सोसाइटी ने मुलाकात के लिए लिखा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र

**लखनऊ।** हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट के सम्बन्ध में भेंटवार्ता हेतु समय देने के लिए अफहाम-ए-जमा सोसाइटी ने मुलाकात के लिए लिखा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा।पत्र में कहा गया कि अफहाम-ए-जमा सोसाइटी एक जनहित सेवा संस्था है जो पिछले काफी समय से जनहित के कार्यो को अंजाम दे रही है। अफहाम-ए-जमा सोसाइटी का एक प्रतिनिधि मण्डल आपसे भेंटवार्ता करके आपको एक ज्ञापन देना चाहता है सोसाइटी आपको पूर्व में दिनांक 7.6.2013, 28,.06.2013, 27.08.2013, 08.10.2013, 16.01.2014, 05.06.2014, 12.06.2014, 18.02.2015, 06.09.2019, 28.07.2020, 15.07.2023, 03.08.2023, 09.11.2023, 23.07.2024 को आपसे भेंटवार्ता करने के लिए पत्र भेज चुकी है। इसके अलावा जिलाधिकारी, लखनऊ, चेयरमैन हुसैनाबाद एण्ड एलाइट ट्रस्ट को भी बहुत पत्र भेजे जा चुके हैं और ज्ञापन भी दिये जा चुके हैं लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# चोरों ने बोला बंद घर में धावा, गहने और नकदी लेकर हुए फरार

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा के जमाल नगर इलाके में एक घर में चोरी हुई है। चोरों ने उस घर को निशाना बनाया, जहां के मालिक पिछले दस दिनों से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इस घटना से पीड़ित परिवार सदमे में है और इलाके में डर का माहौल है। गुड्डी यादव नाम की महिला ने बताया कि उनके पति सुरेश यादव कई दिनों से बीमार हैं और लखनऊ के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। गुड्डी देवी अपने पति की देखभाल के लिए अस्पताल में ही रह रही थीं।

शनिवार की सुबह जब गुड्डी देवी कुछ देर के लिए अपने घर वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य ताला टूटा हुआ था। अंदर दाखिल होते ही उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था, अलमारियां खुली थीं और ऐसा लग रहा था कि किसी ने पूरे घर को खंगाला है।

**चोर क्या-क्या ले गए?**

गुड्डी यादव ने तुरंत जांच पड़ताल की और पाया कि चोर उनके घर से कई कीमती सामान ले गए थे। उन्होंने बताया कि चोर दो बड़े बक्से उठा ले गए। इन बक्सों में चांदी की झुमकी, एक जोड़ी पायल (पायजेब), एक सोने की चेन, एक सोने का टीका (माथे पर पहनने वाला गहना), एक सोने का लॉकेट, और 5,000 रुपये नकद शामिल थे। गहनों और नकदी के साथ और बिस्तर सहित अन्य घरेलू सामान भी ले गए थे।



**पीड़िता का आरोप और पुलिस जांच**

गुड्डी यादव ने पुलिस को बताया कि उन्हें शक है कि इस चोरी के पीछे गांव के ही कुछ अज्ञात लोगों का हाथ हो सकता है, जो अक्सर जुआ खेलते हैं। उन्होंने मांग की है कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच करे और चोरों को जल्द से जल्द पकड़े।

स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर से बंद घरों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है।

## दो दिवसीय एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लखनऊ।** आरडीएसओ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) पर आधारित एक विशेष दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उदयबोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम GuVI HCL के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आरडीएसओ के 40 वरिष्ठ अधिकारियों की एआई दक्षता को सुदृढ़ करना है। बोरवणकर ने प्रतिभागियों को उभरती हुई तकनीकों को अपनाने और भारतीय रेल के लिए एआई आधारित नवाचारों को खोजने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में अग्रिम रहने की आवश्यकता पर बल दिया। एचसीएल की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. कीर्ति कर्मचंदानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग और सरकार के बीच सहयोग की महत्ता तथा निरंतर सीखने की संस्कृति को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। यह कार्यशाला भारतीय रेल के आधुनिकीकरण लक्ष्यों के अनुरूप नवाचार और क्षमतावृद्धि के प्रति आरडीएसओ की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पंजाब नैशनल बैंक ने साइबर सुरक्षा हैकाथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पीएनबी ने आज अपने मुख्यालय में कोड अगेंस्ट मैलवेयर हैकाथॉन के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। हैकाथॉन का संचालन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के साथ मिलकर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने व भारत के युवा तकनीकी प्रतिभाओं को जोड़ने के उद्देश्य से किया गया।

समारोह में एम. नागराजू, आईएएस, सचिव डीएफएस ने मुख्य अतिथि के रूप में व आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल, आईबीए के मुख्य कार्यकारी अतुल कुमार गोयल और बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जबकि अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों, जूरी के सदस्यों और छात्र प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।कोड अगेंस्ट मैलवेयर हैकाथॉन का आयोजन की शुरूआत दिसंबर 2024 में किया गया था, जिसमें आईआईटी कानपुर और अन्य प्रमुख संस्थानों के छात्र टीमों को विहेविरियल एनॉलिसिस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ह्यूरिस्टिक तकनीकों का उपयोग करके रैंसमवेयर का पता लगाने के लिए एंडपॉइंट सुरक्षा समाधान विकसित करने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस पहल को जबरदस्त रिस्पांस मिला, जिसमें 90 पंजीकरण हुए और उनमें से 15 टीमें डेवलपमेंट चरण में पहुंचीं। सात वर्किंग प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए गए और उनका मूल्यांकन किया गया। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि एम. नागराजू ने बैंकिंग क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें उभरते डिजिटल खतरों के खिलाफ लचीलापन बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य के मुताबिक हैं।

बैंक के एमडी एवं सीईओ ने अपनी टिप्पणी में नवाचार को बढ़ावा देने, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और उद्योग व शिक्षाविदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

हैकाथॉन के विजेताओं को, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की इसी तरह की पहलों के विजेताओं के साथ मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल (जीएफएफ) 2025 में अपने समाधानों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# मौलाना कल्बे जवाद का अज़ादारों ने नारे लगाकर किया इस्तकबाल



अवधनामा ब्यूरो

- शहीदाने कर्बला की याद में मातम

**लखनऊ।** अंजुमन नासिरुल अजा की चल रही 150 साला शब्बेदारी में मेहमाने खुसूसी के तौर पर मौलाना कल्बे जव्वाद पहुंचे। अजादारों ने नारे हैदरी या अली के नारे लगाकर उनका इस्तकबाल किया गया। मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की अजादारी हमारी रूह व जान है। इसके बिना हम जिंदा नहीं रह सकते। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की राह में जितना खर्च किया जाये वह कम है। इमाम ने अपनी पूरी कायनात अल्लाह की राह में लुटा दी है। इमाम की राह में पैसा खर्च नहीं बल्कि महफूज होता है और इससे कई गुना वापस भी मिलता है। अंजुमन के मुख्य नौहाख्वान रफीकुल हसन ने शब्बेदारी में मौलाना के आने का शुक्रिया अदा किया। शब्बेदारी की तीसरी मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया। मजलिस बाद अंजुमन गुलजारे अहलेबैत, फिरदौसिया कदीम,मेराजुल इस्लाम,मेराजुल मोमेनीन और जफरूल ईमान ने अपने तरही कलाम और नौहे पेश किये। दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में पांच मजलिसों का आगाज हो गया। मजलिस को मौलाना कल्बे अहमद नकवी ने खिताब किया। मजलिसों का आयोजन इदारा नासिराने अब्बास ने किया है। कर्बला दियानुतद्दौला बहादर में मौलाना सैयद सुल्तान हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा कायमा खातून सज्जादबाग कालोनी में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिदे मुर्तुजवी नहरूक्रास रकाबगंज में मजलिस को मौलाना गुलाम रजा ने खिताब किया। इमामबाड़ा जफर रजा हसन पुरिया में मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मजलिस को खिताब किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मजलिस को मौलाना अरशद जाफरी ने खिताब किया। रौजाए सरकारे हुसैन कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना जावेद हैदर जैदी ने खिताब किया।

### कैदखाने शाम का दिलसोज मंजर आज

**लखनऊ।** अंजुमन गुलजारे पंजेतन मुफ्तीगंज द्वारा छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में रविवार को याद-ए-सकीना का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारिया मुकम्मल हो गयी हैं। हजरत इमाम हुसैन (अस.) की मासूम बेटी जनाबे सकीना (स.अ.), जिनकी शहादत जिन्दान-ए-शाम में हुई थी। उन्हीं की याद में यादे सकीना शीर्षक से आयोजित मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास रिजवी दोपहर 3 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद कैदखाना-ए-शाम का दिलसोज मंजर पेश किया जायेगा। इस मंजर को जीशान आजमी बयान करेंगे। इसके बाद अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी।

### यौमे-ए-सज्जाद आज

हज़रत इमाम ज़ैनुल आब्दीन (अ.स.) की याद में रविवार को दोपहर 1 बजे कर्बला करोरी मियां मुंशी मुज़फ्फर अली क़स्बा अमेठी गोसाईगंज में यौमे सज्जाद मनाया जायेगा। कारी मोहम्मद रजा की तिलावत कलाम पाक के बाद मौलाना सैफ अब्बास ख़तिाब करेंगे। बादे मजलिस जुलूस शबीहे ताबूत कर्बला परिसर गश्त कराया जाएगा व अंजुमने नौहाख्वानी करेगी।

### यादे बीमारे कर्बला आज

हजरत इमाम जैनुल आब्दीन (अ.स.) की शहादत की याद में रविवार को रौजए सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में दोपहर 2 बजे यादे बीमारे कर्बला का आयोजन किया जायेगा। यहां मजलिस को मौलाना जावेद हैदर जैदी खिताब करेंगे। मजलिस बाद 18 बनी हाशिम के ताबूत की जियारत करायी जायेगी।

### महिलाओं की मजलिस आज

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में इमामबाड़ा अफसर हुसैन मरहूम छोटे साहब आलम रोड रविवार को शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस को जाकिरा अंसार फातिमा खिताब करेंगी। मजलिस के बाद महिलाएं नौहाख्वानी व मातम करेंगी।